सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 19 अप्रैल, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 105, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**सरकार ने खरीदी 3,40,000 टन तुअर**

सरकार ने मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत इस साल अब तक 3,40,000 टन तुअर (अरहर) की खरीद की है। } 10

**ईपीएफओ में बड़े पैमाने पर डिजिटल बदलाव**

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि ईपीएफओ नौ करोड़ से अधिक लाभार्थियों के वास्ते सेवाएं व्यापक करने के लिए बड़े डिजिटल बदलाव की तैयारी कर रहा है। } 12



## यूनेस्को धरोहर में भगवद गीता व नाट्यशास्त्र

एजेंसी



नई दिल्ली भागवद गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को अंतरराष्ट्रीय धरोहरों के संरक्षण से जुड़ी संस्था-यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया है। इसे लेकर पूरे देश में हर्ष का माहौल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर संस्कृति-पर्यटन मंत्री गजेंद्र शेखावत और दर्जनों हस्तियों ने इस फैसले को लेकर खुशी जताई है।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर यूनेस्को का मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर क्या है? भारत की जिन कलाकृतियों को इसमें धरोहर के तौर पर शामिल किया गया है, वह क्या हैं? इसके अलावा भारत से जुड़ी कौन-कौन सी धरोहरों को इस लिस्ट में शामिल किया जा चुका है?

यूनेस्को असल में संयुक्त राष्ट्र संघ का हिस्सा है। यूनेस्को का पूरा मतलब है- यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल, साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन। जैसा कि नाम से स्पष्ट है, यूनेस्को शिक्षा, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए वैश्विक शांति में सहयोग के लिए स्थापित एजेंसी है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत इसका एक मकसद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राचीन धरोहरों का संरक्षण भी है। इस कार्यक्रम के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ क्षेत्रीय और राष्ट्रीय महत्व के दस्तावेजों के संरक्षण की जरूरत को समझा गया और इसके लिए रजिस्टर तैयार किया गया। इसकी पहचान से जुड़े संग्रहों को चिह्नित भी किया जाता है। इसके जरिए बिना भेदभाव के अहम कलाओं का संरक्षण और उन कलाओं तक ...शेष पृष्ठ 10 पर

## प्रदेश में अगले दो दिन आंधी-पानी के आसार

### आंधी-बारिश, ओलावृष्टि वाले जिलों के अधिकारी पूरी तत्परता से करें राहत कार्य : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गर्मी का सितम जारी है। बीते एक-दो दिनों से प्रदेश में फिर से गर्म शुरू हो गई है। उससे पहले तक प्रदेश में बारिश और तेज हवा चलने से मौसम सुहाना हो गया था। लेकिन बुधवार को लखनऊ, सीतापुर, अमेठी, कासगंज, फतेहपुर, बुलंदशहर समेत अधिकतर जिलों में ठीकठाक गर्मी हुई है। हालांकि मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में प्रदेश का मिजाज फिर से बदल सकता है। प्रदेश में 19 अप्रैल से लेकर 20 अप्रैल तक दोनों हिस्सों में बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावनाएं जताई गई है। साथ ही 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की आसार जताई गई है। साथ ही आगामी दिनों में प्रदेश में तापमान बढ़ सकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि के दृष्टिगत सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नजर रखें। आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि अधिकारीगण सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन करते हुए आख्या शासन को भेजें, ताकि इस सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए। 19 - 20 अप्रैल को प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। जबकि पूर्वी यूपी में कहीं-कहीं पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती है। इस दौरान दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं उष्ण रात्रि होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग की मानें तो गुरुवार को बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, एटा, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर देहात, अलीगढ़, मथुरा और हाथरस जिले में उष्ण रात्रि होने के आसार जताए गए हैं। इसी तरह एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### संभल में 70 अवैध चिकित्सालयों के खिलाफ कार्रवाई

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल जिले में पिछले एक सप्ताह में स्वास्थ्य विभाग ने लगभग 70 झोलाछाप (अयोग्य) चिकित्सकों और अवैध चिकित्सालयों के खिलाफ कार्रवाई की और मामले में 50 से अधिक प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सीएमओ तरुण कुमार पाठक ने बताया कि जिले के तीन सेक्टरों संभल, गुन्नौर और चंदौसी में अपंजीकृत स्वास्थ्य सुविधाओं की पहचान करने और उन्हें बंद करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया था। इसके परिणाम स्वरूप, लगभग 70 अवैध अस्पताल और क्लीनिक बंद कर दिए गए हैं। इसके अलावा, इन अवैध प्रतिष्ठानों को चलाने वाले 50 से अधिक व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पाठक ने कहा कि अवैध रूप से चल रहे और बिना किसी पंजीकरण के कार्य कर रहे झोलाछाप चिकित्सकों और प्रयोगशाला के खिलाफ कार्रवाई की गयी।

### यमन : अमरीकी हमलों में 74 लोगों की मौत

दुबई। यमन के हूती विद्रोहियों ने शुक्रवार को दावा किया कि तेल बंदरगाह को निशाना बनाकर किए गए अमेरिकी हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 74 हो गई है जबकि 171 अन्य घायल हैं। यमन की राजधानी सना में विद्रोहियों के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी में रात भर किए गए हमलों से हुई तबाही का उल्लेख किया गया है, जिसमें ईंधन ट्रकों में आग लग गई और रात के समय आसमान में आग के गोले धधक उठे। यह हमला 15 मार्च से जारी अमेरिकी हवाई हमलों की श्रृंखला में सबसे घातक हमलों में से एक था। हमलों में नागरिकों के हताहत होने के बारे में पूछे जाने पर अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## संवेदना चिकित्सक की सबसे बड़ी पहचान : योगी

### मुख्यमंत्री ने एम्स गोरखपुर में 500 बेड के विश्राम सदन का किया शिलान्यास

जिलासंवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक चिकित्सक की सबसे बड़ी पहचान उसकी संवेदना होती है। यदि किसी डॉक्टर के मन में संवेदना नहीं है तो वह डॉक्टर कहलाने का अधिकारी है या नहीं, इस पर विचार होना चाहिए। उसकी पहचान ही संवेदना से है। चिकित्सक की संवेदना गंभीर से गंभीर मरीज की आधी बीमारी को दूर कर सकती है। मुख्यमंत्री ने चिकित्सा संस्थानों के डॉक्टरों को यह नसीहत भी दी कि वे बेवजह मरीजों को हायर सेंटर रेफर करने की प्रवृत्ति से बचें और मरीज को क्रिटिकल केयर उपलब्ध कराने में रिस्क लेने की आदत डालें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार दोपहर बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के परिसर में 500 लोगों की क्षमता वाले विश्राम सदन (रैन बसेरे) का भूमि पूजन-शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। 44.34 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह विश्राम सदन पूर्वी उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा विश्राम सदन होगा। इसका निर्माण पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर निधि से कराया जा रहा। शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी चिकित्सा संस्थान डॉक्टर के व्यवहार के माध्यम से संवेदना का केंद्र भी होता है। संवेदना के इस केंद्र में अगर एक मरीज भर्ती होने आता है तो उसके साथ कम से कम 3 या 4 अटेंडेंट होते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में तो कई बार अटेंडेंट की संख्या 10 तक हो जाती है। ऐसे में मरीज के साथ आने वाले अटेंडेंट को आश्रय की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 500 बेड के विश्राम सदन के शिलान्यास के साथ ही गोरखपुर एम्स को एक नई उपलब्धि प्राप्त हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एम्स गोरखपुर का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई 2016 में किया था। 2019 में एम्स गोरखपुर का पहला



गोरखपुर एम्स में शिलान्यास करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

मैच एडमिशन लिया था और 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस एम्स का लोकार्पण किया था। 2016 में जो बीज एम्स के रूप में गोरखपुर में रोपा गया था, आज वह एक वटवृक्ष बनकर हजारों पीड़ितों को आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, एक नया जीवनदान देने का केंद्र बन गया है। हम लोग 2003 से इस आवाज को उठा रहे थे। उस समय अटल बिहारी वाजपेयी देश के प्रधानमंत्री थे। एम्स दिल्ली के बाहर भी स्थापित होंगे, इसके लिए उन्होंने छह एम्स की घोषणा की थी। पर, उसके बाद यह क्रम थम सा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद बिना भेदभाव, सबका साथ, सबका विकास के मंत्र का साकार रूप स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है। देश के अंदर 22 नए एम्स पीएम मोदी के कार्यकाल में, 10 वर्षों में बने हैं या बन रहे हैं। उनमें से गोरखपुर एम्स भी एक है। गोरखपुर में एम्स बने, इसके लिए 2003 में उठाई गई आवाज को 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकार दिया। सीएम योगी ने कहा कि वर्तमान में एम्स गोरखपुर की ऑक्युपेंसी 75 से 80 प्रतिशत है। आईसीयू, क्रिटिकल केयर और ट्रॉमा सेंटर में भर्ती होने वाले मरीज के परिजन उनके साथ नहीं रह सकते। उन्हें बाहर ही रहना पड़ता है। इस कैम्पस में कम से कम 1200 लोग ऐसे होंगे जिनको बाहर जहां-तहां सिर छुपाने के लिए पटरी पर, सड़कों के किनारे या फिर किसी अन्य जगह पर जाकर रहने के लिए मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति खुले में गर्मी, सर्दी या बारिश झेलने को मजबूर हो तो यब अमानवीय लगता है। ऐसे में यह आवश्यक है कि हम अपना मानवीय स्वरूप बनाएं और उन लोगों के बारे में सोचा जो अपने मरीज की पीड़ा के साथ यहां पर जुड़े हुए हैं। विश्राम सदन के रूप में हम ऐसी व्यवस्था बनाएं जहां पर अटेंडेंट को मिनिमम यूजर चार्ज पर रहने और सस्ते कैंटीन की सुविधा हो। मुख्यमंत्री ने करीब डेढ़ वर्ष पहले लखनऊ में एसजीपीजीआई ...शेष पृष्ठ 10 पर

### इलाहाबाद हाईकोर्ट को मिले छह नये न्यायाधीश

प्रयागराज। छह नवनियुक्त न्यायाधीशों ने शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर शपथ ग्रहण की। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने अपने अदालत कक्ष में इन न्यायाधीशों को शपथ दिलाई। शुक्रवार को जिन न्यायाधीशों ने शपथ ग्रहण की, उनमें जितेंद्र कुमार सिन्हा, अनिल कुमार, संदीप जैन, अवनीश सक्सेना, मदन पाल सिंह और हरवीर सिंह का नाम शामिल है। उच्चतम न्यायालय के कोलेजियम ने इस महीने की शुरुआत में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति के लिए आठ न्यायिक अधिकारियों के नाम की सिफारिश की थी जिसमें से दो नामों को छोड़कर केंद्र सरकार ने छह नामों को मंजूरी दी थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अब न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 88 पहुंच गई है जिसमें मुख्य न्यायाधीश भी शामिल हैं, जबकि इस उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के 160 पद मंजूर हैं। इस महीने की शुरुआत में, न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा, न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली थी। इन न्यायाधीशों का स्थानांतरण इलाहाबाद उच्च न्यायालय में किया गया है।

## रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा देश

### महाराणा प्रताप, शिवाजी महाराज राष्ट्र के असली नायक : राजनाथ

एजेंसी

छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि सरकार देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में पहले ही कई कदम उठाए जा चुके हैं। सिंह ने यहां उद्योग प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षा निर्यात 2014 के 600 करोड़ रुपये से बढ़कर 24,000 करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य 2029-30 तक 50,000 करोड़ रुपये का निर्यात हासिल करना है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार ने आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं और ऐसी चीजों की घोषणा की है, जो देश में ही निर्मित होंगी और जिनका आयात नहीं किया जाएगा। रक्षामंत्री ने कहा कि वर्तमान में रक्षा उत्पादन 1.60 लाख करोड़ रुपये है और इसे बढ़ाकर तीन लाख करोड़ रुपये करने का लक्ष्य है। सिंह ने कहा उन्हें छत्रपति संभाजीनगर में उत्पादन केंद्र के रूप में अच्छी संभावनाएं ...शेष पृष्ठ 10 पर



### दुराचार के आरोपी को निर्वस्त्र कर दी यातनाएं

बहराइच। विशेश्वरगंज थाना अंतर्गत मझवा बनकट गांव में एक महिला से दुष्कर्म के आरोपी एक युवक को कथित तौर पर गांव वालों ने निर्वस्त्र कर, उसे रस्सी से बैलगाड़ी से बांधकर उसकी पिटाई की और कई तरह की यातनाएं दीं।

बृहस्पतिवार को घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने युवक के परिजन की तहरीर पर शुक्रवार को अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें बैलगाड़ी से रस्सी से बंधे एक युवक की कुछ लोग पिटाई कर रहे हैं। पुलिस उपाधीक्षक रमेश पाण्डेय ने शुक्रवार को कहा कि थाना विशेश्वरगंज में आयशा नामक महिला की तहरीर पर अज्ञात लोगों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## प्रतिभाशाली छात्रों को मिलेगा उनका हक : धामी

### मुख्यमंत्री ने एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय छात्रसंघ समारोह का किया शुभारंभ

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सख्त नकल विरोधी कानून को लागू करने के निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे मेहनती और प्रतिभाशाली छात्रों को उनका हक मिलने लगा है।

यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर, श्रीनगर में आयोजित छात्रसंघ शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार वर्तमान में मॉडल कॉलेज, महिला छात्रावास, आईटी लैब, परीक्षा भवन, एस्ट्रो पार्क और साइंस सिटी जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। इसके अतिरिक्त, राज्य में स्टार्टअप के लिए अनुकूल वातावरण भी तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार विश्वविद्यालयों के विकास के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार विभिन्न नवीन कार्य योजनाओं के माध्यम से उत्तराखंड को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा ...शेष पृष्ठ 10 पर






**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 38.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 30.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- विकास की रोशनी से रौशन हो रहा चित्रकूट (पृष्ठ-02)
- संकटग्रस्त महिलाओं को मिलेगा सुरक्षित ठिकाना (पृष्ठ-02)
- निवेशकों की संपत्ति 25.77 लाख करोड़ बढ़ी (पृष्ठ-10)
- छोटे उद्यमों में प्रौद्योगिकी को दिया जायेगा बढ़ावा (पृष्ठ-10)
- जीएसटी पंजीकरण के लिए सात दिन का समय (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** खराब मौसम, दैवीय आपदाओं, आंधी, तूफान, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि व आकाशीय बिजली का मिलेगा पूर्वानुमान

## डॉप्लर रडार से तीन घंटे पहले मिलेगी मौसम की सटीक जानकारी

आशीष मौर्य

लखनऊ। मौसम की सटीक भविष्यवाणी के लिए लखनऊ सहित प्रदेश के पांच शहरों में डॉप्लर रडार, तहसील स्तर पर ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन (एडब्ल्यूएस) व ब्लॉक स्तर पर दो-दो आटोमेटिक रेन गेज (एआरजी) की स्थापना होगी। रडार से लखनऊ एवं आस-पास के लगभग 150 किमी के क्षेत्र में मौसम सम्बंधी जानकारी 3 घंटे पहले ही प्राप्त हो सकेगी। इसकी वजह से खराब मौसम, दैवीय आपदाओं जैसे आंधी, तूफान, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, आकाशीय विद्युत आदि से होने वाली जनहानि, पशुहानि, मकान क्षति एवं फसल नुकसान से होने वाली घटनाओं को कम किया जा सकेगा। एक डॉप्लर रडार की स्थापना में लगभग 10 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

इसके लिए भारतीय मौसम विभाग के निर्देश पर राहत आयुक्त ने जमीन उपलब्ध कराने को लेकर प्रशासन को पत्र भेजा है। वाराणसी व आजमगढ़ में डॉप्लर रडार स्थापित किये जाने के लिए भूमि आवंटन की सहमति मिल गई है जबकि लखनऊ, अलीगढ़ व झांसी प्रशासन से सूचना नहीं दी गई है। प्रदेश के मौसम संबंधी



पूर्वानुमान के लिए मौसम केंद्र लखनऊ में एस-बैंड आधारित डॉप्लर रडार है। पश्चिमी भाग का पूर्वानुमान दिल्ली के और पूर्वी हिस्से का पटना (बिहार) में स्थित डॉप्लर रडार से लगाया जाता है। प्रदेश में कुछ चुनिंदा स्थानों पर वर्षा मापी यंत्र व ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन हैं। लखनऊ में भी अमौसी व कुर्सी रोड पर स्थापित ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन से वज्रपात की चेतावनी जिला स्तर पर ही मिल पा रही है, जबकि पूर्वानुमान अधिकतम दो-तीन किलोमीटर दायरे में समय से मिल जाना चाहिए। इसी तरह प्रदेश के किनारे के हिस्से वाले रडार के अंतिम परिधि क्षेत्र छाया क्षेत्र (शैडो एरिया) श्रेणी में हैं। यहां सटीक पूर्वानुमान कठिन होता है।

आपदाओं में जनहानि व धनहानि रोकने के लिए केंद्र सरकार ने लखनऊ, झांसी, अलीगढ़ व आजमगढ़ में एक्स बैंड व वाराणसी में एस-बैंड डॉप्लर रडार लगाने का फैसला किया है। रडार की खरीद व उसे स्थापित करने का काम मौसम विभाग करेगा। इस पर होने वाला खर्च राज्य सरकार उठाएगी। पूरे प्रदेश के लिए 450 ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन व 2000 ऑटोमेटिक रेनगेज लगाने की योजना पर काम चल रहा है। ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन शहरी क्षेत्रों में भी स्थापित होंगे। मौसम विभाग इस काम के लिए यूपी सरकार को तकनीकी सहयोग देगा, जबकि खरीद राज्य सरकार करेगी। मौसम के सटीक पूर्वानुमान का लाभ शहरी क्षेत्रों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बरेली : महिला ने प्रेमी की मदद से ली पति की जान

जिला संवाददाता

बरेली। फतेहगंज पश्चिमी नगर पंचायत में संविदा पर तैनात सफाई कर्मचारी की उसकी पत्नी ने प्रेमी ने मिल कर कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि महिला ने पहले अपने पति को पहले जहर दिया और फिर अपने प्रेमी की मदद से उसका गला घोंट दिया। उन्होंने बताया कि इसके बाद उसने शव को फांसी पर लटका दिया, ताकि यह आत्महत्या लगे।

**जहर देने के बाद शव को फांसी पर लटकाया**

अधिकारियों के अनुसार, घटना 13 अप्रैल को हुई, जब केहर सिंह का शव किराए के कमरे में लटका मिला और घर का दरवाजा अंदर से बंद था। शुरुआत में आत्महत्या का संदेह था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटने से मौत की वजह सामने आने के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तर) मुकेश चंद्र मिश्रा ने कहा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से गला घोंटने से मौत का संकेत मिलता है, हालांकि कमरा अंदर से बंद होने के कारण यह आत्महत्या प्रतीत हो रहा है। हम सभी संभावित पहलुओं से जांच कर रहे हैं और हमने दोनों नामजद आरोपियों - रेखा (25) और उसके प्रेमी पिंटू (25) को हिरासत में ले लिया है। शुक्रवार को ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

संक्षेप

## मंत्री ने चिकित्सा अधीक्षक के तबादले का दिया निर्देश

**लखनऊ/सोनभद्र** । अस्पताल के दौरे के दौरान प्रोटोकॉल के कथित उल्लंघन से नाराज उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजीव कुमार गोंड ने सोनभद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक का अन्य स्थान पर तबादला करने का निर्देश दिया है। संजीव कुमार गोंड सोनभद्र जिले में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित ओबरा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। अधिकारियों के मुताबिक, बुधवार को समाज कल्याण राज्य मंत्री गोंड जिले के डिबुलगंज अनपरा स्थित संयुक्त चिकित्सालय में सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन करने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान गोंड ने पाया कि जब वह चिकित्सालय में पहुंचे तब कार्यकर्ता उनका स्वागत कर रहे थे लेकिन चिकित्सा अधीक्षक रवि प्रताप सिंह मास्क लगाकर पीछे खड़े रहे। गोंड ने पत्रकारों से कहा, उद्घाटन स्थल पर जब डॉक्टर (चिकित्सा अधीक्षक) मिले तो उन्होंने कहा कि मंत्री आप मुझसे नहीं मिले। तब मैंने उनसे कहा कि चिकित्सा प्रभारी को खुद से आगे आकर प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मिलना चाहिए था। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं की शिकायत है कि उक्त चिकित्सक हमेशा नशे में रहते हैं। मंत्री ने कहा, ऐसे चिकित्सक के खिलाफ कार्वाई अवश्य की जाएगी। इस संबंध में सीएमओ डॉ. अश्विनी कुमार ने बताया कि बुधवार को मंत्री का फोन उनके पास आया था तब उनको जानकारी मिली कि डिबुलगंज अनपरा स्थित संयुक्त चिकित्सालय के अधीक्षक द्वारा प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि मामले की वरिष्ठ अधिकारी से जांच कराकर दोषी के खिलाफ तत्काल कार्वाई की जाएगी।

## मंत्री नन्दी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट एवं औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने महाराष्ट्र की उपराजधानी नागपुर में दो दिवसीय प्रवास के दौरान शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से उनके आवास पर प्रयागराज की पूर्व महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ जाकर मुलाकात किया। वहीं विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मंत्री नन्दी ने नागपुर में डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति में स्थित स्मृति मंदिर में दर्शन कर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के आद्य सरसंघचालक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार एवं माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। नागपुर में प्रवास के दौरान मंत्री नन्दी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर प्रयागराज के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक माहात्म्य के साथ ही महाकुम्भ-2025 की व्यापक उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की। मंत्री नन्दी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में प्रयागराज में लगभग 100 करोड़ की लागत से स्वीकृत 2.2 किलोमीटर लम्बी रोपवे परियोजना के लिए प्रयागराजवासियों की ओर से आभार प्रकट किया।कहा कि यह परियोजना प्रयागराज के धार्मिक पर्यटन के प्रोत्साहन की दृष्टि से मील का पत्थर सिद्ध होगी। मंत्री नन्दी ने कहा कि रोड कनेक्टविटी के क्षेत्र में आज उत्तर प्रदेश पूरे देश में अव्वल है।

# विकास की रोशनी से रौशन हो रहा श्रीराम का प्रिय चित्रकूट

## चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस वे, राम वनगमन मार्ग, सतना ग्रीनफील्ड हाइवे से और बेहतर हो जायेगी कनेक्टिविटी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कभी दस्यु गिरोहों के लिए बदनाम रहा चित्रकूट अब विकास की रोशनी से रौशन हो रहा है। यह वही चित्रकूट है जहां कभी ददुआ, ठोकिया, राधे, बबली कोल, गौरी यादव, साधना पटेल और गोप्पा जैसे दस्यु गिरोहों का समानांतर शासन चलता था। लोगों में हरदम इन दस्युओं को लेकर दहशत का माहौल था। यहां

- **काशी, अयोध्या के बाद धर्मस्थल के रूप में बढ़ा चित्रकूट का क्रेज**
- **चित्रकूट के समग्र विकास के लिए चित्रकूट धाम तीर्थ विकास परिषद का हो चुका है गठन**
- **पर्यटकों के लिए सुविधाओं को और बेहतर करने पर जुटी योगी सरकार**
- **पर्यटक सुविधाओं के विकास के लिए 50 करोड़ की मंजूरी**

तक कि ये राजनीति को प्रभावित करने की स्थित में थे। लेकिन सीएम योगी के शासन काल में अब यह सब बीते दिनों की बात हो गई है।

वनवास के दौरान भगवान श्री राम ने पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण सहित जिस चित्रकूट में सर्वाधिक समय बिताया था। जो चित्रकूट उनको अयोध्या से भी अच्छा लगने लगा था (अवध सहस सम बनु प्रिय लागा)। उन्होंने यहीं कोल, किरात आदि को खुद से जोड़कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इसी चित्रकूट में भरत के साथ हुआ उनका मिलन भाई-भाई के प्रेम की मिसाल बन गया। उसी चित्रकूट में वह ऋषियों और मुनियों के संपर्क में आए। कुल मिलाकर राम, लक्ष्मण और सीता के लिए चित्रकूट प्रवास का अहसास जंगल में मंगल जैसा रहा। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निजी रुचि और प्रयासों के नाते चित्रकूट एक बार फिर वैसा ही अहसास करा रहा है।

**त्रेता में क्या थी चित्रकूट की ख्याति** : त्रेता युग में चित्रकूट की ख्याति क्या थी इसका वर्णन करते हुए तुलसीदास ने रामचरित मानस में लिखा है कि जब वनवास के दौरान वह बाल्मीकि ऋषि से मिलने उनके आश्रम गए थे चलते उनको ऋषिवर ने चित्रकूट में कुछ समय गुजारने के साथ उसकी महिमा का वर्णन कुछ ऐसे किया था, ‘चित्रकूट गिरि करहु निवासू। तहं तुम्हार सब भाँति सुपासू। सैलु सुहावन कानन चारू। करि केहरि मृग बिहग बिहारू। नदी पुनीत पुरान बखानी। अत्रिप्रिया निज तपबल आनी। सुरसरि धार नाउं मंदाकिनि। जो सब पातक पोतक डाकिनि।। अत्रि आदि मुनिबर बहु बसहीं। करहिं जोग जप तप तन कसहीं।

अब उसी चित्रकूट को योगी सरकार उसी ख्याति के अनुसार सजा और संवार रही है जिसका वर्णन करते




हुए तुलसीदास ने कहा है, ‘चित्रकूट महिमा अमित कही महामुनि गाई।

**चित्रकूट की बेहतरी के लिए योगी सरकार की ओर से किये गये कार्य** : चित्रकूट के समग्र विकास के लिए चित्रकूट धाम तीर्थ विकास परिषद का गठन हो चुका है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से सड़क कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। यहां की पहाड़ियों पर एक खूबसूरत एयरपोर्ट भी खुल चुका है। यह सात जिलों वाले बुंदेलखंड का पहला एयरपोर्ट है। कनेक्टिविटी बढ़ने और पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाएं बढ़ने से हाल में यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। प्रयागराज महाकुंभ के दौरान उलट प्रवाह के कारण यहां ढेर सारे पर्यटक आए। आने वाले दिनों में चित्रकूट आने वाले पर्यटकों की संख्या और बढ़ेगी। इसके मद्देनजर योगी सरकार पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाएं लगातार बेहतर कर रही है।

**पर्यटक सुविधाओं के विकास के लिए 50 करोड़ की मंजूरी** : 8 अप्रैल को हुई कैबिनेट की बैठक में भी इसके किए सरकार ने 50 करोड़ रुपए मंजूर किए। इस पैसे से राम वनगमन के पड़ाव स्थल पर पर्यटक सुविधा केंद्र की सुविधाओं को और बेहतर किया जाएगा। इसमें करीब 12 करोड़ रुपए की लागत आएगी। एयरपोर्ट के पास देवांगना में 17.56 करोड़ रुपए की लागत से पर्यटक सुविधा केंद्र बनेगा। इसी क्रम में कामदगिरि परिक्रमा मार्ग के विकास में 20.45 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इन सभी कार्यों के लिए पहली किस्त के रूप में क्रमशः 50, 70 और 75 लाख रुपए जारी भी किए जा चुके हैं। राम के वनवास से जुड़े स्थलों, मंदाकिनी जिसका हमारे धर्मग्रंथों में खासा महत्व है। उसके घाटों खासकर रामघाट, तुलसी दास की जन्म स्थली राजापुर ,महर्षि बाल्मीकि का आश्रम लालपुर आदि का सुंदरीकरण शामिल हैं।

**काशी, अयोध्या के बाद धर्मस्थल के रूप में बढ़ा चित्रकूट का क्रेज** : उल्लेखनीय है कि काशी और अयोध्या के बाद चित्रकूट में धार्मिक पर्यटन तेजी से बढ़ा है। महाकुंभ के पहले यहां बाहर से प्रति दिन औसतन 2500 वाहन आते थे। महाकुंभ के दौरान इनकी संख्या बढ़कर 7000 के करीब हो गई। सप्ताह के अंत या छुट्टियों के दौरान करीब 14000 हजार वाहन आए। यह धर्म स्थल के रूप में चित्रकूट के बढ़ते क्रेज का प्रमाण है। इस क्रेज को ट्रिपल पी मॉडल से बना रोपवे भी पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है।

**सिर्फ पर्यटन ही नहीं चित्रकूट को निवेश का भी हब बना रही सरकार** : योगी सरकार का ध्यान सिर्फ पर्यटन पर ही नहीं है, वह चित्रकूट को निवेश का भी हब बनाना चाहती है इसी मंशा से पर्यटकों के साथ निवेशकों को आकर्षित करने के लिए छह जिलों को शामिल करते हुए प्रयागराज-चित्रकूट विकास क्षेत्र का गठन किया गया है। इसमें प्रयागराज एवं चित्रकूट साथ फतेहपुर, बांदा, कौशांबी और हमीरपुर भी शामिल हैं। इसके गठन की घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ में हुई बैठक के दौरान की थी। अयोध्या से लेकर चित्रकूट तक राम वनगमन मार्ग में पड़ने वाले हर महत्वपूर्ण स्थल का सरकार पहले से विकास करा रही। डिफेंस कॉरिडोर के छह नोड्स में से एक चित्रकूट भी है। कुल मिलाकर योगी के कार्यकाल के दौरान चित्रकूट की चमक बढ़ी है। चल रहे विकास कार्यों के पूरा होने पर यह चमक और बढ़ेगी।

**पहले ही कार्यकाल से योगी का था चित्रकूट के विकास पर फोकस:** दरअसल, श्रीराम की देश दुनियां में स्वीकार्यता के मद्देनजर चित्रकूट को सजाने संवारने का काम 2017 में जब योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने तभी से शुरू हो गया था। रामायण कॉन्क्लेव, रामायण मेले का आयोजन, करीब 52 करोड़ रुपए की लागत से डिजिटल रामायण गैलरी एवं वॉटर स्क्रीन लेजर शो तैयार किया गया। चित्रकूट की ब्रांडिंग के लिए टूर ऑपरेटर्स का फेम टूर पैकेज की भी पहल हुई। साथ दूसरे कार्यकाल के शुरू में ही सरकार ने जिन चुनिंदा धार्मिक स्थलों पर वैश्विक स्तर की बुनियादी सुविधाएं सृजित करने और ब्रांडिंग का लक्ष्य रखा उसमें चित्रकूट भी शामिल था।

**चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस वे, राम वनगमन मार्ग, सतना ग्रीनफील्ड हाइवेसे और बेहतर हो जायेगी कनेक्टिविटी** : चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस वे , बुंदेलखंड को चित्रकूट को बाया प्रयागराज रीवा मार्ग से जोड़ने के लिए एक्सप्रेस वे से जोड़कर चित्रकूट की कनेक्टिविटी को और बेहतर किया जा रहा है। सतना से चित्रकूट को जोड़ने के लिए भी चार लेन के ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे की घोषणा केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी कर चुके हैं। भारत माला परियोजना के तहत इस पर काम भी हो रहा। इससे मध्यप्रदेश और इससे आगे मुंबई तक चित्रकूट की कनेक्टिविटी और बेहतर हो जाएगी।

इसके अलावा फरवरी में लखनऊ में आए नितिन गडकरी ने बताया कि अयोध्या से चित्रकूट तक बनने वाले राम वन गमन मार्ग पर केंद्र सरकार 11000 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। अगले साल तक (2026) तक इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इससे अयोध्या और चित्रकूट की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। साथ ही वनगमन के दौरान जिन जगहों पर श्रीराम ने कुछ समय गुजारे थे उनका आकर्षण पर्यटकों के लिए और बढ़ जाएगा। खासकर श्रृंगवेरपुर जहां राम और निषाद राज का मिलन और संवाद हुआ था और निषाद राज ने उन्हें गंगा पार कराया था। इसके बढ़ते महत्व के मद्देनजर श्रृंगवेरपुर में सरकार विकास के कई काम करा चुकी है। साथ ही सामाजिक समरसता के प्रति के रूप में श्रीराम और निषादराज के मिलन को दर्शाती एक विशाल प्रतिमा भी लग चुकी है।

# अयोध्या को बना रहे पर्यटन नगरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को न केवल धार्मिक नगरी के रूप में स्थापित करने, बल्कि इसे विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है। इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अयोध्या में नगर निगम मुख्यालय के भवन को अर्बन कल्चरल सेंटर में तब्दील करने की योजना बनाई गई है।

इस परियोजना के तहत पर्यटकों को ओपन एयर थिएटर, वेंडर जोन, प्रोजेक्शन लाइट एंड साउंड शो जैसे आकर्षण देखने को मिलेंगे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण कार्य 1102.27 लाख रुपये की लागत से सीएनडीएस द्वारा कराया जाएगा, जो जल्द ही पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। अयोध्या पहले से ही राम मंदिर के कारण वैश्विक आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, अब पर्यटन के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयां छूने को तैयार है। योगी सरकार ने अयोध्या को धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन का प्रमुख गंतव्य बनाने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। अर्बन कल्चरल सेंटर इस दिशा में एक और मील का पत्थर साबित होगा। इस सेंटर के निर्माण से न केवल स्थानीय संस्कृति और कला को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पर्यटकों को अयोध्या की समृद्ध विरासत को करीब से जानने का अवसर भी प्राप्त होगा।

- **शिफ्ट होने के बाद नगर निगम के पुराने कार्यालय में बनेगा अर्बन कल्चरल सेन्टर**
- **ओपन एयर थिएटर, वेंडर जोन, प्रोजेक्शन लाइट एंड साउंड शो देखने को मिलेगा**

नगर निगम के पुराने कार्यालय को नए स्वरूप में ढालने की यह योजना अयोध्या के सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास का हिस्सा है। इस सेंटर में ओपन एयर थिएटर के जरिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों और नाटकों का मंचन होगा, जो पर्यटकों को रामायण और अयोध्या की ऐतिहासिक कहानियों से रूबरू कराएगा। इसके अलावा, वेंडर जोन में स्थानीय हस्तशिल्प, खान-पानप और अन्य उत्पादों की बिक्री होगी। प्रोजेक्शन लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से अयोध्या की गौरवशाली गाथा को आधुनिक तकनीक के साथ प्रस्तुत किया जाएगा, जो विशेष रूप से युवा और विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। योगी सरकार ने अयोध्या को पर्यटन नगरी बनाने के लिए पहले ही कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि पर्व व मेलों के समय अयोध्या धाम में भीड़ बढ़ जाती है। पर्यटकों को शहर के दूसरे हिस्से से रूबरू कराने के लिए पर्यटन की दृष्टि से विस्तार किया जा रहा है। नगर निगम का कार्यालय नए भवन में शिफ्ट होते ही भवन को कल्चरल सेन्टर में तब्दील करने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

राम मंदिर के निर्माण के साथ-साथ शहर में सड़कों का चौड़ीकरण, घाटों का सौंदर्यीकरण और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण जैसे कार्यप तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। हाल ही में शुरू हुई क्रूज सेवा और जलमार्गपल परियोजनाएं भी पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं। अर्बन कल्चरल सेंटर का निर्माण इन सभी प्रयासों को और मजबूती प्रदान करेगा। यह परियोजना न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। अयोध्या को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की यह पहल योगी सरकार की दूरदर्शिता को दर्शाती है।

# 2478 ई-रिक्शों का चालान और 7835 सीज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में सड़कों पर चल रहे अवैध एवं अपंजीकृत ई-रिक्शा के खिलाफ अभियान के 17 वे दिन अब तक कुल 22478 वाहनों का चालान किया गया, वहीं 7835 वाहनों को सीज किया गया है।

यह जानकारी देते हुए परिवहन आयुक्त बीएन सिंह ने बताया कि पूरे

- **ई-रिक्शा संचालन के खिलाफ प्रदेश में चल रहा अभियान**

प्रदेश में बड़े पैमाने पर अभियान चल रहा है, जिसमें हजारों ई-रिक्शा पर चालान और सीज की कार्रवाई की गई। परिवहन आयुक्त ने बताया कि राज्य परिवहन विभाग द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान में अपंजीकृत और अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। यह अभियान विशेष रूप से उन इलाकों में चल रहा, जहां ई-रिक्शा की अधिकता से



ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। श्री सिंह ने बताया कि ई-रिक्शा के खिलाफ चल रहे अभियान के 17 दिनो के दौरान प्रदेश के आगरा संभाग में सर्वाधिक जबकि झांसी संभाग में सबसे कम चालान एवं सीज की कार्रवाई हुई। आगरा संभाग में 1156 ई-रिक्शा सीज एवं 2345 चालान जबकि झांसी संभाग में 115 इ-रिक्शा सीज एवं 434 चालान किए गए। लखनऊ संभाग में 814 ई-रिक्शा एवं 2031 चालान किए गए।

बीएन सिंह ने बताया कि यह विशेष जांच अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जारी रहेगा और राज्य में प्रत्येक दिन चेकिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस जांच अभियान का उद्देश्य है कि सभी ई-रिक्शा पंजीकृत हों और कानून के दायरे में रहें।

# अनिल दुबे ने गोंडा में शुरू किया सक्रियता सदस्यता अभियान

**लखनऊ/गोंडा।** रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे शुक्रवार को संगठन द्वारा शुरू किये गये सक्रिय सदस्यता अभियान को गोंडा में शुभारंभ करने धानेपुर नगर पंचायत पहुंचे और बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी के लोगों को रालोद की सदस्यता ग्रहण कराई।

अनिल दुबे ने कांग्रेस नेता हरनाथ पांडे, अनंत राम पाण्डेय तथा सपा नेता राम भूलन मिश्रा एवं हरपाल सिंह सहित सैकड़ों लोगों को रालोद की सदस्यता ग्रहण करायी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए दुबे ने कहा कि रालोद किसानों के मान सम्मान और स्वाभिमान को निरन्तर बढ़ाने में लगा है और रालोद को पूर्वांचल बुंदेलखंड और मध्य



उत्तर प्रदेश में भी मजबूत करने के लिए अभियान शुरू कर रखा है। बाबा साहब के जन्म दिवस से रालोद का सदस्यता अभियान शुरू किया गया है जो 6माह तक चलेगा, जो कार्यकर्ता और पदाधिकारी ज्यादा सदस्य बनायेंगे उन्हें जिला पंचायत का चुनाव लड़ाया जाएगा। दुबे ने कहा कि पार्टी सभी जिलों में जिला पंचायत का चुनाव लड़ेगी।

# अखिलेश ने मुंबई में जैन मंदिर ढहाये जाने की निंदा की

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ** । सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को मुंबई में हाल ही में एक जैन मंदिर को ढहाए जाने पर चिंता व्यक्त की और भाजपा सरकारों पर पूरे भारत में शांतिपूर्ण जैन समुदाय को निशाना बनाने का आरोप लगाया। वह मीडिया में आई उन खबरों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिनमें कहा गया कि मुंबई में एक जैन मंदिर को ध्वस्त कर दिया गया है।

यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में जैन समुदाय को सीधे संबोधित करते हुए कहा, वर्तमान समय में देश में अल्पसंख्यक होना एक अभिशाप बनता जा रहा है। आज अल्पसंख्यक जैन समुदाय के बीच भय, असुरक्षा और अनिश्चितता की जो भावना व्याप्त है वो अत्यधिक चिंता का विषय है। जिसकी चर्चा, निंदा और आक्रोशपूर्ण प्रतिक्रिया संपूर्ण विश्व में हो रही है। घटनाओं की एक श्रृंखला पर प्रकाश डालते हुए यादव ने दावा किया कि ये समुदाय के प्रति बढ़ती आक्रामकता का हिस्सा हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश के सिंगोली में जैन साधुओं पर हुए हिंसक हमले, जबलपुर से लीक हुए एक ऑडियो क्लिप जिसमें कथित तौर पर भाजपा सदस्यों द्वारा जैनियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की जा रही है और मुंबई में एक जैन मंदिर के ध्वस्तीकरण का जिक्र किया जहां कथित तौर पर जैन तीर्थकरों की मूर्तियों, जिनवाणी व अन्य पूजनीय ग्रंथों और शास्त्रों का निर्वासन और निरादर किया।



सपा अध्यक्ष ने सवाल उठाया, आखिर ये क्यों होता है कि जहां-जहां भी भाजपा सरकारें हैं वहां-वहां जैनियों के तीर्थस्थलों, मंदिरों, जिनालयों, चैत्यालयों, सामाजसेवी संस्थानों और समाज के साथ ऐसी विद्वेषपूर्ण घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा समर्थित एक ऐसा बहुत बड़ा वर्ग है जो जैनियों की धार्मिक, सार्वजनिक, व्यापारिक-व्यावसायिक ही नहीं बल्कि व्यक्तिगत संपत्तियों पर भी आंख गड़ाए बैठा है और जैनियों को अल्पसंख्यक ही मानकर उनसे उनका सब कुछ छीन लेना चाहता है। अतीत की घटनाओं को याद दिलाते हुए उन्होंने गुजरात में श्री गिरनार जी को लेकर हुए विवाद, श्री सम्मेद शिखर जी में केंद्र सरकार के हस्तक्षेप तथा उत्तर प्रदेश के बागपत में जैन प्रतिमा की स्थापना के विरोध का भी जिक्र किया। उन्होंने मध्यप्रदेश के नीमच में 2022 में 65 वर्षीय भवरलाल जैन की हत्या का भी जिक्र किया। कथित तौर पर एक प्रभुत्वशाली भाजपा समर्थक ने उनकी हत्या कर दी थी। यादव ने कहा, ये सब कुछ जैन समुदाय के उत्पीड़न के ही मामले हैं। ये तो वो घटनाएं हैं जो उजागर हो गयीं नहीं तो न जाने ऐसे कितने प्रकरण हैं, जहां जैन समाज को प्रताड़ित करने का काम वर्चस्ववादी ताकतें हमेशा करती रही हैं।

# संकटग्रस्त महिलाओं को मिलेगा सुरक्षित ठिकाना

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा को संबल देंगे शक्ति सदन, 10 जिलों में नये आश्रय केंद्र होंगे शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तीकरण और पुनर्वास को लेकर शक्ति सदन के संचालन की योजना अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। 'मिशन शक्ति' योजना के अंतर्गत राज्य सरकार की ओर से 10 जनपदों में शक्ति सदन की स्थापना की जा रही है, जो संकटग्रस्त, घरेलू हिंसा से पीड़ित, आपदा प्रभावित और अन्य असहाय महिलाओं के लिए एक बड़ी राहत साबित होंगे।

इन केंद्रों का योगी सरकार जल्द शुरूआत करने जा रही है। इसके संचालन की दिशा में आगे बढ़ते हुए प्रदेश सरकार ने 127.72 लाख रुपये की धनराशि भी स्वीकृत किए हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश अब महिलाओं के लिए न केवल सुरक्षित हो रहा है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की ठोस बुनियाद भी रखी जा रही है। यह योजना केन्द्र व राज्य सरकार के सहयोग से 60:40 के अनुपात में चलाई जा रही है। यह योजना भारत सरकार मिशन शक्ति की उप योजना सामर्थ्य के तहत संचालित की जाएगी। इसके अंतर्गत अलीगढ़, आजमगढ़, कानपुर नगर, चित्रकूट, झांसी, बस्ती, गोंडा, मिजार्पुर, वाराणसी और सहारनपुर जनपदों में प्रत्येक में 50 महिलाओं की क्षमता वाले एक-एक नवीन शक्ति सदन स्थापित किए जाएंगे।

- **50-50 क्षमता वाले शक्ति सदन होंगे संचालित, हर सुविधा से लैस होगा आश्रय**
- **शक्ति सदनों में संवासिनियों को मिलेगा व्यवसायिक प्रशिक्षण, बनेंगी आत्मनिर्भर**

**शक्ति सदनों में संवासिनियों को मिलेगा व्यवसायिक प्रशिक्षण, बनेंगी आत्मनिर्भर** : इन शक्ति सदनों का उद्देश्य सिर्फ एक सुरक्षित आश्रय स्थल प्रदान करना नहीं, बल्कि महिलाओं को समुचित संसाधनों और आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस मार्गदर्शन देना है। इन सदनों में निवास कर रहीं महिलाओं को निःशुल्क आवासीय सुविधा, पोषणयुक्त भोजन, वस्त्र, बिस्तर और व्यक्तिगत उपयोग की अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

इस योजना की खास बात यह है कि यहां संवासिनियों को न केवल मानसिक, शारीरिक और कानूनी सहायता मिलेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु योग्यता अनुसार व्यावसायिक और कौशल प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में सिलाई, बुनाई, कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, कंप्यूटर प्रशिक्षण, कानूनी सहायता, योग और व्यक्तिगत परामर्श जैसी सेवाएं शामिल हैं, जिससे महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी होकर समाज में आत्मसम्मान से जीवन जी सकें। नारी सशक्तीकरण की दिशा में सरकार का यह कदम महत्वपूर्ण है। विशेषकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों की महिलाएं, जो अक्सर घरेलू हिंसा या पारिवारिक उपेक्षा का शिकार होती हैं, उनके लिए यह शक्ति सदन एक संबल और आत्मविश्वास का स्त्रोत बनेंगे। योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही यह योजना एक समावेशी, न्यायपूर्ण और सुरक्षित समाज की दिशा में एक प्रभावशाली पहल है।

# गृहमंत्री अमित शाह से मिले मंत्री डॉ. संजय निषाद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) डॉ संजय कुमार निषाद ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर शुक्रवार को शिष्टाचार मुलाकात हुई।

- **अनुसूचित जाति मछुआ आरक्षण प्रमाण पत्र निर्गत कराने की उठायी मांग**

निषाद ने मुलाकात के बाद बताया कि गृह मंत्री अमित शाह हमारे अभिभावक के तौर पर हैं वो हमेशा से मछुआ समाज और निषाद पार्टी को सम्मान देते रहे हैं, आज उसी क्रम में गृह मंत्री भारत सरकार द्वारा वार्ता के लिए उनके आवास पर बुलाया गया था। उन्होंने बताया कि आज की बैठक में निषाद पार्टी की ओर से प्रमुख बिंदुओं को गृह मंत्री के समक्ष रखा गया है। संजय निषाद ने बताया कि



2019 को लोकसभा चुनाव के दौरान गृह मंत्री के दिशा निर्देशन में निषाद पार्टी और भाजपा का गठबंधन हुआ था। उस दौरान मछुआ समुदाय के आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक और संवैधानिक अधिकार जिसमें अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1950 के अंतर्गत नदियों में काम करने वाले मछुआरों मझवार और तुरैहा सभी उपजातियों के बच्चों को शिक्षा, छात्रवृत्ति, सम्मान, जमीन, नौकरी, राजनीति आदि सुरक्षित है उसमें भागीदारी सुनिश्चित होना प्राथमिकता में रखा गया था लेकिन प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री के समक्ष समय-समय पर देश में पूर्व से लंबित अन्य जरूरी प्रकरणों को हल करवाया जाना प्राथमिकता थी जिसके कारण मछुआ अनुसूचित जाति आरक्षण का मुद्दा अभी तक लंबित चला आ रहा है लेकिन मछुआ समाज भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है। मछुआ समाज भाजपा व प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री की ओर आशापूर्ण दृष्टि से देखता है कि मछुआ समाज का बहुप्रतीक्षित मुद्दा भी आपके द्वारा हल जरूर किया जाएगा। गृहमंत्री ने जल्द ही आरक्षण के विषय पर विस्तृत वार्ता प्रमाणिक दस्तावेज के आधार पर करने का आश्वासन दिया है। निषाद ने प्रदेश सरकार में निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं का समायोजन करने का विषय भी गृह मंत्री के समक्ष रखते हुए कहा कि आपके दिशा निर्देशन में हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा आयोग में सदस्यों के नियुक्ति में निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं का भी समायोजन किया गया था, किंतु प्रदेश के अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं का अभी समायोजन होना लंबित है। गृह मंत्री का कार्यकर्ताओं के समायोजन को लेकर सकारात्मक सोच दिखा। संजय निषाद ने प्रदेश में होने वाले आगामी सभी स्तर के चुनाव को लेकर गृह मंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश निषाद पार्टी को मिले हुए सभी सीटों पर चुनाव निषाद पार्टी अपने सिंबल पर लड़ेगी।

संक्षेप

## चार पर मारपीट व धमकी का केस दर्ज

प्रतापगढ़। पुरानी रंजिश को लेकर गालीगलौज, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी को लेकर पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। झलिया मधुकरपुर गांव निवासी लाल बहादुर पुत्र अमृत लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर सोलह अप्रैल की शाम करीब छः बजे गांव के लालजी वर्मा पुत्र वैद्यनाथ वर्मा, नीरज वर्मा व विवेक वर्मा पुत्रगण लालजी वर्मा, कल्पना पुत्री लालजी वर्मा ने गालीगलौज करते हुए मारपीट किया व जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के परसपुर गांव निवासी सोहन लाल वर्मा पुत्र रामसुमेर वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि आठ अप्रैल को दोपहर लगभग तीन बजे आरोपीगण रास्ते में मकान का बारजा निकालने लगे। विरोध करने पर आरोपियों रामखेलावन पुत्र कालूराम तथा फूलचंद्र पुत्र रामखेलावन ने गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## गांव में हुआ मृतक का अंतिम संस्कार, झुलसों का इलाज जारी

प्रतापगढ़। उदयपुर थाना के भंवरी सराय गांव में गैस रिसाव के धमाके मे हुई मौत को लेकर शुक्रवार को भी गांव मे गम का माहौल देखा गया। वही पीएम के बाद मृतक अशोक का परिजनों ने गांव मे ही गुरूवार की देर रात अंतिम संस्कार कर दिया। पन्द्रह अप्रैल की रात हुए गैस रिसाव को लेकर हुए धमाके मे अशोक की इलाज के दौरान स्वरूपरानी मेडिकल कालेज मे मौत हो गयी थी। वही घटना में सात अन्य झुलसे लोगों का इलाज अभी भी लखनऊ के किंग जार्ज अस्पताल में जारी है।

## पिता की लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या

शाहजहांपुर। जिले में एक व्यक्ति ने पैसों की तंगी के चलते अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दीक्षा भवरे ने शुक्रवार को बताया कि थाना पुवाया अंतर्गत उमरसंडा गांव में रहने वाले पवन वर्मा (45) ने आज सुबह अपने पिता की डबल बैरल लाइसेंसी बंदूक से खुद को गर्दन में गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने सूचना पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में ले लिया।

भवरे ने परिजनों तथा ग्रामीणों से पूछताछ के हवाले से बताया कि पवन वर्मा शराब पीता था और पैसों की तंगी से काफी परेशान था क्योंकि उसके पिता का हृदय रोग का इलाज चल रहा था। उसे पिता को लेकर हर सप्ताह बरेली अस्पताल जाना पड़ता था। इसके अलावा उसने अपनी खेती पर चार लाख रुपये का भी लिया था। इसी के चलते आज सुबह पवन वर्मा ने अपने घर में ही खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने सूचना पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना में इस्तेमाल बंदूक भी पुलिस ने कब्जे में ले ली है। मामले की जांच की जा रही है।

## रास्ता मांगने पर युवक ने ट्रक चालक को गोली मारी

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-63 थाना क्षेत्र में कथित तौर पर रास्ता देने के लिए कहने पर युवक ने ट्रक चालक को गोली मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बृहस्पतिवार रात थाना क्षेत्र के वाजिदपुर गांव के पास की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बाबू पंडित ने सड़क के बीचों-बीच अपनी कार खड़ी की हुई थी तभी ट्रक चालक विकास ने हॉर्न बजाकर रास्ता देने को कहा। उन्होंने बताया कि इस बात से आक्रोशित बाबू ने अपनी लाइसेंसी पिस्तौल से विकास पर गोली चला दी जो उसके सिर में जा लगी। प्रवक्ता ने बताया कि गंभीर हालत में विकास को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# लव कुश के वैभव गाथा से आह्लादित सीता दोहार

## सीता दोहार सरोवर तट पर लवकुश ने बांधा था राम के अश्वमेघ का घोड़ा

एस पी. सिंह परिहार / रमेश मिश्रा

**सीता दोहार (श्रावस्ती)।** भगवन् साधु पश्येस्त्वं देवतामिव खाच्चयुताम, नद्यास्तु तीरे भगवन् वरस्त्री कापि दुःखिता।। महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण में 49वें सर्गः



के श्लोक 4 वर्णन से उदीप्त होता है कि मुनि कुमारों नें महर्षि वाल्मीकि को नदी किनारे मां सीता को नदी के किनारे एकाकी विलाप करने की सूचना दी। महर्षि वाल्मीकि वैदेही को लेकर अपने आश्रम के ऋषि पत्नियों के बीच आश्रय दिया। मान्यता है कि श्रावस्ती का सीता दोहार वाल्मीकि का वही आश्रम है। महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली। माता वैदेही की शरण स्थली। लव और कुश के जन्म और वैभव स्थली। सीता दोहार की शोधी माटी युगांतरों से अपने भाग्य पर इतरा रही है। इस पवित्र वसुधा की छाती पर अनगिनत नर नारी अटूट श्रद्धा भाव से माथा टेक कर अपने मन वांछित अभिलाषा से फली फलीभूत अभिलाषा हेतु मां सीता से टेर लगाते हैं। इस मां वैदेही के मंदिर और मानव श्रृंखला बीच में आस्था, विश्वास के अटूट बंधनों का रिश्ता युगांतरों से बदस्तूर जारी है। त्रेता में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम लंका पर विजय प्राप्त कर माता सीता अनुज लक्ष्मण सहित रामा दल के साथ अयोध्या वापस आए थे। कुछ ही दिनों में कतिपय परिस्थितियों में श्री राम को माता सीता को एक बार पुनः त्यागना पड़ा। सारथी सुमंत और लक्ष्मण ने गर्भ अवस्था में मां वैदेही को घनघोर जंगल में नदी के तट पर बेसहारा हाल में छोड़ दिया था। अपनों से अधीर और विपदा की मारी मिथलेश कुमारी मनः संताप में विलाप कर रहीं थीं। वहीं कुछ दूरी पर खेल रहे महर्षि वाल्मीकि आश्रम के ऋषि कुमारों ने इसकी सूचना महर्षि वाल्मीकि को दिया। त्रिकालदर्शी बाल्मीकि ऋषि कुमारों के साथ नदी के तट पर उस स्थान पर गए जहां वैदेही व्याकुलता की आकुलता में आहत



थी। महर्षि बाल्मीक और बैदेही वास्तविक स्वरूप को पहचान गए। सानिध्य में आश्रय दिया। भगवन राम

पत्री सा प्रसूता दारक द्वयम, ततो रछा महातेजः कुरु भूत विनाशनीम।। रामायण के सोलहवें सर्गः में जैसा कि उल्लेख है। कि मां सीता नें दो पुत्रों का जन्म दिया। समाचार पाकर बाल्मीकि सूति कगार में जाकर दोनों पुत्रों को आशीर्वाद देकर नाम करण किया। मान्यता है की पांच कोष के परिधि में फैले सरोवर का निर्मल जल महर्षि वाल्मीकि समेत तमाम ऋषि उनकी तपस्वी पत्नियों और ऋषि कुमारों द्वारा किया जाता था। लोक मान्यता है कि इसी सरोवर तट पर लव कुश ने अयोध्या पति श्री राम की यश्व मेघ यज्ञ के लिए छोड़े गए घोड़े को बांध लिया था। घोड़ा छुड़ाने को लेकर हुए युद्ध में रामा दल के महारथियों को बालक लव कुश के हाथों पराजित होना पड़ा था। श्री राम के युद्ध भूमि में आने के बाद महर्षि वाल्मीकि और सीता के आदेश के बाद लव कुश ने घोड़े को छोड़ दिए थे।

### तो लव की जन्मस्थली बनी लव की राजधानी श्रावस्ती

श्री राम ने अपने ज्येष्ठ पुत्र लव को श्रावस्ती क्षेत्र आवंटित कर राजधानी बनाया श्रावस्ती से लव कुश की जन्मस्थली सीता दोहार बताई जाती है श्रावस्ती से सीता दोहार महज कुछ ही कोस की दूरी पर है। लव को श्रावस्ती क्षेत्र का आवंटन का कारण हो सकता है। लव की जन्मस्थली सीता दोहार का होना बहरहाल आम धारणा यही है।

### पीढ़ियों से सीता मैया की पूजा करते हैं वंशज : संतोष दास



सीता दोहार के मुख्य पुजारी संतोष दास तिवारी कहते हैं कि सीता दोहार में स्थापित सीता मैया की पूजा अर्चना करने में उनकी कितनी पीढ़ियां गुजर गई याद नहीं। वह गणना भी नहीं। पुजारी कहते हैं कि सीता दोहार स्थान वही है जहां वाल्मीकि का आश्रम था। सीता की शरण स्थली थी। लव कुश की जन्मस्थली और कर्म भूमि रही। पुजारी कहते हैं कि वाल्मीकि महर्षि यह हो सकता है कि अन्य स्थानों पर भी साधना किया हो राम अयोध्या में पैदा हुए, कृष्ण मथुरा में। लेकिन विश्व में इन दोनों ने कितने मंदिर हैं इसका मतलब यह तो नहीं हो जाता है कि उन मंदिरों के स्थान पर जन्म लिया हो। सबके अपने-अपने मत है सबका आदर है।

### सीता द्वार लव कुश जन्मस्थली के तर्कसंगत प्रमाण

यूं तो बाल्मीकि आश्रम और लव कुश के जन्मस्थली के बारे में भिन्न-भिन्न मत हैं। महर्षि वाल्मीकि के तपोस्थली लालापुर चित्रकूट में बताया जाता है। वहीं कुछ मतानंतर वाल्मीकि के आश्रम ब्रम्ह वर्त में बताते हैं जो बिठूर में है। मेरठ के बागपत हाईवे पर स्थित बालौनी गांव के हिडन नदी के तट पर बने वाल्मीकि आश्रम को असली बताते हैं। अमृतसर में भी वाल्मीकि आश्रम मौजूद है। जो 8 फीट ऊंची प्रतिमा है। जो 800 किलोग्राम सोने से निर्मित है। इसी तरह रायपुर जिले में 84 किलोमीटर तथा बरौई से 5 किलोमीटर दूर तुरतुरिया में महर्षि वाल्मीकि का आश्रम बताते हैं। जो बल भद्र नाले पर सुरंग से चट्टानों से टकराकर तुर-तुर की ध्वनि विस्तारित करती है। कुछ लोगों की मान्यता है की महर्षि वाल्मीकि चितवन राष्ट्रीय उद्यान के भीतर है। यह त्रिवेणी धाम के करीब है यहां तमसा, सोना, सप्त गंड़की नदियां आपस में मिलती है। लेकिन इससे इतर सीता द्वार की पंचकोशी सरोवर तत्पश्चात नेपाल से हिमालय से निकली अच्छीरावती नदी के साथ राजधानी ही श्रावस्ती का मेल सीता द्वार के वाल्मीकि आश्रम को ज्यादा तर्कसंगत बनाता है। बाल्मीकि रामायण में वर्णित श्लोक में सीता को लक्ष्मण ने सघनवन और नदी के किनारे छोड़ा था। श्रावस्ती का यह क्षेत्र सघन वन अच्छादित और अचिरा वती (राप्ती) नदी का वजूद है। महर्षि वाल्मीकि के आश्रम से नदी के बीच दूरी थी। ऋषि कुमारों के सूचना पर सीता को लेने महर्षि आश्रम से नदी के तट पर गए थे। सघन वन में इतने वृहद क्षेत्र में फैले सरोवर ऋषियों के आश्रम के लिए हर महीने में उपयुक्त था। जैसा कि लोगों का तर्क और लोक मान्यता है की सीता दोहार का सरोवर महर्षि वाल्मीकि एवं अन्य ऋषियों के लिए तपस्या साधना पूजा पाठ स्नान ध्यान आचमन के लिए उपयुक्त था। ऋषि कुमार इसी सरोवर तट पर खेलते थे। लवकुश ने इसी सरोवर पर राम के घोड़े को बांधकर युद्ध किया था। जैसा की स्थानीय लोगों की भी मान्यता है।

## भारतीय किसान यूनियन अनंत के जिला अध्यक्ष बने राकेश यादव



मेरठ। भारतीय किसान यूनियन अनंत के राष्ट्रीय अध्यक्ष नौशाद सिद्दीकी ने राकेश यादव को जनपद मेरठ मे जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नौशाद सिद्दीकी ने मनोनयन पत्र में कहा है कि संगठन के प्रति आस्था, कर्तव्य निष्ठा, कार्य कुशलता के दृष्टिकोण के चलते राष्ट्रीय मनोनयन कमेटी की संस्तुति पर मेरठ के भोला रोड शिवकुंज निवासी स्व हरिश्चंद्र यादव के पुत्र राकेश यादव को भारतीय किसान यूनियन अनंत में मेरठ में जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। भारतीय किसान यूनियन अनंत का राष्ट्रीय कार्यालय जनपद बिजनौर के बढ़ापुर लाल सराय स्थित किसान भवन में है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मनोनयन पत्र में राकेश यादव की जिला अध्यक्ष पद पर बड़ी जिम्मेदारी देते हुए यह भी कहा है कि संगठन की मजबूती हेतु राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा समय-समय पर दिशा निदेर्शों का पालन जिला अध्यक्ष करेंगे। राकेश यादव को भारतीय किसान यूनियन अनंत के द्वारा जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर जनपद मेरठ के सभी किसान भाइयों ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए उन्हें बधाई दी है।

## छापेमारी में चार कुंतल लहन व 30 लीटर शराब बरामद



प्रतापगढ़। आबकारी निरीक्षक लालगंज के नेतृत्व में शुक्रवार की सुबह आबकारी टीम ने छापेमारी करके बड़े पैमाने पर बरामद लहन को नष्ट कराया। वहीं टीम ने तीस लीटर देशी शराब भी बरामद की। मामले मे आबकारी निरीक्षक ने दो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आबकारी निरीक्षक लालगंज अशोक कुमार ने आबकारी टीम के साथ लीलापुर थाना क्षेत्र के हण्डौर व बल्दियान में छापेमारी की। इस दौरान खेतों में छिपाकर रखे गये करीब चार कुंतल लहन को नष्ट कराया। वही मौके से तीस लीटर देशी शराब की भी बरामदगी की गयी। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि दो आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## छात्र- छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में प्रतिस्पर्धा आवश्यक : श्रुति




प्रतापगढ़। धधुआ गाजन स्थित आइंस्टीन पब्लिक स्कूल मे मेधा प्रोत्साहन दक्षता परीक्षा का आयोजन किया गया। पीटीएसई 2025 के तहत इस परीक्षा में विभिन्न विद्यालयो के छात्र एवं छात्राओ की उत्साहजनक सहभागिता दिखी। निदेशिका श्रुति शुक्ला ने कहा कि इस प्रकार की प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओ का आयोजन का उद्देश्य सर्वश्रेष्ठ मेधावियो को छात्रवृत्ति के जरिए हौसला आफजाई प्रदान करना है। उन्होने कहा कि मेधावी छात्र एवं छात्राओं के पठन पाठन के वातावरण को मजबूत बनाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य निर्माण में यह पहल सराहनीय है। विद्यालय के संरक्षक विभवभूषण शुक्ल ने भी मेधावी छात्र छात्राओं को सफलता के टिप्स दिये। अध्यक्षता प्रधानाचार्य मनोज ओझा व संचालन उप प्रधानाचार्य अन्द्रि डिसिलुवा ने किया। इस मौके पर डॉ. सौरभ मिश्र, योगेन्द्र शुक्ल, गरिमा मिश्रा, महेन्द्र पाठक आदि मौजूद रहे।

## सांगीपुर पुलिस ने 17 नामजद व डेढ़ सौ अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस

प्रतापगढ़। दम्पती की दुघर्टना में हुई मौत से आक्रोशित परिजनो व ग्रामीणो द्वारा सडक जाम पर पुलिस ने शिकंजा कसा है। सांगीपुर पुलिस ने हाइवे को जाम करने को लेकर सत्रह नामजद तथा एक सौ पचास अज्ञात के खिलाफ गुरूवार की रात केस दर्ज किया है। आरोपियो मे पुलिस ने कुछ अज्ञात अधिवक्ताओ को भी आरोपी बनाया है। हलके के दरोगा विनय प्रताप सिंह की तहरीर पर पुलिस ने सांगीपुर थाना के देउम पश्चिम गांव के कमलेश व शिवपती मंगलवार को अज्ञात कार की टक्कर से दुर्घटना में घायल हो गये। घायल दम्पती की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी थी। घटना को लेकर गुरूवार की सुबह नाराज परिजनो ने ग्रामीणो के साथ सांगीपुर लालगंज हाइवे पर मृतक दम्पती का शव रखकर तीन घंटे से अधिक का जाम लगा दिया था। सीओ के आश्वासन पर जाम समाप्त हो सका। दम्पती के अंतिम संस्कार के बाद गुरूवार की रात सांगीपुर पुलिस ने जाम लगाने वाले आरोपियो पर सरकारी काम मे बाधा एवं भय व दहशत का माहौल उत्पन्न करने समेत गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। पुलिस ने गांव के मुकेश, मंगेश रजक पुत्रगण कमलेश, योगेश रजक, मंजीत रजक, हितेश रजक, अमित, सोनू, आशुतोष, दिलीप, शुभम पाण्डेय, अवनीश, अमर, ऋतिक, दिनेश, नीशू, महेन्द्र तथा कुछ अज्ञात अधिवक्ताओं व राजनैतिक दलों के कार्यकताओं समेत एक सौ पचास अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष मनीष त्रिपाठी का कहना है कि केस दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## दस हजार का इनामी अभियुक्त मुठभेड़ में गिरफ्तार



इटावा। 10 हजार रुपए के इनामिया अभियुक्त को पुलिस मुठभेड में पुलिस ने गिरफ्तार, कब्जे से 1 मोटर साइकिल पैशन प्रो जनपद मैनपुरी से चोरी, तमंचा 315 बोर, 2 जिंदा कारतूस व 2 खोखा कारतूस 315 बोर, 3350 रुपए विभिन्न घटनाओं को कारित कर अर्जित किये गये किये बरामद। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व में थाना चैबिया पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि थाना चैबिया पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत राहिन तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान मोटर साइकिल चैपला की ओर से आती हुयी दिखाई दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा किया गया तो मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर किया गया जिसकी गोली थानाध्यक्ष चैबिया की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी एवं मोटर साइकिल को लोहिया पुल की ओर लेकर भाग गये जिस पर पुलिस टीम द्वारा जरिये दूरभाष द्वितीय थाना मोबाइल को अवगत कराते हुए मोटर साइकिल का पीछा किया स्वयं को दोनों ओर से घिरता देख पुलिस टीम पर फायर किया जिसकी एक गोली उ.नि. सन्तोष कुमार के दाहिने हाथ में लगी, जिस पर आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायरिंग की गयी तो एक गोली प्रदीप उर्फ गोरेलाल पुत्र हरीबाबू के दाहिने पैर में लगी जिसे घायल अवस्था में तमंचा, 2 जिंदा व 2 खोखा कारतूस 315 बोर, मोटर साइकिल सहित लोहिया पुल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विपिन मलिक थाना चैबिया, उ.नि. संतोष कुमार, उ.नि. यशवीर सिंह रहे। बरामद मोटर साइकिल के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर बताया कि यह मोटर साइकिल मैंने अपने साथियों के साथ मिलकर जनपद मैनपुरी के भौगांव से चोरी की थी जिसे हम लोग रैकी करने में प्रयोग करते हैं।

## एसपी विकास कुमार आधी रात जा धमके कोतवाली

### पुलिसिंग व्यवस्था का टटोली नब्ज



बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा देर रात तक क्षेत्र भ्रमण के दौरान कोतवाली नगर अंतर्गत ड्यूटी पिकेट प्वाइंटों का किया गया औचक निरीक्षण किया। बीती रात्रि पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा थानों की गश्त व्यवस्था व यातायात व्यवस्था की चेकिंग के दौरान सर्किल नगर में थाना कोतवाली नगर का औचक निरीक्षण किया गया इस दौरान कुमार द्वारा थाना कार्यालय, मालखाना, आगंतुक कक्ष एवं कार्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। लंबित प्रकरणों एवं अभिलेखों कमियां पाये जाने पर संबंधित को सख्त हिदायत दी गई तथा कार्यालय समस्त अभिलेखों को निरंतर समयबद्ध अद्यतन करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। थाना परिसर में सफाई एवं स्वच्छता हेतु विशेष ध्यान देने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात एस. पी. द्वारा नगर क्षेत्रान्तर्गत पुलिस एवं पीआरवी पिकेट प्वाइंटों का किया गया औचक निरीक्षण। ड्यूटी रत पुलिस कर्मियो से कार्य कुशलता की पूछताछ कर रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान अवांछनीय गतिविधियों आदि की रोकथाम हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## इंडो - नेपाल बॉर्डर से सटे गांवों में चढ़ा परवान

### ऑपरेशन कवच

बलरामपुर। क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा थाना हरैंय्या व थाना पुलिस टीम के साथ जनपद में शांति सुरक्षा बनाए रखने के दृष्टिगत इंडो नेपाल बॉर्डर के गांव में किया गया पैदल गस्त किया। क्षेत्राधिकारी यातायात श्री देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा थानाध्यक्ष थाना दुर्विजय सिंह व प्रभारी थाना हरैंय्या मय पुलिस टीम के साथ ऑपरेशन कवच के अन्तर्गत इण्डो- नेपाल बार्डर से सटे हुए थाना हरैंय्या क्षेत्रांतर्गत ग्राम बेलभरिया* के ग्राम सुरक्षा समिति के लोगों, ग्राम प्रधान, सेवानिवृत सरकारी कर्मचारियों, कोटेदार, रोजगार सेवक आदि की उपस्थिति में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्र में अपराधिक एवं अवैध गतिविधियों व संदिग्ध व्यक्तियों की रोकथाम हेतु बैठक की गई। इस बैठक में ग्राम सुरक्षा



समिति, संभ्रान्त व्यक्तियों को नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने के हेतु सीमा से सटे गाँवों में मादक पदार्थों की तस्करी, मानव व गौ तस्करी, अवैध कटान व अन्य संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के बारे मे लोगों को जागरूक किया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु अपील की गई, जिससे पुलिस द्वारा तत्काल इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके। तत्पश्चात पुलिस बल के साथ संयुक्त रुप से बॉर्डर से सटे गांव में फुट पेट्रोलिंग कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।

## महिलाओं- बालिकाओं को पुलिस कर रही जागरूक



बलरामपुर। महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व डीजिटल अरेस्ट व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशानुसार जनपद में बालिकाओं छात्राओंमहिलाओं की सुरक्षा हेतु महिला बीट अधिकारियों व नारी सुरक्षा दल द्वारा समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो गॉवों भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर बालिकाओं महिलाओं को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर-वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों जैसे शेयरिंग, लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड आदि की जानकारी दी गयी, और साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, इत्यादि के बारें जानकारी दी।

## पुलिस ने 2 परिवारों को बिखरने से बचाया



सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन का कुशल नेतृत्व कहें या महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शाइस्ता की कार्यक्षमता, नई किरण टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल अथक प्रयास के चलते 2 परिवारों को बिखरने से बचा कर अपनी कार्य क्षमता का मिशाल प्रस्तुत किया है, परिवार परामर्श केंद्र जब/नई-किरण( टूटते परिवार को जोडने की एक पहल कार्यक्रम ) के तहत महिला थाना द्वारा 02 परिवारों के मध्य सुलह समझौता कराकर उनके परिवारो को बिखरने से बचाया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा 0 अभिषेक महाजन के निर्देशन मे 18. अप्रैल को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण( टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम ) का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 04 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें परामर्श के बाद 02 पत्रावली का सफल निस्तारण कर 02 परिवारों को बिखरने से बचाया गया व 02 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है। 02 परिवार को बिखरने से बचाने में थानाध्यक्ष श्रीमती शाइस्ता, म0हे0का सत्या त्रिपाठी, म0हे0 का0 सविता सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। निस्तारित पत्रावली का विवरण निन्नवत 01.मीरा पत्नी राहुल साकिन खलीमपुर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर 02.किरन पत्नी बलराज साकिन बभनी थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर है।

## विधायक ने छात्र -छात्राओं को किया सम्मानित



**लोटन, सिद्धार्थनगर।** जिले के लोटन ब्लाक क्षेत्र के ठोठरी बाजार स्थित बी. एस. पाण्डेय कन्या इण्टर कॉलेज में अंक पत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक श्यामधनी राही एवं विशिष्ठ अतिथि विद्यालय के संस्थापक बुद्धि सागर पाण्डेय द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण कर किया गया। समारोह में कक्षा नर्सरी से कक्षा ग्यारह तक प्रथम व द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 33 छात्र-छात्राओं को मेडल, स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी उत्तीर्ण बच्चों को अतिथियों एवं स्कूल प्रबंधन द्वारा बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना किया। मुख्य अतिथि सदर विधायक श्यामधनी राही ने अपने सम्बोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है सभी छात्र-छात्राओं को अपने अंदर प्रतियोगिता की भावना पैदा करनी होगी और अनुशासन में रहते हुए ही लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है ' उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है 'इस दौरान प्रबंधक जयशंकर पाण्डेय, प्रधानाचार्य रोहित कुमार यादव, रमाकांत पाण्डेय, रूद्रनरायण पाठक, प्रभात पाण्डेय बब्लू पाण्डेय, पवन पाण्डेय, मनीष चौधरी, कृष्ण लाल, विनय शुक्ल, अब्दुल खां, पूजा पाठक, लता पाण्डेय, प्रिया शुक्ल सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## नहर में पानी न आने से ग्रामीण किसान परेशान

डुमरियागंज, सिद्धार्थ नगर। सरकार योजनाओं को जनहित में कियान्वयन के लिए शासन द्वारा करोड़ों रूपए खर्च किया जाता है लेकिन अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही के चलते आम जनता लाभांवित नहीं हो पाती है यदि कुछ होते भी हैं सही समय पर उसका पूरा लाभ नहीं मिल पाता है इसी क्रम में नहरों की व्यवस्था में किसानों व पशु पालकों के लिए एक बड़ी रकम खर्च की जाती है जिससे किसानों के खेतों में पानी पहुच सके और मवेशियों को तपिश भरी गर्मी से बचने और प्यास बुझाने के काम आये मगर विभागीय कर्मचारियों की लापरवाही के कारण शासन के उद्देश्य पर पानी फिर रहा है चिलचिलाती धूप में नहरों के सूखने से किसानों व पशुपालकों में काफी रोष है इस समय नहर किसानों के लिए वरदान साबित होती है जिले के डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के हल्लौर, सोनाहटी, बेवा, टंडवा की नहर भी सूखी पड़ी है जिससे किसान बहुत परेशान हैं साथ ही पशुपालकों को मवेशियों के स्वास्थ्य के प्रति घोर चिन्ता बनी है विशेष रूप से डेयरी उद्योग व किसानों को पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी का इकट्ठा करना एक टेढ़ी खीर बनी हुई है किसानों और पशुपालकों का कहना है कि इतनी तेज धूप को देखते हुए प्रशासन को नहरों में पानी चलवा देना चाहिए।

# एम्स गोरखपुर के लिए सीएम योगी ने बहाया खून-पसीना



गोरखपुर। सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि एम्स गोरखपुर की स्थापना का श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को है। उन्होंने इस संस्थान के लिए अपना खून-पसीना बहाया है। जनता को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना हमेशा से उनकी उच्च प्राथमिकता रहा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के नौनिहालों के लिए त्रासदी रही इंसेफेलाइटिस पर पूर्ण नियंत्रण इसका प्रमाण है।

## सीएम योगी के मार्गदर्शन में कम समय में ही एम्स गोरखपुर की उपलब्धियां मौन क्रांति की तरह : देशदीपक वर्मा



गोरखपुर। शिलान्यास समारोह में एम्स गोरखपुर की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन देशदीपक वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन और सहयोग से कम समय में ही गोरखपुर एम्स की उपलब्धियां मौन क्रांति की तरह है। वर्तमान में यहां पांच सुपर स्पेशलिटी डिपार्टमेंट संचालित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि गोरखपुर का एम्स प्रथम श्रेणी वाले संस्थानों की कतार में तेजी से शामिल हो रहा है। इस अवसर पर एम्स गोरखपुर की कार्यकारी निदेशक डॉ. विभा दत्ता ने कहा कि विश्राम सदन सिर्फ एक भवन नहीं है बल्कि रोगियों के परिजनों को आश्रय और बुनियादी सुविधाएं सुविधा दिलाने का संवेदनशील कदम है। उन्होंने कहा कि एम्स गोरखपुर चिकित्सा सुविधाओं के क्षेत्र में धीरे-धीरे नई ऊंचाइयों को छू रहा है। स्वागत संबोधन में पावरग्रिड के निदेशक (कार्मिक) यतींद्र द्विवेदी ने मुख्यमंत्री के स्वागत करते हुए बताया कि विश्राम सदन के निर्माण को 31 मार्च 2027 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य है। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव समेत कई जनप्रतिनिधि, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, पावरग्रिड के कार्यपालक निदेशक (सीएसआर) जसवीर सिंह, उत्तरी क्षेत्र-3 के कार्यपालक निदेशक वाई.के. दीक्षित, उत्तरी क्षेत्र-3 के मानव संसाधन प्रमुख रमन सहित पावरग्रिड तथा एम्स, गोरखपुर के वरिष्ठ अधिकारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। एम्स गोरखपुर की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन देशदीपक वर्मा और पावरग्रिड के निदेशक (कार्मिक) यतीन्द्र द्विवेदी ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र, स्मृतिचिन्ह आदि भेंटकर उनका अभिनंदन किया। शिलान्यास के बाद और अपने सम्बोधन से पूर्व सीएम योगी ने विश्राम सदन के मैप, ले आउट का अवलोकन कर प्रोजेक्ट की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए।

संक्षेप

### बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए मना गुड फ्राइडे



चरगांवा, गोरखपुर। शुक्रवार को गुड फ्राइडे का आराधना सेंट मार्क चर्च में दोपहर 12 बजे से बड़े सद्भावना व शांतिपूर्वकह हुई। सेंट मार्क्स चर्च के प्रेस बिटर इंचार्ज रेव्ह संजय विसेंट ने चर्च की आराधना का संचालन कुशलतापूर्वक किया। इस अवसर पर प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर दिए गए। वचनों पर विस्तृत प्रकाश डाला और बताया कि गुड़ फ्राई डे एक त्याग बलिदान का अवसर है जो हमारे प्रभु यीशु मसीह ने क्रूस पर मानव जाति को पापों से बचाने और बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है। चर्च में सभी लोगों की उपस्थिति रही, यह पर्व हमें त्याग और बलिदान का संदेश देता है, जिस प्रकार यीशु मसीह ने क्रूस पर अपने प्राण दिए ताकि हमारा पापों से छुटकारा और उद्धार हो सके। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन रवि एडवर्ड और राकेश प्रकाश के द्वारा किया गया। कलीसिया के लोगों ने इस अवसर पर सेंट मार्क चर्च के सचिव अमित रॉबर्ट, खजांची अंकित जान ने चर्च में आये हुए सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर गृजेश दयाल, विनोद मसीह, संजीत पाल, नीरू मसीह, अमित मैसी, अरुण सोलेस रॉबर्ट, अरुणा एडवर्ड, राकेश प्रकाश, अनिल पाल अनीता मैसी, सैमी, फिलिप, विनय, स्मिथ, मोनू, अमित याकूब, अभिषेक याकूब, बल्लू, लपशीबा, अश्रिता, अंशिका, रोमा याकूब, शालू, जॉन, आर्यन, आराध्या, रमेश जॉन लोगों ने चर्च में अपनी उपस्थिति दर्ज किया।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा इण्टरमीडिएट का प्रमाण पत्र वर्ष 2008 अनुक्रमांक नं. 0657271 कहीं खो गया है। **कु. मोनी पुत्री श्री विजय बहादुर नि.- 482 बी-1, काजीखेड़ा, लालबंगला, हरजिंदर नगर कानपुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम सरला देवी (SARLA DEVI) व जन्मतिथि 25.06.1991 दर्ज है, जबकि मेरी हाईस्कूल मार्कशीट में मेरा सही नाम आयुषी राजवंशी (AYUSHI RAJVANSHI) तथा जन्मतिथि 25.12.2005 दर्ज है। मेरे आधार में भी मेरा सही नाम ही दर्ज किया जाये। **आयुषी राजवंशी पुत्री राम सहाय नि.- लोदगढ़ी, पोस्ट-रायपुर, कोथावान, बेनीगंज, हरदोई, उ.प्र.।**

एच0सी0जे0फार्म नं0–32 पार्ट नं0 7
ता0पेशी– 30/04/2025
**H.C.J. PARTVIINo. 33**
**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय श्रीमान CO महोदय, स्थान भिन्गा जिला श्रावस्ती**
वाद संख्या वाजदायर प्रार्थना पत्र सन् 2022 ई0
**रामकेवल** ... वादी
**बनाम**
**रामखबर आदि**
... प्रतिवादी

1– रामखबर पुत्र हृदयराम, 2– चन्द्र प्रकाश, 3– श्रवण कुमार पुत्रगण मुन्नालाल, 4– नेतराम, 5– गोमती प्रसाद पुत्रगण विन्देश्वरी प्रसाद, 6– कमलेश कुमार, 7– चन्द्रशेखर, 8– केशरी कुमार पुत्रगण सेवाराम, 9– शशिधर, 10– विजय कुमार, 11– सुशील कुमार पुत्रगण हृदयराम, 12– विमलादेवी पत्नी हृदयराम, 13– कौशलेन्द्र कुमार पुत्र अश्विनी कुमार, 14– कृष्ण कुमार पुत्र शोभाराम, 15– वन्दना देवी पत्नी अशोक कुमार, 16– अनिल पाठक पुत्र अशोक कुमार, 17– अंशू पाठक पुत्र अशोक कुमार, 18– विश्वनाथ पुत्र अशोक कुमार, 19– अखिलेश कुमार पुत्र शोभाराम, 20– ओमकार, 21– ओमप्रकाश, 22– राजू, 23– मोहन, 24– ननकऊ, 25– रामेश्वर, 26– करन पुत्रगण रामनरेश, साकिनान रानीपुर काजी, परगना बहराइच, तहसील– इकौना, जनपद– श्रावस्ती, 27– भूमि प्रबन्ध समिति ग्राम प्रधान गिलौला, विकास खंड गिलौला, जनपद– श्रावस्ती। चूंकि ऊपर नामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आशर्वेदन के खिलाफ संर्दिशत करने के लिए 30/04/2025 दिवस 10 बजे, पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसर्जित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज ..... के माह ..... के दिवस ..... को निकाली गयी।

**आज्ञा से न्यायालय**

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पिपरौली सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

पिपरौली, गोरखपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा राजेश कुमार झा और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ए के चौधरी ने शुक्रवार को पिपरौली सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होने पीकू, इंसेफेलाइटिस वार्ड ,ओपीडी, लैब, एस वाई वार्ड, फार्मासिस्ट स्टोर में स्टॉक रजिस्टर एस्पायरी रजिस्टर इत्यादि का बाकायदा निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अस्पताल की व्यवस्था और रखरखाव के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। जो भी व्यवस्थाएं सरकार द्वारा संचालित है वह सुचारू रूप से चलनी चाहिए। गर्मी के इस मौसम में मरीजों तथा उनके परिजनों के लिए शुद्ध पेयजल और साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बात चीत करके उनका हाल भी जाना। इस अवसर पर पिपरौली सीएचसी अधीक्षक डॉ शिवानंद मिश्रा, अरुण कुमार गौतम, सत्येंद्र शुक्ला, राजेश श्रीवास्तव, डॉ प्रियंका शाही व मुंशीलाल गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### चोरी की आठ बाइकों सहित दो गिरफ्तार

इटावा। दो शातिर मोटर वाहन चोर गिरोह के सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार। कब्जे से विभिन्न जगहों से चोरी की गयी कुल 8 मोटर साइकिल की गयी बरामद। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को थाना बसरेहर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत बसगवाँ नहर पुल पर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान राहिन पुल की ओर से 2 मोटर साइकिल आती दिखायी दी जिन्हें पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया तो मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा मोटर साइकिल को पीछे मोड़कर भागने का प्रयास किया जिस पर पुलिस टीम द्वारा 2 मोटर साइकिलों पर सवार 2 व्यक्तियों को बसगवाँ नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में सौरभ सिंह थानाध्यक्ष बसरेहर, उ.नि. सौरभ राणा, उ.नि. राघवेन्द्र सिंह रहे।

### ट्रक, डंपर की भिड़ंत में चालक की मौत



इटावा। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में शुक्रवार सुबह तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में डंफर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका परिचालक (भतीजा) घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब आगे चल रहे ट्रक ने अचानक गलत दिशा में मोड़ ले लिया जिससे पीछे से आ रहे डंफर की उससे जोरदार भिड़ंत हो गई। मृतक की पहचान 29 वर्षीय सौरभ यादव पुत्र नरेन्द्र सिंह यादव निवासी जसराना जिला फिरोजाबाद के रूप में हुई। वह अपने भतीजे व हेल्पर गोपी पुत्र वीरेश के साथ औरेया से घर लौट रहा था सौरभ अपने बुआ के बेटे की शादी में शामिल होने के लिए घर जा रहा था। हादसे में डंफर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सौरभ का छोटा भाई भी पीछे से एक और डंफर लेकर आ रहा था। दुर्घटनास्थल पर पहुंचने पर उसने अपने भाई को डंफर में फंसा देखा और काफी प्रयासों के बाद बाहर निकाला लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी हादसे में सौरभ के चचेरे भाई हेल्पर गोपी को भी चोटें आई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। परिवार को जैसे ही हादसे की सूचना मिली घर में कोहराम मच गया। चचेरे भाई विपिन यादव ने बताया कि सौरभ शादी में शामिल होने के लिए घर लौट रहा था लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

### गुरूतेग बहादुर साहिब का प्रकाशोत्सव मनाया गया



इटावा। गुरूद्वारा गुरूतेग बहादुर साहिब में गुरूतेग बहादुर साहिब का प्रकाशोत्सव बड़ी ही श्रद्धा, उल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रकाशोत्सव मनाने की तैयारियॉ जोरों शोरों से चल रही थी, जिसमें शबद कीर्तन का गायन और साथ में अखंड पाठ प्रारम्भ हो गये थे, जिसका कि समापन आज हुआ रात्रि में प्रकाशोत्सव पर शबद कीर्तन व कवि दरबार के साथ ही गुरूद्वारा में बहुत ही आकर्षक आतिशबाजी की गयी। गुरूपर्व पर शुक्रवार को गुरूद्वारा में सुबह से ही माथा टेकने वाले भक्तों, स्त्री व बच्चों का तॉता लगा हुआ था, आज गुरूतेग बहादुर सहिब के प्रकाश पर्व पर सभी समुदाय के लोगों ने गुरूद्वारा आकर माथा टेका और आपसी भाईचारे व एकता का सन्देश दिया। गुरूद्वारा कमेटी गुरूसिंह सभा गुरूद्वारा गुरमति प्रचार सभा के अध्यक्ष स. तरनपाल सिंह ने अपने सम्बोधन में बताया कि गुरूतेग बहादुर साहिब साहस, त्याग और बलिदान की प्रतिमर्ति थे, गुरू साहिब ने सर्व समाज के उत्थान के लिये काम किया और अन्याय के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा दी, आने वाली पीढियॉ भी उनसे प्रेरणा लेती रहेंगी। गुरू तेग बहादुर साहिब सिक्ख धर्म के नौंवे गुरू थे, उन्होंने अपने जीवन काल में धार्मिक स्वतंत्रा और मानवाधिकारों की रक्षा के लिये संघर्ष किया,उनकी सहादत ने सिक्ख समाज को एक नयी दिशा दी और उन्हें एक महान आत्मा के रूप में याद किया जाता है। गुरू साहिब ने समाज में ऊॅच-नीच बेइंसाफी दूर करने के लिये वर्ण भेद,जात- पात, छूत-छात, रूढिवादिता, अन्धविश्वास और समाज में व्याप्त पारम्परिक गलत मान्यताओं का खण्डन किया तथा इन्हें मिटाने का प्रयत्न किया। गुरूद्वारा के मुख्य ग्रन्थी भाई गुरदीप सिंह व साथियों ने कीर्तन तथा अन्य विद्वानों कथावाचकों ने प्रवचन द्वारा संगत को निहाल कर दिया। बच्चों के ग्रुप के द्वारा बहुत ही प्रभावित करने वाला समूह गुरवाणी गायन किया गया। मुख्य ग्रन्थी भाई गुरदीप सिहं ने कहा कि गुरूतेग बहादुर साहिब का पैगाम जन-जन सम्पूर्ण विश्व के कल्याण के लिये था, हमें गुरूओं के बताये मार्ग व आदर्शों पर चलना चाहिये। अन्त में गुरूद्वारा के अध्यक्ष स. तरनपाल सिंह कालरा एवं समस्त पदाधिकारियों ने सभी श्रद्वालुओं, स्त्री सत्संग, अखंड पाठ साहिब की सेवा करवाने वाले परिवारों तथा लंगर बनाने की सेवा करने वाले परिवारों तथा समूह साध-संगत का सहयोग के लिये हार्दिक धन्यवाद दिया तथा गुरूपर्व की सभी को बधाई दी।

# 125 बच्चों के भविष्य पर नगर पंचायत का नोटिस

- **विधायक ने किया शिलान्यास, अवैध कब्जे की शिकायत पर तहसील ने रोका निर्माण कार्य**
- **125 बच्चों के भविष्य पर नगर पंचायत की नोटिस**



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा तहसील प्रशासन और नगर पंचायत मुण्डेरा बाजार के शिलान्यास और शिकायत के बाद जांच का खामियाजा भोपा बाजार के 125 बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। विद्या धर्म संबद्धिनी संस्कृत उत्तर माध्यमिक विद्यालय में पढ ? वाले बच्चे और अभिभावक परेशान हैं कि अब वह क्या करें। स्थानीय नागरिक की शिकायत पर तहसील प्रशासन ने विद्यालय का निर्माण कार्य रोकने का आदेश दे दिया है। वहीं नगर पंचायत ने नोटिस जारी कर प्रबंधक से तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है। बताते चलें कि नगर पंचायत निवासी दिलीप पासवान ने एसडीएम को शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया था कि विद्या धर्म संबद्धिनी संस्कृत उत्तर माध्यमिक विद्यालय का निर्माण पोखरे की जमीन पर अवैध तरीके से हो रहा है। शिकायत के पश्चात तहसीलदार निशा श्रीवास्तव ने लेखपाल घनश्याम मौर्या को भेजकर कार्य रुकवाने का निर्देश दिया था। वहीं नगर पंचायत के ईओ आशीष सिंह ने वार्ड नंबर सात के भोपा बाजार स्थित संस्कृत विद्यालय को तत्काल निर्माण कार्य को रोकने व तीन दिन के भीतर लिखित पक्ष रखने का नोटिस दिया है। जबकि तहसील प्रशासन की मौजूदगी में विधायक ई. सरवन निषाद ने विद्या धर्म संबद्धिनी संस्कृत उत्तर माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्माण के लिए शिलान्यास किया था। लेकिन शिलान्यास कार्यक्रम के बाद जब निर्माण कार्य शुरू हुआ तो अवैध जमीन पर निर्माण होने की शिकायत पर निर्माण कार्य रोक दिया गया। वहीं संस्कृत विद्यालय की प्रधानाचार्य सुषमा पाण्डेय ने बताया कि सन 1932 में इस विद्यालय की स्थापना हुई थी। तब से इसी जगह पर यह विद्यालय चल रहा है। विद्यालय की जर्जर अवस्था के कारण मुख्यमंत्री अलंकार योजना के तहत सरकार द्वारा 25 लाख रुपया स्वीकृत हुआ है जिससे विद्यालय का पुनर्निर्माण उसी जगह पर हो रहा है। चौरी चौरा निवासी भाजपा के पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप जायसवाल ने बताया कि अंग्रेजों के समय से यह संस्कृत विद्यालय चल रहा हैं। और पोखरे की खुदाई 1950 के बाद हुई। इसके निर्माण कार्य को अगर रोका गया तो इसमें पढ़ाई कर रहे 125 बच्चों का भविष्य अधर में पड़ जाएगा। वहीं भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अनिल जायसवाल ने कहा कि संस्कृत विद्यालय के निर्माण कार्य को रोका जाना हिन्दुओं के सनातन संस्कृत पर हमला है। विगत 75 वर्षों से उसी जमीन पर विद्यालय चल रहा है जिसे रोक जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### आयोग सदस्य ने अस्पताल का निरीक्षण किया

इटावा। 2 दिवसीय दौरे पर इटावा पहुंची उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी नें किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण। औचक निरीक्षण में अस्पताल में मिली खामियों पर सदस्य पूनम द्विवेदी नें सीएमओ व सीएमएस की लगाई फटकार। जिला अस्पताल के आरओ प्लांट में पानी की टोटियां सूखी पड़ी है व किसी भी नल से पानी नहीं आए रहा। पूनम द्विवेदी नें स्वयं नल को चलाकर देखा जिससे पानी नहीं निकला जिसके पाद महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी सीएमओ व सीएमएस अनिल कुमार पर आग बबूला हो गयी व पे लापरवाही पर जमकर फटकार लगाई।

पूनम द्विवेदी नें महिला अस्पताल के पीएनसी, जच्चा बच्चा लेबर रूम व बर्थ सर्टिफिकेट सेंटर व अस्पताल के शौचालयों का निरीक्षण किया जहां उन्हें लापरवाही देखने को मिली।

### ईशा मसीह ने समाज की प्रगति के लिए त्यागे प्राण



भरथना, इटावा। होली प्वाइंट एकेडमी में गुड फ्राइडे पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित छात्र-छात्राओं को कुछ अहम जानकारियां उपलब्ध करायी गईं। शुक्रवार को कस्बा के इटावा रोड स्थित होली प्वाइंट एकेडमी के सभागार में गुड फ्राइडे के अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान विद्यालय निदेशक डा. प्रदीप चन्द्र पांडेय ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के ही दिन किस प्रकार ईसा मसीह को कई यातनायें देकर जीवित ही सूली पर चढा दिया गया था साथ ही उन्होंने बताया कि ईसा मसीह ने लोकहित में तमाम कष्टों को सहकर समाज की प्रगति के लिए अपने प्राण त्याग दिये, आदि विषयों पर संवाद किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डा. आरके पांडेय, दीपक सिंह चैहान, अमित श्रीवास्तव, अरूण मोटवानी, अनुराग दीक्षित आनन्द तिवारी, मनोज त्रिपाठी, शिवम यादव, सौरभ यादव, गौरव वर्मा, अश्वनी गुप्ता आदि का विशेष सहयोग रहा।

## भीषण आग से प्रभावित दर्जनों परिवार को पूर्व सांसद ने पहुंचायी राहत सामग्री



उन्नाव। सदर तहसील की गंगा कटरी में स्थित गांव मझरा में लगी भीषण आग से लगभग एक दर्जन परिवार बुरी तरह से प्रभावित हो गए थे। आग का ये आलम था कि प्रभावित परिवारों की पूरी गृहस्थी राख हो गई और लोग किसी तरह अपनी जिंदगी बचा के घर से बाहर निकल पाएं। उक्त हृदय विदारक घटना की सूचना जब स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सपा राष्ट्रीय सचिव अन्नू टंडन को दी गई तो उन्होंने तत्काल मदद के लिए हाथ बढ़ाते हुए पीड़ित परिवारों के पास पहुंचकर हालचाल लेते हुए प्रभावित परिवारों को नई जिंदगी शुरू करने में सहायता देते हुए जरूरत का सामान अनाज, कपड़े, तिरपाल, बर्तन आदि वस्तुएं वितरित की। पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने पीड़ितों को सांत्वना देते हुए कहा कि निश्चित ही परिवार पर संकट की घड़ी है लेकिन हम हर स्तर पर परिवार की मदद के लिए खड़े है। उन्होंने प्रशासन से भी पीड़ितों के जल चुके घरों के लिए कालोनी देने के लिए उच्चाधिकारियों से वातार्लाप करने का आश्वासन दिया। पीड़ितों में राम प्रकाश कुरील, राजाराम कुरील, गोविंद कुरील, सोहन गौतम, राजकुमार गौतम, श्रवण कुरील, सतीश गौतम, शिवपाल गौतम, कमलेश कुरील आदि ने इस मुश्किल घड़ी में अन्नू टंडन द्वारा खुद गांव आकर मदद करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अन्नू टंडन की तुरंत सहायता ने जिंदगी शुरू करने में मदद कर दी। बाकी अभी किसी से कोई मदद प्राप्त नहीं हुई। राहत वितरण में प्रमुख रूप से सपा नेता अंकित परिहार, विवेक शुक्ला, अमित शुक्ला, संजय निगम, ओम प्रकाश पासवान, धर्मेंद्र पटेल, उमा शंकर यादव, चंद्रभान सिंह, अनुरुद्ध यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## श्रद्धालुओं की कार ट्रक से टकराई, दंपती की मौत



उन्नाव। अपने घर यानी उन्नाव जिले से सोमनाथ मंदिर की यात्रा को निकले श्रद्धालु हादसे का शिकार हो गए। जिसमे दंपति की मौत हो गयी। परिवार के कई अन्य सदस्य गंभीर रुप से घायल हो गये। बता दें कि ग्राम राजेपुर पतारी से गुजरात के सोमनाथ मंदिर जा रहे श्रद्धालुओं की इको कार गुरुवार सुबह एक ट्रक से टकरा गई। यह दर्दनाक हादसा जूनागढ़ के पास हुआ। जिसमें गांव निवासी भीम सिंह (65वर्ष) और उनकी पत्नी पुष्पा देवी की मौके पर ही मौत हो गई। दर्दनाक हादसे में उनके पुत्र आशीष सिंह, बहू रुबी, सहित अन्य परिजन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। परिवार धार्मिक यात्रा पर निकला था। सोमनाथ मंदिर दर्शन के लिए जा रहा था। जूनागढ़ के पास अचानक उनकी इको कार की टक्कर एक ट्रक से हो गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस दर्दनाक हादसे की सूचना घर पर भी पहुंची। खबर के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड गयी। वहीं मृतकों के घर पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित होने लगी। लोग यही कह रहे थे कि अभी तो दर्शन के लिए निकले थे और यह हादसा हो गया। परिजनों में दुखों का पहाड टूट पडा। गौरतलब हो कि स्थानीय प्रशासन के लोगो द्वारा परिजनों को सूचना दी गयी। दोनो के शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया है। इधर घटना के बाद पुलिस फौरन जांच में जुट गयी है। मामला दर्ज कर लिया गया है।

### युवक की दोस्त ने की हत्या

सोनभद्र। जनपद के रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डोमरिया में एक युवक की उसी के दोस्त ने कथित तौर पर हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने शुक्रवार को बताया कि बृहस्पतिवार को करम चंद बिंद, पुत्र रमेश बिंद (17 वर्ष) की अर्जुन चौहान ने चाकू से मारकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि करम चंद बिंद आरोपी की बहन को छेड़ता था जिसके कारण दोनों का पूर्व में विवाद भी हुआ था।

### सीओ आयुषी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

जसवंतनगर, इटावा। एसएसपी संजय वर्मा के निर्देशन में क्षेत्र की कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से सीओ आयुषी सिंह ने शुक्रवार को नगर की प्रमुख सड़कों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

गश्त के दौरान सीओ ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत आबादी वाले इलाकों, मुख्य चैराहों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थलों पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की और वाहन चेकिंग कराई। सीओ ने बाजार में मौजूद महिलाओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया और पुलिस की सतर्कता का भरोसा दिलाया। इस दौरान सीओ ने अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार गश्त व सतर्कता जरूरी है। पैदल गश्त के साथ-साथ जुम्मे की नमाज को भी शांति और सुरक्षा के साथ संपन्न कराया गया। मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक राम सहाय सिंह, क्राइम निरीक्षक नरेंद्र मिश्रा, कस्बा इंचार्ज राजकुमार सिंह समेत अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

### तहसील दिवस आज

जसवंतनगर, इटावा। नवागंतुक डीएम शुभ्रांत शुक्ला की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार, 19 अप्रैल को जसवंतनगर में किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी नायब तहसीलदार नेहा सचान ने दी। अधिकारी मौके पर जन समस्याओं को सुनकर समाधान करेंगे।

# 9 मुस्लिम जोड़ों का हुआ निकाह

### मशाईख बोर्ड यूनिट का चौथा शादी सम्मेलन संपन्न



**इटावा।** पक्केबाग स्थित इटावा गार्डन में ऑल इंडिया उलेमा व मशाईख बोर्डयूनिट की तरफ से एक साथ एक छत के नीचे हुआ 9 मुस्लिम जोड़ों का निकाह धूमधाम एवं शानो शौकत के साथ सम्पन्न हुआ। शादी समारोह में मुख्य अतिथि अल्लामा मौलाना हजरत सैय्यद अशरफ अशरफी मियां राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड सूफी फॉर्म के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी में निकाह की रस्म अदा की गई। निकाह के बाद हजरत मौलाना सैयद अशरफ अशरफी मियां ने उन 9 जोड़ों के लिए और जिन लोगों ने इस शादी सम्मेलन में भाग लिया एवं जिन लोगों ने इस शादी सम्मेलन में अपना-अपना सहयोग एवं योगदान दिया। उन सभी लोगों के लिए हजरत ने खुदा से दुआ मांगी और कहा कि जिन लोगों ने इस शादी सम्मेलन में अपना योगदान दिया उनका जीवन खुशियों भरा बना रहे और खुदा उनको हर बुरी नजर से बचाए एवं कारोबार में बरकत अता फरमाए व हर बीमारी हर बला से उन सभी को खुदा बचाए। ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड के दिल्ली सचिव अजीम ने कहा कि ऑल इंडिया टीम पूरे भारत अपनी तंजीम के इसी तरीके से ऐसे ही नेक काम करती चली आ रही और आगे भी करती रहेगी। शादी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद, जिलाप्रवक्ता हाफिज व कारी फैजान अहमद चिश्ती, अब्दुल हमीद अशरफी, उपाध्यक्ष अजहर फरीदी, रियाज अब्बासी उपाध्यक्ष, कार्यकारणी सदस्य मोहम्मद आमीन, मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजीम मोअज्जम, इमरान खान फरीदी, उपाध्यक्ष शेख नबाव, सचिव हाजी शेख आफताब, मोहम्मद अनस, खजांची रजियुल हसन, तहसीन राईन, महफूज, नगर अध्यक्ष भरथना बिलाल मुसानी, साजिद, शहर अध्यक्ष मोहम्मद अली फैय्याज, कार्यकारणी के संरक्षक रौनक अशरफी इटावी आदि लोगों की इस कार्यक्रम में भूमिका महत्वपूर्ण रही। खादिम अब्बास, नूर मोहम्मद, हाजी नईमुद्दीन उर्फ गुड्डू मंसूरी, कामिल कुरैशी, तसलीम अंसारी, नौमान आलम, अब्दुल मन्नान राईन, आलोक दीक्षित, अजीम, वाईके शफी, कांग्रेस नेता राशिद खान आदि मौजूद रहे।

### बुजुर्ग महिला ने पति व बेटे पर लगाये गंभीर आरोप

जसवंतनगर, इटावा। कस्बे के मोहल्ला रेलमंडी कचैरा मार्ग पर पैतृक संपत्ति को लेकर एक गंभीर पारिवारिक विवाद प्रकाश में आया है। यहां की निवासी बुजुर्ग महिला कांति देवी ने अपने पति और बड़े बेटे पर संपत्ति में हेराफेरी करने और छोटे बेटे को हिस्से से वंचित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता कांति देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बड़ा बेटा और बहू, उनके पति की मिलीभगत से पूरी पैतृक संपत्ति हड़पना चाहते हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मीरामानिकपुर, वि.ख. कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-17.04.2025

निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत मीरामानिकपुर, विकासखंड कूरेभार, जनपद सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के क्रम में निम्नांकित कार्यों पर निम्नांकित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार दिनांक 19.04.2025 से दिनांक 26.04.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत मीरामानिकपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 26.04.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | जगलाल के घर से संतराम के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 4.28 लाख रुपये। | इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |
| 2. | प्रधानमंत्री सड़क से लालता के घर के आगे तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 10.24 लाख रुपये। | इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- मीरामानिकपुर, वि.ख.-कूरेभार
जनपद-सुलतानपुर

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु **ऑनलाईन (ई-टेंडरिंग)** के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नामः** थावे-कप्तानगंज अनुभाग में कठकुइंया-पडरौना के मध्य समपार संख्या 64 कि०मी० 93/4-5, समपार संख्या 62 कि०मी० 91/8-9 तथा तमकुही रोड-दुदही के मध्य समपार संख्या 44 कि०मी० 74/0-1 पर एलएचएसडब्ल्यू के एप्रोच पर रूफिंग एवं शीटिंग का कार्य (कुल 03 नं०)। **ई-निविदा सूचना सं.:** एनईआर-बीएसबी-2025-09; **अनुमानित लागत (₹):** ₹1,75,95,121/-; **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि)(₹):** ₹2,38,000/-; **निविदा बंद होने की तिथिः** 16.05.2025; **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 04 माह। • निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2025-09 दिनांक 02.05.2025 को 14:30 बजे तक ऑनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबंधक/(इंजी०)
मुजाधि/डब्ल्यू-21 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

संक्षेप

## दुष्कर्म का वांछित आरोपित गिरफ्तार

सुइथाकला, जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र के अरसिया बाजार से पुलिस ने दुराचार के आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला द्वारा आरोपित के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 64 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी अमित सिंह ने पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र के गुड़बड़ी निवासी आरोपित प्रदीप पुत्र ओम प्रकाश को अरसिया बाजार से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस आवश्यक विधिक कार्रवाई कर चालान न्यायालय भेज दिया।

## भाजपा अनुसूचित मोर्चा की विचार गोष्ठी 21 को

सोनभद्र। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत ने बताया कि संगठन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत आगामी 21 अप्रैल को भाजपा जिला कार्यालय पर अनुसूचित जाति/जनजाति विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारी जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता के नेतृत्व में पूरी हो चुकी है। विचार गोष्ठी कार्यक्रम में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी लोगों को इस कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील किया है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों को आज कौन से राजनीतिक दल की सरकार आगे बढ़ा रही है। इस पर विस्तृत चर्चा इन समाज के बीच में करना है। केन्द्र व राज्य सरकार की बहुत सारी योजनाओं जो इन समाज के लोगों को ध्यान में रखकर बनायी गयी हैं। जिसका लाभ इन सभी लोगों को मिल रहा है।

## बेठीगांव में इंटरलाकिंग मार्ग का उद्घाटन

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत बेठीगांव में नवनिर्मित इंटरलाकिंग का शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ने लोकार्पण किया। मुख्य मार्ग से तपेश्वर तिवारी के घर तक करीब चार लाख रुपये की लागत से 60 मीटर लम्बा इंटरलाकिंग सड़क का निर्माण कराया गया है। ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ने कहा की इंटरलाकिंग का निर्माण होने से लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी। कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इंटरलाकिंग सड़क का निर्माण भी उसी दिशा में एक कदम है। इस मौके पर प्रधान नीलम तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि अनूप तिवारी, हरि प्रसाद चौबे, अनिल, अभिषेक, विकास, चिंतामणि तिवारी, नागेश्वर आदि उपस्थित रहे।

## आकांक्षी जनपद व आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की समीक्षा

सोनभद्र। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आकांक्षी जनपद एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि एवं सामाजिक विकास से जुड़े सूचकों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान कहा कि आकांक्षी जनपद कार्यक्रम के अंतर्गत सभी सूचकों पर लगातार निगरानी रखते हुए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं कृषि से संबंधित जिन सूचकों की प्रगति वर्तमान में राज्य के औसत से नीचे है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सुधारते हुए राज्य औसत से बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित किया जाए। गर्भवती महिलाओं को नियमित पोषाहार की उपलब्धता, बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण एवं पोषण स्तर में सुधार पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी ने आईसीडीएस विभाग को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र गर्भवती महिला पोषाहार से वंचित न रहे। साथ ही, कुपोषण के सूचकों पर विभागीय एक्शन प्लान के अनुसार निरंतर कार्य करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि रोस्टर के अनुसार 30 से अधिक आयुवर्ग के लोगों का हाइपरटेंशन और शुगर की जांच करे और उन्हें स्वस्थ दिनचर्या, भोजन एवं उपचार के लिए प्रेरित करें। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए कि गणित एवं भाषा विषयों में छात्रों के प्रदर्शन में सुधार, छात्र शिक्षक अनुपात युक्त विद्यालयों की संख्या बेहतर करने के लिए शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए।

# 21 लाख के जेवरात और नकदी पर किया हाथ साफ





जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। जनपद के सिधारी थाना क्षेत्र के हुसैनगंज तिराहे के पास बीती रात चोरों ने पांच दुकानों के ताले तोड़ 21.5 लाख रुपये के जेवरात और 30 हजार रुपये नकद चुरा लिए। चोरी की घटना में दो ज्वेलरी दुकान, एक कपड़े की दुकान, एक कॉस्मेटिक शॉप और एक जलपान गृह शामिल हैं।

सिधारी थाना क्षेत्र के हुसैनगंज तिराहे पर अहरौला थाना क्षेत्र के मतलूबपुर गांव निवासी दिलीप सोनी, सीताराम मुहल्ला निवासी तरुण वर्मा की ज्वैलरी की दुकान है। वहीं, पल्हनी गांव निवासी संजय दुबे की रेडीमेट कपड़ा और स्वीट हाउस एवं सोनम राजभर की कॉस्मेटिक की दुकान है। गुरुवार की रात वह दुकान बंद कर घर चले गए। रात करीब 1.30 बजे चोर पांच दुकानों का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए। इसके बाद दुकान में रखे जेवरात व 30 हजार रुपये नकदी चोरी कर ले गए। पीड़ितों को इसकी जानकारी सुबह होने पर हुई जब मकान मालिक ने इसकी सूचना दुकानदारों को दी। सूचना मिलते ही दुकानदार मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 112 पर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद इसकी जानकारी सिधारी थाने पर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही सिधारी थानाध्यक्ष शशिचंद्र चैधरी, एडिशनल एसपी आस्था जायसवाल, पुलिस फोर्स और डॉग स्क्वॉड एवं फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच पड़ताल कर टीम वापस चली गई। खोजी कुत्ता तिराहे से 300 मीटर पश्चिम की ओर जाकर रुक गया। दुकानों के टूटे ताले पड़े थे। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें चोर रात 1:30 से 2:40 बजे तक जलपान गृह से ठंडे की बोतल और पानी पीते हुए चोरी करते दिखे। वहीं दिलीप सोनी ने बताया कि सुबह चार बजे उनके मकान मालिक ने चोरी की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि उनकी दुकान से 500 ग्राम नई चांदी, 250 ग्राम पुरानी चांदी, 6 ग्राम सोना और 5,000 रुपये नकद चोरी हुए हैं। न्यू तरुण ज्वैलर्स के मालिक तरुण वर्मा ने बताया कि उनकी दुकान से 18 से 20 लाख रुपये का सामान चोरी हुआ, जिसमें 180 ग्राम सोना, नौ किलोग्राम चांदी और ग्राहकों के बंधक रखे दो लाख रुपये के जेवरात शामिल हैं। सत्यम स्वीट हाउस और आनंद रेडीमेड सेंटर के मालिक संजय दुबे ने कहा कि उनकी दोनों दुकानों से चोर 12,000 रुपये नकद ले गए, लेकिन कोई अन्य सामान नहीं चुराया। दिव्या कॉस्मेटिक की मालकिन सोनम राजभर ने बताया कि उनकी दुकान से दो हजार रुपये नकद चोरी हुए। एसपी सिटी शैलेंद्र लाल ने बताया किया चोरी की सूचना मिली कि हुसैनगंज में दुकानों का ताला तोड़कर चोरी की गई है। मौके पर सिधारी थाने के एसओ, एडिशनल एसपी, डॉग स्क्वॉड व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचे थे। शीघ्र ही तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। सीसीटीवी फुटेज खंगाला जाएगा और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## 6 टप्पेबाजों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



आजमगढ़। जनपद पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। थाना बरदह पुलिस ने 17 अप्रैल को राजागंज बाजार के पास 16 अप्रैल को हुई टप्पेबाजी की घटना का खुलासा करते हुए 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 85 हजार रुपये, 3 मोबाइल फोन और 1 मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस के अनुसार 16 अप्रैल को क्षमानंद यादव, निवासी फैजुल्लाहपुर, थाना देवगांव ने थाना बरदह में शिकायत दर्ज कराई थी। उनके अनुसार, 13 अप्रैल को गोसाईगंज बाजार में दो व्यक्तियों ने उनसे मुलाकात कर रुपये तिगुने करने का लालच दिया। 16 अप्रैल को राजागंज बाजार में 95 हजार रुपये लेकर पहुंचे क्षमानंद को दो अभियुक्तों ने बातों में उलझाया। तभी एक अन्य बाइक पर पुलिस की वर्दी में आए व्यक्ति ने उनका 95 हजार रुपये से भरा थैला छीन लिया और फरार हो गया। पीछा करने पर अन्य अभियुक्त भी बाइक से भाग निकले। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गिरफ्तार अभियुक्तों में शंकर उर्फ उमाशंकर, निवासी कंजहित, थाना देवगांव, अरविंद गौतम, निवासी कमरावा, थाना गम्भीरपुर, राम हरख, निवासी कंजहित, थाना देवगांव, प्रदीप, निवासी अरारा, थाना गम्भीरपुर, आजमगढ़, रामाशीष, निवासी कोसड़िला, थाना केराकत, जौनपुर, अर्जुन (आरक्षी), निवासी बागपुर, थाना बरदह शामिल हैं। पूछताछ में अभियुक्त अरविंद गौतम ने खुलासा किया कि यह गिरोह सुनियोजित तरीके से लोगों को रुपये तिगुने करने का लालच देकर ठगता था। असली नोटों को नकली बताने के लिए बैद्यनाथ के कैप्सूल का पाउडर और पानी का इस्तेमाल कर नोटों को गुलाबी रंग का बनाया जाता था, जिससे लोग धोखे में आ जाते थे। सुनसान जगह पर ग्राहक को बुलाकर, पुलिस की वर्दी में अर्जुन के साथ मिलकर रुपये छीन लिए जाते थे। डर के कारण पीड़ित शिकायत करने से बचते थे।

## दबंग नहीं काटने दे रहे गेहूं की फसल पीड़ित ने की शिकायत

शाहजहांपुर। जनपद के थाना जलालाबाद क्षेत्र में दबंगों ने एक पीड़ित किसान के खेत में खड़ी फसल को काटने से मना कर दिया तो पड़ित ने थाने पर शिकायत की जब यहां भी न्याय नहीं मिला तो मजबूरन पीड़ित किसान को उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम ग्राम उम्मरपुर निवासी रवींद्र ने उप जिला अधिकारी जलालाबाद को प्रार्थना पत्र देने के बाद शुक्रवार दिन के 11 बताया कि उसकी खेती अमानुल्लापुर भुडिया, तहसील जलालाबाद, मे है। जमीन उनकी माता जी के नाम है, जिसकी गाटा सं0-21 है जिसका रकबा 20 बीघा है। जिसमें तहसील प्रशासन की देखरेख में गेहूं की फसल बोई गई थी। परंतु गांव के नरेश व सत्यपाल व जुगेन्द्र की नियत खराब हो गई जा जो उनको गेहूं की फसल काटने नहीं दे रहे हैं। पीड़ित ने उप जिलाधिकारी सहित पुलिस विभाग को उनकी गेहूं की फसल कटवाये जाने की मांग की।

# सूर्य प्रताप शाही का मीरजापुर पहुंचने पर स्वागत



मीरजापुर। सूर्य प्रताप शाही कैबिनेट मंत्री, कृषि विभाग उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ का मीरजापुर आगमन पर भाजपा कछवा मंडल अध्यक्ष पवन कुमार उपाध्याय, भाजपा मझवा मंडल अध्यक्ष आकाश सिंह, मुरारी सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष, संतोष कुमार सिंह पूर्व सभासद, संकेत सिंह, राम आसरे सिंह, आशीष कुमार मिश्र, विवेक कुमार पाण्डेय, अजय कुमार सेठ सहित अन्य कार्यकर्ताओं सहित शामिल होते हुए, अजय कुमार उपाध्याय एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत कछवा मीरजापुर, सदस्य भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण नागरिक उड्डयन मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली ने उनका जोरदार स्वागत किया।

मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग उत्तर प्रदेश सूर्य प्रताप शाही एवं विधायक चुनार अनुराग सिंह पटेल के द्वारा चुनार तहसील के सीखड़ ब्लाक के रामगढ़ कला के किसानों के साथ वार्ता की गई। साथ ही मक्का, पपीता, मूंगफली, पातगोभी, केला, लोबिया, रामदाना इत्यादि फसलों का निरीक्षण किया गया। जनपद मीरजापुर में जायद सत्र में 288 हेक्टेयर मक्का फसल के आच्छादन का लक्ष्य निर्धारित है। त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम के तहत मक्का की फसल को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पंचायत, विकासखंड तथा जनपद स्तर पर गोष्ठी एवं मेले का आयोजन कर अधिक से अधिक मक्के की फसल लगाने हेतु प्रचार प्रसार अभियान चलाया गया है। साथ ही साथ किसानों का अन्यत्र जनपद में भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम कराए गए हैं। जिसके फलस्वरुप जनपद में मक्का अच्छादन लक्ष्य 288 हेक्टेयर के सापेक्ष 517 हेक्टेयर का अच्छादन हुआ है, जो कि लक्ष्य से काफी अधिक है। जनपद में जायद सत्र में संकर मक्का का 180 एकड़ क्लस्टर प्रदर्शन कराया गया है। साथ ही साथ सामान्य बीज वितरण के अंतर्गत 42 कुंतल शंकर मक्का का वितरण भी कृषि बिभाग द्वारा किया गया है इस प्रदर्शन बीज पर 2400/- एकड़ अनुदान डीबीटी के माध्यम से दिया गया हैं सामान्य बीज वितरण के अंतर्गत बीज मूल्य का 50 प्रतिशत अथवा 150 प्रति किलो अनुदान देय है। मंत्री के द्वारा बताया गया कि प्रदर्शन हेतु वितरित देसी मक्का, शंकर मक्का एवं पापकार्न पर प्रति एकड़ पर रू 2400 अनुदान देय है साथ ही साथ प्रदर्शन हेतु वितरित बेबी कार्न मक्का पर रू 16000/- प्रति एकड़ अनुदान देय है एवं प्रदर्शन हेतु वितरित स्वीट कार्न मक्का पर रू 2000/- प्रति एकड़ अनुदान देय है, आज कृषक सोहन सिंह के खेत पर मंत्री ने स्वयं मक्के की फसल देखी। मंत्री द्वारा कृषि बिभाग के अधिकारियो और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया वे क्षेत्र में अधिक से अधिक भ्रमण शील रहें और किसानों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराये। प्रक्षेत्र भ्रमण के साथ-साथ मंत्री के द्वारा नव चेतना एफपीओ का निरीक्षण भी किया गया।

# पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है प्रशासनः डीएम

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने बताया कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश के क्रम में जनपद के तहसील मछलीशहर के बसिरहा गांव के मछुआरा समुदाय के घुरहू बिंद जिनकी हाल ही में कराची, पाकिस्तान जेल में मृत्यु हो गई थी, के पार्थिव शरीर के पैतृक गांव में पहुंचने के पश्चात जिला प्रशासन द्वारा संवेदनशीलता बरतते हुए सम्मान के साथ उनका दाह संस्कार कराने के साथ ही केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं सहित जीरो पॉवर्टी योजना अंतर्गत लाभान्वित करते हुए पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि केंद्र तथा प्रदेश सरकार के प्रयासों से मृतक घुरहू बिंद का पार्थिव शरीर आज उनके पैतृक गांव आने की संभावना है जहां परिवारजन को पार्थिव शरीर सुपुर्द करने के साथ ही सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराने में जिला प्रशासन की ओर से हर संभव मदद की जायेगी। दुख की इस घड़ी में जिला प्रशासन परिवार के साथ है।

पीड़ित परिवार के आर्थिक स्थिति के दृष्टिगत विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु आगे की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायेगी जिसके लिये एक त्रिस्तरीय समिति का गठन भी किया गया है जिससे पीड़ित परिवारजन को विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किया जा सके।

त्रिस्तरीय समिति के अध्यक्ष उपजिलाधिकारी मछलीशहर होंगे। अन्य सदस्यों में तहसीलदार मछलीशहर, खंड विकास अधिकारी मछलीशहर तथा मत्स्य अधिकारी होंगे। यह समिति मृतक की पत्नी को विधवा पेंशन, बच्चों को समाज कल्याण विभाग तथा मत्स्य विभाग के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ ही शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से आच्छादित करने हेतु उनके पात्रता की जांच, सत्यापन तथा अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।

## पानी निकासी समस्या के निस्तारण के लिए विधायक व डीएम ने स्थल का किया निरीक्षण



मीरजापुर। नगर पंचायत कछवां का पानी बजहा में जाकर इकट्ठा हो रहा है जिससे वहां काश्तकारों की फसल डूब जाती है उक्त समस्या के निदान हेतु विधायक मझवां शुचिस्मिता मौर्च व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र व अन्य राजस्व स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षणोपरान्त जिलाधिकारी, विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना, इस संदर्भ में मौके पर सम्बन्धित अधिकारी से एस0 टी0 पी0 प्लांट बनाने हेतु सुझाव मांगा गया, जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था आर0ई0एस0 व सी0 एण्ड0 डी0एस0 को निर्देशित करते हुए कहा कि कच्चा खोदाई कराए जिससे पानी निकलने लगे और तब तक प्रस्ताव बनाकर तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित करते हुए कहा कि दो दिवस के अन्दर जमीन की पैमाइश कराए ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सकें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र उपस्थित रहें।

## सद्गुरू रितेश्वर महाराज पहुंचे चौकियां धाम माता रानी के चरणों में नवाये शीश



चौकियां धाम, जौनपुर। आनन्द धाम वृन्दावन के रितेश्वर जी महाराज ने शक्तिपीठ मां शीतला चौकियां धाम में मां शीतला के चरणों में शीश नवाया। गुरुवार की शाम में कई वाहनों अपने भक्तों के साथ शीतला चौकियां धाम पहुंचे। माँ शीतला का दर्शन कर यहां की महत्ता को जाना। इसके पहले महाराज का काफिला पुलिस फोर्स के साथ शीतला चौकियां धाम पहुंचा जहां मां शीतला के पास गद्दी पर विराजमान सुजीत पंडा व अभिषेक पंडा ने पूरे विधि विधान से रितेश्वर महाराज को मां शीतला का दर्शन पूजन कराया। इसके बाद वह आगे के लिये रवाना हो गये जहां तमाम लोगों की भीड़ एकत्रित रही।

## कानूनी टिप्स देकर महिला सिपाही कर रहीं जागरूक

सोनभद्र। सरकार द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति (फेज-05) अभियान के तहत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूलों/कॉलेजों, मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे-वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससे समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

# अडानी के थर्मल पॉवर प्लांट पर विरोध

मीरजापुर। जनपद के सदर तहसील क्षेत्र के ददरी खुर्द गांव के किसानों ने अडानी के 1600 मेगावाट थर्मल पॉवर प्लांट को लेकर विरोध तेज कर दिया है। पिछले दिनों हुए जनसुनवाई को 'गैरकानूनी' करार देते हुए मुख्यमंत्री सहित जिलाधिकारी मीरजापुर से इसकी शिकायत करते हुए जांच कर अविलंब रोक लगाने की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि आपाधापी और 'भाड़े की भीड़' के बीच सम्पन्न हुई जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रभावित समुदायों को पहले से कोई सूचना या जानकारी भी देना मुनासिब नहीं समझा गया है। मजे की बात तो यह है कि यूपीपीसीबी की वेबसाइट पर भी कोई सूचना नहीं है। बताते चलें कि अडानी की कंपनी द्वारा मीरजापुर थर्मल एनर्जी (यूपी) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के ददरी खुर्द गांव के वन क्षेत्र में 1600 (2800) मेगावाट की कोयला आधारित अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना स्थापित करने का प्रस्ताव को लेकर 11 अप्रैल 2025 को पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई का आयोजन किया गया था। जिसमें उत्तर प्रदेश के पूर्व उर्जा राज्यमंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शिव प्रसाद शुक्ला, क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी सोनभद्र व अडानी ग्रुप के चेयर पर्सन दिनेश सिंह मौजूद रहें। इस जनसुनवाई में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं जिले के गणमान्य लोगों के उपस्थित होने का दावा करते हुए कहा गया कि, इस पावर प्लांट के लगने से क्षेत्र के काफी लोगों को रोजगार एवं जिले का विकास होगा। मड़िहान के भाजपा विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने विकास का दावा करते हुए महिलाओं को रोजगार मिलने तक की बात तो कह डाली, लेकिन इससे होने पर्यावरणीय नुकसान, देवरी मड़िहान के जंगलों में वास करने वाले जंगली जीव-जंतुओं के जीवन पर मंडराने वाले खतरा, जंगलों के नष्ट होने के बाद होने वाली परेशानियों तथा भू-गर्भ जल की निकट भविष्य में उत्पन्न होने वाली समस्या पर बोलना उचित नहीं समझा है। इस जनसुनवाई के बीच काफी संख्या में जुटे लोगों ने खुलकर विरोध करते हुए स्थानीय लोगों को न बुलाकर बाहरी लोगों खासकर राजगढ़ विकासखंड क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों के लोगों को एक सोची-समझी रणनीति के तहत बुलाएं जाने का खुला आरोप लगाते हुए कहा है कि कंपनी के लोग शुरू से ही जनहितों की अनदेखी करती आई है।

# स्वस्थ शरीर सफलता का मूल मंत्र : रत्नेश कुमार





केराकत, जौनपुर। खेल आयोजनों से खेलो के प्रति युवा खिलाड़ियों के रुझान को बढ़ाया है। खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर सफलता का मूल मंत्र है।

उक्त बातें भीम आर्मी के पूर्व जिलाध्यक्ष रत्नेश कुमार ने शहीदी गांव सेनापुर में आयोजित सेनापुर प्रीमियम लीग के विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कही। साथ ही आगे कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी रोजगार का सशक्त माध्यम है। जीत के लिए खिलाड़ी बराबर परिश्रम करते हैं लेकिन जीत एक को ही मिलती है। उपविजेताओं को इससे सबक लेकर भविष्य के लिए बेहतर तैयारी करने की जरूरत है।

### चेवार ने लालगंज को परास्त करके खिताब पर जमाया कब्जा

वहीं सेनापुर प्रीमियम लीग में बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचे दिशा हास्पिटल के डॉ आशीष गौतम व समाजसेवी राजनाथ ने खिलाड़ियों से परिचय के साथ प्रतियोगिता के महामुकाबले को प्रारंभ कराया। महामुकाबला सोनिया सपोर्टिंग क्लब चेवार व बेहरा लालगंज के बीच खेला गया। टॉस जीतकर बेहरा की टीम पहले बल्लेबाजी करने मैदान में उतरी और 8 ओवर में चेवार को 46 रनों का टारगेट दिया। खिताब पर कब्जा जमाने के उद्देश्य से मैदान में उतरी चेवार की टीम ने 5 विकेट से लालगंज को परास्त कर सेनापुर प्रीमियम लीग पर अपना कब्जा जमाया। विजेता व उपविजेता टीम को चमचमाती ट्राफी से नवाजा गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मोनू को मैन ऑफ द मैच दिया गया। खिताबी मुकाबले के निर्णायक विजय, दिलावर व सुनील गौरव रहे। साथ ही रोहित व वरुण कुमार ने अपनी मधुर आवाज से मैदान में मौजूद क्रिकेट प्रेमियों का मनोरंजन कराया। वहीं प्रतियोगिता में आये अतिथियों का स्वागत आयोजककर्ताओं ने करते हुए कहा कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सभी प्रतिभागी टीम व ग्रामीणों का योगदान सराहनीय है।

## वकील पर जान लेवा हमले के आरोपी पुलिसकर्मी को निलंबित करने की मांग

सोनभद्र। दो दिन पूर्व प्रयागराज जनपद के औद्योगिक क्षेत्र नैनी में अधिवक्ता आदर्शन मिश्र को चौकी इंचार्ज संजीव कुमार द्वारा बुरी तरह पीटने की घटना की जानकारी होते ही जनपद प्रयागराज सहित प्रदेश के अधिवक्ता संघों एवं अधिवक्ताओं में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया है। पुलिस द्वारा बेवजह अधिवक्ता आदर्शन मिश्र की जान लेवा पिटाई की घटना की जानकारी होते ही संयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रदेश के उच्च पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर तत्काल दोषी पुलिस अधिकारी पर कठोर से कठोर कारवाई करने व निलंबन की मांग की है।

सँयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर थाने में अधिवक्ता आदर्शन मिश्र की जानलेवा पिटाई करने वाले आरोपी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कारवाई की माँग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि प्रदेश में आए दिन अधिवक्ताओं पर हो रहे प्राण घातक हमले से अधिवक्ताओं में भय व्याप्त हो गया है और अधिवक्ताओं पर आए दिन होने वाले हमले इस बात का प्रमाण है कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ना तो प्रदेश सरकार और ना ही उत्तर प्रदेश की पुलिस के पास कोई कार्य योजना है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने मुख्यमंत्री से माँग किया है कि इस घटना की उच्च स्तरीय जाँच करवाकर घटना में संलिप्त पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कारवाई करें अन्यथा प्रदेश के अधिवक्ताओं को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। साथ ही गंभीर रुप से घायल अधिवक्ता संजीव कुमार के इलाज हेतु आर्थिक सहयोग धनराशि को भी तुरंत देने की मांग की है। इसके अलावां श्री मिश्र ने एक बार पुनः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उत्तर प्रदेश में जल्द से जल्द अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की पुरजोर माँग करते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू होने से आए दिन प्रदेश के अधिवक्ताओं पर हो रहे जानलेवा हमलों में काफी कमी आएगी और प्रदेश के अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

## प्राथमिक विद्यालय हरदीपुर में शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव संपन्न

जौनपुर। प्राथमिक विद्यालय हरदीपुर विकास खण्ड करंजाकला में शारदा संगोष्ठी और वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न हुआ जहां कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। विद्यालय के वार्षिकोत्सव में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जिसमें नृत्य, संगीत और नाटक




शामिल थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को माल्यार्पण करते हुये अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद एआरपी संदीप चौधरी, विद्यालय की पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापिका अनवर जहां खानम और शैलेन्द्र पाल प्रधानाध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरदीपुर को सम्मानित किया गया। एआरपी संदीप चौधरी ने शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुये सभी अभिभावकों से कहा कि वह अपने बच्चों का नामांकन कर प्रतिदिन विद्यालय भेजें जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। एआरपी ने विद्यालय के निपुण होने पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शमा फानूस एवं समस्त स्टाफ की प्रशंसा करते हुये बच्चों को अच्छे भविष्य की शुभकामना दिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शमा फानूस ने भी सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि वह अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय अवश्य भेजें। विद्यालय में उपस्थित कक्षा 1 से 5 के बच्चों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर ईनाम देते हुये कार्यक्रम में आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शारदा किट दी गयी। प्रधानाध्यापिका शमा फानूस ने विद्यालय परिवार की ओर से उपस्थित सभी लोगों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका शमा फानूस, एआरपी संदीप चौधरी, प्रधानाध्यापक शैलेन्द्र पाल, अरविंद गिरि अधिवक्ता, अनवर जहां खानम, रफत जहां, नसरीन फात्मा, नेहा तिवारी, ज्योति पाठक, अनीता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

## श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत का मण्डलीय अधिवेशन 18 मई को

**सीतापुर।** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत की बैठक राजस्थानी होटल में संपन्न हुई।

जिसमें प्रदेश महामंत्री ने बताया कि यूनियन का मण्डलीय अधिवेशन आगामी 18 मई को कस्बा बिसवां के हरगोविंद हाल केन यूनियन में आयोजित होगा।

जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, मंत्रीगण, विधायक, इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन के महासचिव बलविंदर सिंह जम्मू कश्मीर, एसएन सिन्हा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के कई जिलों से पत्रकार मौजूद रहेंगे।

बैठक में चंद्रगुप्त श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज्य समिति, व सीतापुर के जिला अध्यक्ष सिराज अहमद ने इसके प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए पत्रकारों के उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने का आवाहन किया।

# नाबालिग से किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार की शाम खेत को गेहूं बीनने गई एक नाबालिग लड़की के पड़ोस के गांव युवक ने दुष्कर्म किया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करके पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण हेतु जिला अस्पताल भेजा है। सकरन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 11 वर्षीय कक्षा पांच की छात्रा बृहस्पतिवार को स्कूल से आने के बाद साम करीब पांच बजे गांव के बाहर खेत को गेहूं की बाली बीनने गई थी तभी वहां बाइक से पहुंचे पडोसी गांव कुटीपुरवा थाना सकरन निवासी सुग्रीव ने छात्रा को अकेला देख उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया इस दौरान छात्रा बेहोश हो गई आरोपी बेहोशी की हालत में उसे छोड़ कर मौके से फरार हो गया होश में आने पर किसी तरह पीड़िता लहूलुहान हालात में अपने घर पहुंच कर परिजनों से पूरी बात बताई तब परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे सूचना पाकर एएसपी उत्तरी आलोक सिंह सीओ बिसवां सतीश चन्द्र शुक्ल तथा मानपुर,रेउसा,बिसवां थानों की पुलिस भी देर साम मौके पर पहुंच गई थानाध्यक्ष नवनीत मिश्र ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए देर साम टीमें गठित कर सम्भावित जगहों के लिए रवाना कर दिया देर रात पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष नवनीत मिश्र ने बताया मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा जा रहा है ।

## 42 दिन बाद मिला लापता महिला का शव

**कुशीनगर।** जिले के अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के बलुआ गांव की महिला गीता देवी की हत्या का राज 42 दिन बाद खुल गया। तीन वर्ष पूर्व बेलवा गांव के विशाल कुशवाहा से विवाह के बंधन में बंधी गीता देवी 10 मार्च को अचानक लापता हो गई थी। उसके ससुराल वालों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन गीता के मायके पक्ष को शुरू से ही शक था कि मामला गुमशुदगी का नहीं, बल्कि दहेज हत्या का है।गीता देवी का शव रामकोला थाना क्षेत्र के सेमरा घाट से पुलिस ने बरामद किया। आरोपी पति विशाल कुशवाहा ने पूछताछ में अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने शव को गंडक नदी के किनारे राजापुर इलाके में दफना दिया था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर शव को मजिस्ट्रेट और फॉरेंसिक टीम की निगरानी में बरामद कर लिया।



गीता देवी के परिजनों ने आरोप लगाया है कि ससुराल पक्ष लगातार दहेज की मांग कर रहा था और मांग पूरी न होने पर उनकी बेटी की हत्या कर दी गई। गीता और विशाल का एक साल का बेटा भी है, जिसे लेकर अब परिजन न्याय की गुहार लगा रहे हैं। हालांकि ससुराल पक्ष का दावा है कि पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था और इसी तनाव में गीता ने आत्महत्या कर ली।

शव मिलने के बाद घबराए पति ने उसे छुपाने के लिए नदी किनारे दफना दिया। फिलहाल आरोपी पति को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और कानूनी कार्रवाई जारी है। घटनास्थल व गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि किसी तरह से तनाव की स्थिति न उत्पन्न हो।

## जुआ खेल रहे 10 गिरफ्तार, 06 मोटरसाइकिलें बरामद

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक मविक्रान्त वीर के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अरविन्द कुमार वर्मा व श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना तरकुलवा पुलिस द्वारा आज मुखबिर की सूचना पर भैसाडाबर गोशाला के पास बने कचरे घर के अन्दर जुआ खेल रहे 10 व्यक्तियों क्रमशः राकेश मद्धेशिया पुत्र हृदया मद्धेशिया निवासी वार्ड नं0 3 कस्बा पथरदेवा थाना तरकुलवा, मुनमुन यादव पुत्र झगरू यादव निवासी सिधावें थाना तरकुलवा, आकाश मद्धेशिया पुत्र स्व0 प्रहलाद मद्धेशिया निवासी वार्ड नं0 9 कस्बा पथरदेवा थाना तरकुलवा, पवन मद्धेशिया पुत्र चुम्मेलाल मद्धेशिया निवासी वार्ड नं0 9 कस्बा पथरदेवा थाना तरकुलवा, विपिन गुप्ता पुत्र नन्दकिशोर गुप्ता निवासी सिधावें थाना तरकुलवा, दीन इस्लाम पुत्र बंधु अंसारी निवासी कंचनपुर थाना तरकुलवा, विरेन्द्र साहनी पुत्र राधेश्याम निवासी भेलीपट्टी वार्ड नं0 6 थाना तरकुलवा, सत्यम मद्धेशिया पुत्र महेन्द्र मद्धेशिया निवासी वार्ड नं0 11 कस्बा पथरदेवा थाना तरकुलवा, अब्दुल अंसारी पुत्र साहेबजान अंसारी निवासी सिधावें थाना तरकुलवा तथा 10. विजय पुत्र हरिहर निवासी वार्ड नं0 9 कस्बा पथरदेवा समस्त थाना तरकुलवा जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास 77500 रुपये, 10 गड्डी ताश, 52 ताश के पत्ते व 06 अदद मोटरसाइकिलें बरामद करते हुए थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 139/025 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधि0 पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष श्री मृत्युन्जय राय थाना तरकुलवा, हे0कां0 सत्यानारायन राय का0संजीत सिंह ,का0 सर्वेश यादव , का0 रणजीत सिंह ,का0 शिवम सिंह का0 संजय गौड़, ।.का0 जयसिंह यादव , का0 सिद्धार्थ कुमार ,का0 कृष्ण कुमार यादव थाना तरकुलवा जनपद देवरिया आदि है ।

# पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत की कारवाई

जिला संवाददाता

**सीतापुर।** गोवध निवारण एवं पशु क्रूरता अधिनियम के पांच आरोपियों के खिलाफ महमूदाबाद कोतवाली पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस ने आरोपियों की अपराध से अर्जित संपत्तियों का ब्योरा जुटाना शुरू कर दिया है। रामपुर मथुरा मार्ग पर डफरा के पास तालाब में 10 अगस्त 2024 की रात करीब नौ बजे अनियंत्रित होकर पिकअप पलट गई थी। ग्रामीणों में मौके पर पहुंच देखा कि पिकअप में बड़ी बेरहमी से रस्सियों के सहारे कई गोवंश बंधे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के साथ जेसीबी की मदद से गोवंशों को बाहर निकाला जिसमें तीन गोवंश की मौत हो चुकी थी। जांच के बाद पता चला गोवंश को तश्करी कर कटने के लिए ले जाया जा रहा था। जांच के दौरान प्रकाश में आए महमूदाबाद के मलिकापुर के सरवर पुत्र राजाराम, परमानंद पुत्र अशर्फी, महराज पुत्र रंगीलाल, आलोक यादव पुत्र परमानंद, जनपद गाजीपुर के कासिमाबाद के नोनहरा के तौफीक राइनी पुत्र अब्दुल गफ्फार के खिलाफ गोवध निवारण व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज करते हुए सभी आरोपियों को जेल भेज दिया था। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि पुलिस ने गैंग चार्ट का अनुमोदन कराकर पांचों आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए आरोपियों की अपराध से अर्जित संपत्तियों का ब्योरा जुटाना शुरू कर दिया है।

# दस लाख की लागत से बना सामुदायिक शौचालय नही किया जा सका चालू

**सकरन/सीतापुर।** चालू नही किया जा सका दस लाख की लागत से बना सामुदायिक शौचालय ब्लाक आने वाले फरियादी बाहर शौच जाने पर मजबूर।

विकास खंड की ग्राम पंचायत सांडा द्वारा पंचायत निधि से दस लाख की लागत से एक सामुदायिक शौचालय का निर्माण तत्कालीन खंड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार के निर्देश पर ब्लाक मुख्यालय परिसर में विगत एक वर्ष पूर्व कराया गया था जिसमें ब्लाक आने वाले पुरूष व महिलाएं नित्यक्रिया के लिए जा सकते थे।

जिम्मेदारों द्वारा शौचालय का निर्माण कराकर सारा भुगतान निकाल लिया गया अभी तक शौचालय में न तो पानी की टंकी लगवाई गई और न ही आम जनता के लिए उसे खोला गया नव निर्मित शौचालय पर अभी तक बोर्ड भी नही लगवाया गयाऔर न ही पुरूष-महिला प्रसाधन लिखवाया गया शौचालय के दोनो दरवाजों पर ताला लगे हुए है ।

शौचालय बंद होने की वजह से ब्लाक आने जाने वाले प्रधान व ग्रामीण पुरूष महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है सबसे बडी समस्या तो ब्लाक आने वाली महिलाओं के लिए होती है पेट खराब होने पर उन्हे ब्लाक के बाहर एक किमी दूर जाना पड़ता है।

मामले में जब पंचायत सचिव शिव मंगल मिश्र से बात की गई तो उन्होने बताया कि शौचालय निर्मित है जिसका उद्घाटन बिसवां बिधायक द्वारा किया जाना था।

## नदी में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बनकटा शिव घाट के पास छोटी गंडक नदी से पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। बताया गया है कि छोटी गंडक नदी में बनकटा शिव घाट पास बने पक्का पुल के उत्तर तरफ नदी में एक शव को लोगों ने देखा। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाया और शव की शिनाख्त करने की कोशिश किया लेकिन समाचार लिखे जाने तक शव को पहचान नहीं हो सकी थी। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी ने बताया कि शव की शिनाख्त नही हो पायी है। शव के शिनाख्त हेतु 72 घण्टे के लिए के लिए मरचरी हाऊस मे रखा गया है। समावधि के बाद पोस्टमार्टम होगा। पीएम रिपोर्ट आने पर ही मृत्यु के कारणों का पता चल पायेगा।

## अवैध संबंधों के चलते प्रताड़ित करने का लगा आरोप

**सीतापुर।** पत्नी ने पति पर अन्य महिला के साथ अवैध संबंधों के चलते प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महमूदाबाद के तुरसेना गांव निवासिनी एक महिला ने आरोप लगाया है कि वह चार बच्चों की मां है। आरोप है कि उसके पति विश्वनाथ पुत्र रामानंद का अन्य महिला से अवैध संबंध हैं जिसका विरोध करने पर विश्वनाथ उसके व बच्चों के साथ अक्सर मारपीट कर प्रताड़ित करता है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि शिकायतीपत्र मिला है जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित



**सीतापुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय धौरहरा में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग ने विशेष शिविर लगाकर मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर निशुल्क वितरित की दवाइयां। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वधान में संचारी रोगों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्राथमिक विद्यालय धौरहरा में किया गया जिसमें डॉक्टर सरोज लता, डॉक्टर, डॉ खुशनूद आलम, डॉ रूबी मिश्रा, व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 133 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की और लोगों को संचारी रोगों से बचने के लिए जागरूक किया। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर अरविंद वाजपेई ने बताया कि क्षेत्र में मौसम के बदलाव को लेकर वायरल फीवर के बढ़ते हुए प्रकोप को देखते हुए जगह-जगह स्वास्थ्य कैंप लगाकर मरीज के स्वास्थ्य की जांच कर दवाइयां दी जा रही है।

# आईएएस,पीसीएस बनकर राष्ट्र सेवा करने का सपना संजोये युवाओं को मिलेगा मार्गदर्शन

**देवरिया।** जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री जैसवार लाल बहादुर ने बताया कि जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की विशेष पहल एवं निर्देशन में दिनांक 20 अप्रैल रविवार को प्रातः 9 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), देवरिया के परिसर में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला में आईएएस, पीसीएस बनने का सपना संजोने वाले सभी युवा प्रतिभाग कर सकते हैं। यह कार्यशाला पूर्णतया निःशुल्क है।

इस कार्यशाला का उद्देश्य जिले के उन युवाओं और छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान करना है, जो आईएएस, पीसीएस तथा अन्य प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। यह कार्यशाला न केवल छात्रों को परीक्षा की बेहतर रणनीति, उत्तर लेखन कौशल, समय प्रबंधन, मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास के निर्माण जैसे विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों से सीधे संवाद का अवसर भी प्रदान करेगी।

कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले प्रमुख वक्ता जनपद के अनुभवी प्रशासनिक अधिकारी होंगे, जिनमें जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल (आईएएस), मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रत्यूष पांडेय (आईएएस), ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर श्रुति शर्मा (आईएएस), श्री धीरेन्द्र यादव (पीसीएस) तथा श्री हरिशंकर लाल (पीसीएस) सहित अन्य अधिकारीगण शामिल रहेंगे।

अपने-अपने प्रशासनिक अनुभवों, परीक्षा तैयारी की व्यक्तिगत यात्रा और चुनौतियों के समाधान की दिशा में दिए गए सुझावों के माध्यम से ये अधिकारी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

कार्यशाला के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राएँ अपनी तैयारी से जुड़ी जिज्ञासाओं को सीधे अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे, जिससे उन्हें सही मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यह संवाद प्रतिभागियों में आत्मविश्वास का संचार करेगा तथा उन्हें उचित अध्ययन पद्धति और अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

यह कार्यशाला पूर्णतः निःशुल्क है तथा किसी भी प्रकार के पंजीकरण शुल्क की आवश्यकता नहीं है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे समस्त युवाओं से अनुरोध है कि वे समय से कार्यशाला स्थल पर पहुँचकर इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाएँ और अपने भविष्य को सुनियोजित दिशा में अग्रसर करें।

## नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष ने सेल्फी पॉइंट का किया शुभारंभ



**लहरपरु/सीतापुर।** नगर के लहरपुर गेट पर सेल्फी पॉइंट का शुभारंभ पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद के द्वारा फीता काटकर किया गया इस मौके पर उन्होंने कहा कि नगर में प्रथम सेल्फी पॉइंट का निर्माण पालिका परिषद द्वारा किया गया है उनका उद्देश्य लहरपुर को साफ सुथरा और आकर्षक बनाना है इस मौके पर प्रमुख रूप से सभासद मनीष शुक्ला, मोइन खान, क्रांति, उस्मान खान, अन्नू अवस्थी, आलम, विजय, प्रदीप, रहमत अली, शोएब, नबी अहमद सहित नीरज गौड़, हाजी मुशीर, जगदीश, निसार, सोनू, शेखर वर्मा , प्रांजुल सहित बड़ी संख्या मां नगर वासी मौजूद रहे।

# एक्सपोज होने के बाद बुद्धा हॉस्पिटल ने कृष्णा का दूसरे जगह कराया दोबारा आपरेशन

**कुशीनगर।** गरीब मजदूर के जिन्दगी से खिलवाड़ व आयुष्मान भारत योजना के धन को लूट-खसोट करने वाला बुद्धा हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर के कारगुजारियों को जब मीडिया द्वारा एक्सपोज किया गया तो हास्पिटल के संचालक नंदलाल कुशवाहा आनन-फानन मे पीडित मरीज व उसके परिजनों को लालच देकर दोबारा दुसरे जगह आप्रेशन करा दिया। जबकि इसके पूर्व हास्पिटल संचालक सीधे मुंह मरीज से बात नही कर रहे थे। सूत्रो का कहना है कार्रवाई

- सीएमओ को मैनेज करने मे जुटे बुद्धा हास्पिटल के संचालक
- सीएमओ ने गठित की जांच

से बचने के लिए नंदलाल कुशवाहा ने सीएमओ कार्यालय के अपने स्वजातीय अधिकारी व कर्मचारी के माध्यम से नवागत सीएमओ को मैनेज करने में जुटे है। अब देखना दिलचस्प होगा कि गरीबो के जिन्दगी से खेलने व पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट को अपने कमाई का जरिया बनाने वाले बुद्धा हास्पिटल के संचालक नंदलाल कुशवाहा के खिलाफ सीएमओ कार्रवाई करते है या फिर पूर्व सीएमओ डॉ. सुरेश पटारिया की तरह नंदलाल का रहनुमा बनकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लूटने और लोगो के जिन्दगी से खेलने का खुला छूट देते है।

बतादे कि मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करने वाला जनपद के दुदही ब्लाक क्षेत्र के जिरात गांव के निवासी 48 वर्षीय कृष्णा पुत्र स्व. नरायण वर्मा के

पेट मे दर्द महसूस होने पर वह पडरौना के सरकारी हास्पिटल के चिकित्सक के सलाह पर अल्ट्रासाउंड कराया तो पित्त की थैली में पथरी की शिकायत मिली, फिर उस सरकारी चिकित्सक के कहने पर ही कृष्णा बीते वर्ष जून माह प्रथम सप्ताह में पडरौना नगर के छावनी के पडरौना-कसया रोड पर स्थित बुद्धा हॉस्पिटल मे ऑपरेशन करवाया था। आपरेशन आयुष्मान भारत योजना के कार्ड से किया गया। बुद्धा हास्पिटल मे कृष्णा का आप्रेशन डॉ.अंशुमान पाण्डेय ने किया ऐसा बुद्धा हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर के संचालक नंदलाल कुशवाहा का कहना है। अब सवाल यह उठता है कि आखिरकार डॉ. अंशुमान पाण्डेय ने तकरीबन बीस इंच पेट चीरकर कृष्णा का आपरेशन किया तो फिर कृष्णा के पेट से पित्त की थैली व पथरी को क्यो नही निकाला? इसके पीछे चिकित्सक और हास्पिटल संचालक की मंशा क्या थी? परिजनों को विश्वास में लेने के हास्पिटल प्रशासन ने क्यो फर्जी तरीके से कटोरे मे रखकर पित्त की थैली व पथरी दिखाया गया? बताया जाता है कि बुद्धा हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर द्वारा 8 जून-2024 को कृष्णा को डिस्चार्ज करने के बाद ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर अंशुमान पाण्डेय ने कुछ दिनों तक दवा चलाया। कृष्णा की माने तो जब वह खुद को स्वस्थ महसूस करने लगा तो परिवार के जीविकोपार्जन के लिए मजदूरी पर काम शुरू कर दिया।

लेकिन कार्य करते समय फिर उसके पेट मे दर्द होने लगा जो ऑपरेशन के पूर्व हुआ करता था। फिर वह काम को छोड़कर वापस घर आ गया और दोबारा सरकारी हास्पिटल के उस डॉक्टर को दिखाकर अल्ट्रासाउंड कराया। पीडित कृष्णा के मुताबिक दोबारा अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट लेकर जब सरकारी डाक्टर के पास गया तो रिपोर्ट मे पित्त की थैली और पथरी जस के तस थी यह देख डाक्टर सहित कृष्णा के होश उड़ गये। इस दौरान सरकारी हास्पिटल के डाक्टर ने कहा कि बुद्धा हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर ने तुम्हारे जिन्दगी व आयुष्मान भारत योजना के साथ खिलवाड़ किया है।

### बुद्धा हास्पिटल ने कृष्णा का दोबारा कराया आपरेशन

कहना ना हो बुद्धा हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर के कारगुजारियों को जब मीडिया ने एक्सपोज किया तो बुद्धा हास्पिटल के संचालक नंदलाल कुशवाहा ने तत्काल पीडित कृष्णा के परिजनों से संपर्क किया। सूत्र बताते है कि नंदलाल कुशवाहा ने कृष्णा के परिजनों को मोटी रकम का लालच देकर आनन-फानन में कृष्णा का दुसरे जगह आपरेशन कराया है जिसे गुरुवार को हास्पिटल द्वारा डिस्चार्ज किया गया है। सूत्र बताते है कि दोबारा आपरेशन से पहले जहां लाखो रुपये देने की बात कही गयी थी वही आपरेशन के बाद संचालक ने बीस हजार रुपये देकर पल्ला झाड़ लिया। इस बात मे कितनी सच्चाई है यह जांच का विषय है।

### जानकार बोले अपराध नही छुपता

मीडिया द्वारा एक्सपोज करने के बुद्धा हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर के संचालक नंदलाल कुशवाहा भले ही कृष्णा का दोबारा आपरेशन कराकर अपनी कुटनीति पर इतरा रहे है लेकिन जानकारो का कहना है कि इससे बुद्धा हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर की कारगुजारी किस्सा व अपराध नही खत्म नही होता है। सवाल अब यक्ष प्रश्न बना हुआ है कि पहली बार कृष्णा का पेट चीरने के बावजूद पथरी और पित्त की थैली क्यो नही निकाली गयी। सवाल यह भी उठता है कि कृष्णा के आयुष्मान कार्ड पर बुद्धा हास्पिटल ने कितना भुगतान लिया है।

### हास्पिटल संचालक बोले

इस संबंध मे जब बुद्धा हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर के संचालक नंदलाल कुशवाहा से बात की गयी तो उन्होने बताया कि कृष्णा का आपरेशन हुआ था, आपरेशन डॉ. अंशुमान पाण्डेय ने किया था।

# संदिग्ध परिस्थिति में गड्ढे में मिला शव

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले के कसया-पडरौना मार्ग स्थित डिघवा गांव के सामने संदिग्ध परिस्थितियों में 21 वर्षीय युवक का शव सड़क के किनारे गढ्ढे में मिला। युवक के शरीर और चेहरे पर काफी गंभीर चोट के निशान थे, सूचना पर पहुंची पुलिस

- अपनी शादी का कार्ड बांटने के लिए 15 अप्रैल की शाम घर से निकला था युवक
- 18 अप्रैल को डीघवा गांव के समीप युवक का मिला शव

ने शव का पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। जानकारी के अनुसार मृतक युवक आदित्य गिरी पुत्र रामचन्द्र गिरी उम्र 21वर्ष निवासी अमवा चौधरी बीते 15 अप्रैल की शाम 5:00 बजे अपने शादी का कार्ड बांटने के लिए घर से बाइक लेकर निकला था। 16 अप्रैल को जब वह घर नहीं पहुंचा तो पिता ने युवक के मोबाइल पर फोन मिलाया, फोन स्विच ऑफ जा रहा था।

16 अप्रैल के सुबह में ही मृतक युवक के पिता रामचन्द्र गिरी के फोन रामकोला थाना क्षेत्र के भोदशी निवासी मंटू गिरी ने फोन कर बताया कि आदित्य गिरी मेरी भांजी काजल को गाड़ी से लेकर जा रहा था, जिसका दुर्घटना कसया थाना क्षेत्र के बाड़ीपुल के पास हो गया है। अनहोनी की आशंक जताते हुए पिता रामचन्द्र ने तुर्कपट्टी थाना में तहरीर दिया। जिसमें रामकोला थाना क्षेत्र के मंटू गिरी पुत्र ओम प्रकाश गिरी, मार्कण्डेय गिरी पुत्र गंगा गिरी, चिंता देवी पत्नी मंटू गिरी, मिर्जा गिरी कुल पांच लोगों को युवक को बंदी बनाने की बात कही। तहरीर पर उचित कार्यवाही न होता देख रामचन्द्र ने 18 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। रामचन्द्र गिरी पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर बाइक लौट रहा था, जैसे ही वह कसया थाना क्षेत्र के कसया- पडरौना मार्ग स्थित डिघवा गांव के समीप पहुंचा, तो देखा कि सड़क किनारे भारी भीड़ लगी हुई थी। रुककर देखा तो उसी का बेटा आदित्य गिरी का शव सड़क के गढ्ढे में पड़ा हुआ है। मृतक युवक के शरीर और चेहरे पर काफी गम्भीर चोट के निशा थे। महिला की साड़ी में शव लिपटा हुआ था। बताया जाता है कि कबाड़ इकठ्ठा करने वाले युवकों ने युवक का शव देखकर शोर मचाया, जिसके बाद भीड़ इकठ्ठा हो गई थी। राहगीरों ने कसया पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम हेतु भेजवाया। पिता ने हत्या किए जाने की बात कहते हुए बताया कि मृतक आदित्य का तिलक 09 मई और विवाह 13 मई को था।

## बारात में शामिल लोगों ने अक्षत की रस्म के दौरान किया हंगामा

**सीतापुर।** बिसवां कोतवाली क्षेत्र में एक शादी समारोह हिंसक झड़प में बदल गया। सरैया माफी गांव में गुरुवार रात करीब 11 बजे यह घटना हुई। शेखनपुरवा से आई बारात में शामिल लोगों ने अक्षत की रस्म के दौरान हंगामा शुरू कर दिया। दूल्हे के पिता छेदा लाल के नेतृत्व में बारातियों ने कन्या पक्ष पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमलावरों ने शादी का मंडप भी तोड़ डाला। इस हमले में दुल्हन की चाची गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। दुल्हन की बहन के सिर में ईंट लगने से गंभीर चोटें आईं। कन्या पक्ष के दीपक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि छेदा लाल ने इस घटना की साजिश रची। हिंसा के कारण शादी की रस्में अधूरी रह गईं और बारात बिना दुल्हन के वापस लौट गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक टी पी सिंह के अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## काउंसलिंग के सदस्यों के चयन के लिए मतदान का आयोजन




**सीतापुर।** स्टूडेंट काउंसिल इलेक्शन 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन सिंघानिया एजुकेषनल इंस्टीट्यूट में 16 एवं 17 अप्रैल को सम्पन्न हुआ। विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक तरीके से विभिन्न प्रतिनिधियों का चुनाव किया। प्रतिनिधि मंडल में कक्षा प्रतिनिधि, हेडबॉय, हेडगर्ल, हाउस प्रिफेक्ट, स्पोर्ट कैप्टन का चयन हुआ। विद्यालय के चेयरमैन ओम प्रकाश सिंघानियाह्य ने छात्रों को इस अवसर पर लोकतंत्र में मतदान की प्रक्रिया एवं उसके महत्व के विषय में अवगत कराया। मतदान करने से पूर्व सभी छात्रों को निष्पक्ष मतदान करने की शपथ दिलवाई गई। छात्रों ने अपने शिक्षकों के निर्देशन में मतदान किया।

## एनीमिया के बारे में विस्तार से दी गयी जानकारी

**सीतापुर।** बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति अभिभावकों को जागरुक रहने के साथ मौसम के साथ उनका खानपान व कपड़ों के उपयोग करवाने की जरूरत है। अभिभावक बच्चों के प्रति यदि सतर्क रहें और सावधानी बरतें तो ज्यादातर बीमारियों से बचा जा सकता है। उक्त बातें सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में शुक्रवार को आयोजित एनीमिया स्क्रीनिंग कैंप में मौजूद शिक्षकों, विद्यार्थियों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए न्यूट्रीशनपंच लखनऊ की फाउंडर डा. रानू सिंह ने कही।

उन्होंने इस दौरान एनीमिया के लक्षण व बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों का जिस मशीन से परीक्षण किया गया वह अमेरिकन कंपनी द्वारा बनाई गई मशीन है। भारत में अभी केवल छह मशीनें उपलब्ध हैं।

# कोर्ट के आदेश की अवहेलना पर बीएसए के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**कुशीनगर।** प्रयागराज हाईकोर्ट ने कुशीनगर के बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए ) राम जियावान मौर्य के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए गैर जमानती वारंट जारी किया है। यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश का पालन न करने और बार-बार तिथि पर अनुपस्थित रहने के चलते की गई है। हाईकोर्ट ने उन्हें एक सप्ताह के भीतर अदालत में पेश होने का निर्देश दिया है।यह मामला खड्डा तहसील क्षेत्र के बराबर रतनपुर स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज से जुड़ा है, जहां से सेवानिवृत्त शिक्षक शंभू राव ने बीएसए के खिलाफ याचिका दायर की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें जो वित्तीय देयक मिलने थे, उनका भुगतान अब तक नहीं किया गया। हाईकोर्ट ने 20 दिसंबर 2024 को शिक्षक के पक्ष में आदेश पारित किया था और देयों के भुगतान का निर्देश दिया था। कोर्ट आदेश के बावजूद जब भुगतान नहीं हुआ तो शंभू राव ने अवमानना याचिका दाखिल की। कोर्ट ने इस पर बीएसए को नोटिस जारी कर जवाब देने के लिए उपस्थित होने को कहा, मगर निर्धारित तिथियों पर न तो बीएसए और न ही उनका कोई प्रतिनिधि अदालत में हाज़िर हुआ। 16 अप्रैल को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए गैर जमानती वारंट जारी किया और बीएसए को एक सप्ताह के भीतर पेश होने का आदेश दिया। यह मामला शिक्षा विभाग की जवाबदेही और पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। अब देखना होगा कि बीएसए अगली सुनवाई में अपना पक्ष कैसे रखते हैं और क्या यह कार्रवाई विभागीय स्तर पर भी कोई असर डालेगी।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक फंदे पर मिला झूलता

**सकरन /सीतापुर।** थाना क्षेत्र मे संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक घर के भीतर फांसी के फंदे पर झूलता मिला परिजनों ने बगैर पीएम कराये ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। सकरन थाना क्षेत्र के मडिकौडा मजरा मडोर निवासी बच्चू लाल ( 19 ) पुत्र भगौती शराब के नशे का आदी था बृहस्पतिवार की रात वह शराब पीकर घर आया था तब परिजनों ने उसे फटकार लगाई थी उसके बाद वह लेट गया था देर रात उसने घर के भीतर कमरे में रस्सी से गला बांध कर हुक में लटक कर आत्महत्या कर ली ।

सुबह परिजनों को उसका शव लटकता मिला मृतक के पिता भगौती ने बताया बच्चू लाल शराब पीने का आदी था परिजनों के समझाने के बाद वह शराब नही छोड़ रहा था रात में उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । मृतक के परिजनों ने बगैर पीएम कराए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया मृतक के परिजनों का किसी पर कोई आरोप नही है।

# चीन के साथ व्यापार घाटा

यह देश के लिए, देश की अर्थव्यवस्था के लिए, भारतीयों की खुशहाली, रोजगार और समृद्धि के लिए किसी सदमे जैसा है। हम अमरीकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति की जमकर लानत-मलामत करते हैं। लेकिन चीन पर पूरी तरह चुप हैं। जरा सोचिए अमरीका जैसा विकसित देश जिसकी जीडीपी का आकार 30 ट्रिलियन डॉलर है, उसका भारत के साथ पारस्परिक व्यापार में 45 अरब डॉलर का घाटा है। इस घाटे को कम करने के लिए अमरीका ने भारत पर 27 फीसद का टैरिफ लगा दिया। पीएम मोदी लगभग अफरा-तफरी में अमरीका गये फिर भी बात नहीं बनी। दूसरी तरफ हम चीन के साथ व्यापार में हर साल लगभग 100 अरब डॉलर का घाटा उठाते हैं। यह इतनी बड़ी रकम है कि इससे भारत में 20 लाख से अधिक जॉब्स का नुकसान होता है। भारत का रक्षा बजट 77 अरब डॉलर है, जबकि हम व्यापार में चीन से लगभग 100 अरब डॉलर का घाटा उठाते हैं और एक बार भी मुंह नहीं खोलते। यह गंभीर चिंता का विषय है। ट्रंप जो कुछ कर रहे हैं वह भले भारत या किसी दूसरे देश के हित में न हो लेकिन अमरीका के हित में कर रहे हैं। अगर ट्रंप अमरीका की 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में भारत के साथ 45 अरब डॉलर का घाटा नहीं उठाना




चाहते, तो भारत जिसका आकार सिर्फ चार ट्रिलियन डॉलर का है, वह चीन के साथ व्यापार में लगभग 100 अरब डॉलर का घाटा क्यों उठा रहा है? सिर्फ एक देश के साथ व्यापार में जीडीपी का 2.5 फीसद से अधिक घाटा उठाना क्या देश की अर्थव्यवस्था, आत्म निर्भरता और रोजगार सृजन के लिए उचित है? भारत के लिए चीन के साथ व्यापार किसी राष्ट्रीय आपदा से कम नहीं है। यह स्थिति एक तरह की चेतावनी है कि इस असंतुलन या व्यापार घाटे को कम करने के लिए गंभीर प्रयास किया जाये। वाणिज्य विभाग द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025 में चीन से आयात 11.5 प्रतिशत बढ़कर 113.45 अरब डॉलर हो गया है, जबकि भारत से निर्यात 14.5 प्रतिशत कम होकर 14.2 अरब डॉलर रह गया। इसकी वजह से चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 99.2 अरब डॉलर पहुंच गया। यह एक साल पहले 85 अरब डॉलर था। अमेरिका और चीन के बीच चल रहे व्यापार युद्ध के कारण चीन से भारत को होने वाले निर्यात में तेज बढ़ोत्तरी की आशंका भी है, क्योंकि दोनों देश एक दूसरे पर भारी कर लगा रहे हैं। ऐसे में यह आशंका प्रबल है कि अमेरिकी बाजार में दाम बढ़ जायेंगे। ऐसे में चीन के निर्यातक अपना माल भारत को भेज सकते हैं। इसकी वजह से आयात बढ़ेगा और भारत के घरेलू उद्योगों पर इसका बहुत बुरा असर पड़ेगा। यह असर पड़ने भी लगा है। मार्च के दौरान चीन से आयात एक चौथाई बढ़कर 9.67 अरब डॉलर हो गया, जबकि निर्यात 3 प्रतिशत घटकर महज 1.5 अरब डॉलर रहा है। चीन से आयात में तेजी की वजह इलेक्ट्रॉनिक सामान, इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी, सोलर सेल व औद्योगिक इस्तेमाल वाली कुछ वस्तुओं के आयात में बढ़ोतरी है। इस स्थिति पर अब विशेषज्ञ भी चिंता जता रहे हैं। सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) की वजह से भी आयात बढ़ रहा है, क्योंकि यह उद्योग आयातित कंपोनेंट पर बहुत ज्यादा निर्भर है। सरकार ने पीएलआई योजना के माध्यम से भारत को विनिर्माण का केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा है। विनिर्माण का केंद्र बनाना तो ठीक है लेकिन अगर विनिर्माण किये जाने वाले उत्पादों के हरेक कंपोनेंट आयात किये जायेंगे, तो इसका क्या लाभ होगा। दरअसल देश को मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए पूरा इकोसिस्टम विकसित करना होगा। अगर हम एक सामान बनाने के लिए उसके दस अन्य कंपोनेंट आयात करेंगे, तो हमारा व्यापार घाटा सुरसा के मुंह की तरह बढ़ता जायेगा। इसलिए भारत को विनिर्माण क्षेत्र में अग्रणी बनने के लिए एक विश्वसनीय इकोसिस्टम और बुनियादी संरचना विकसित करनी होगी तभी इसका लाभ वास्तविक प्रगति

## विचार

आशा उत्साह की जननी है। आशा में तेज है, बल है, जीवन है। आशा ही संसार की संचालन शक्ति है।

-प्रेमचंद.

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।

-रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

किसी निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाए, तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।

-तिरुवल्लुअर.

जो जीवों की हिंसा करता है वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति हिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।

-गौतम बुद्ध.

मनुष्य का आचरण ही बताता है कि वह कुलीन है अथवा अकुलीन, शूरवीर है अथवा भीरू, पवित्र है अथवा अपवित्र।

-वाल्मीकि.

# अब महाराष्ट्र में हिन्दी को लेकर भौंहें चढ़ी



लोकमित्र

सामयिक

> सच बात तो यह है कि हिंदी की उपलब्धियों में गैर हिंदीभाषियों का जितना योगदान हैं, हिंदीभाषियों का उसके पासंग भी नहीं है। इसलिए मेहरबानी करके राजनेता हिंदी के लिए सहानुभूति एकत्र करने की देश से गुजारिश न करें, देश पहले से ही हिंदी को सर आंखों पर बिठाये हुए हैं। हां, आप देश के सर आंखों से हिंदी को गिराना चाहते हैं तो जरूर ऐसी बातें करें।

अगर आप गहराई से सोचें तो साफ हो जाएगा कि हिंदी के सबसे बड़े दुश्मन कौन हैं? जी हां, ये इसके तथाकथित शुभचिंतक ही हैं, वरना तो बिना किसी हो हल्ले, बिना किसी शोर शराबे के भी देश में हिंदी लगातार आगे बढ़ रही है। लेकिन जब भी कोई उत्साही राजनेता अपनी सियासत के लिए हिंदी को अनिवार्य बनाने की मांग करता है या किसी भी रूप में उसके प्रति सहानुभूति प्रकट करता है, तो हिंदी का विरोध होना शुरू हो जाता है? अब इसे ही लें, हिंदी को लेकर तमिलनाडु का तनाव अभी कहीं से कम होने का कोई संकेत नहीं दे रहा था कि महाराष्ट्र में भी हिंदी को लेकर विवाद शुरू हो गया है। दरअसल महाराष्ट्र की फड़णवीस सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) को लागू करने की योजना के तहत फैसला किया है कि राज्य के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार के इस फैसले का महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने तुरंत विरोध किया है। उन्होंने एक बयान जारी करते हुए कहा कि मैं स्पष्ट शब्दों में कहता हूं कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना इस अनिवार्यता को बर्दाश्त नहीं करेगी। इसके पहले उन्होंने यह भी कहा कि हम हिंदू हैं, लेकिन जरूरी नहीं है कि हिंदी भी हों।

एमएनएस के बाद कांग्रेस ने भी नाराजगी जताई है और धीरे धीरे बाकी सभी राजनीतिक पार्टियां जो सत्ता में नहीं हैं, नाराजगी जताने के मूड में आ गई है। क्योंकि महाराष्ट्र सरकार ने जिस तरह से घोषणा की है, उससे भले हिंदी को कुछ फायदा न हो, लेकिन ऐसा संदेश जरूर ध्वनित हो रहा है कि मानो मराठी पर हिंदी की प्राथमिकता थोपी जा रही हो। लेकिन ऐसा पहली बार नहीं हो रहा अकसर देखा गया है कि एक तरफ तो राजनेता चुनावी मौकों पर हिंदी बेल्ट में हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने तक के सपने दिखाते हैं और दूसरी तरफ हिंदी के पक्ष में अगर कोई झूठ मूठ का भी बयान आ जाए तो वोट बैंक की चिंता में जरूरत से ज्यादा संवेदनशील हो जाते हैं। ऐसे मौकों पर पलभर में भावनाएं उग्र हो जाती हैं। लेकिन जब ये हिंदी की भावनाओं को सहलाने की कोशिश करते हैं, तब भी वोट ही बड़ा फैक्टर होता है। पहले भावनाओं का यह खेल सबसे ज्यादा



दक्षिण भारत, बंगाल और उत्तर-पूर्व के राज्यों में ही मुखर था, महाराष्ट्र में भी थोड़ी बहुत हिंदी विरोधी बातें होती रही हैं, लेकिन महाराष्ट्र स्वाभाविक रूप से हिंदी विरोधी राज्य कभी नहीं रहा बल्कि मुंबई जैसा देश का सबसे महत्वपूर्ण नगर तो अप्रत्यक्ष रूप से हिंदी भाषी शहर ही है और महाराष्ट्र के राजनेताओं ने भी, कभी भी हिंदी का इतना उग्र विरोध नहीं किया कि मुंबई के हिंदी भाषी माहौल और उसकी संस्कृति को निर्णायक रूप से ठेस पहुंचे। लेकिन लगता है फड़णवीस सरकार कुछ ज्यादा ही खुद को राष्ट्रवादी साबित करने की कोशिश कर रही है, क्योंकि जब नई शिक्षा नीति 2020 में स्पष्ट है कि मातृभाषा और अंग्रेजी के बाद तीसरी कोई भी भाषा वैकल्पिक होगी, तो फिर इस तरह की कंट्रोवर्सी खड़ा करने का क्या तुक है कि हिंदी को एक तय स्तर तक अनिवार्य भाषा के रूप में पढ़ाया जाये? इससे तो राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मूल भावना ही सवालों के दायरे में खड़ी हो जाती है कि अगर राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्पष्ट रूप से हिंदी की वकालत करने की बजाय किसी भी तीसरी भाषा की बात करती है, तो फिर इसमें जानबूझकर तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को क्यों चिन्हित किया जाये?

आखिर तमिलनाडु में केंद्र सरकार से लेकर तमाम हिंदी समर्थक क्या तर्क दे रहे हैं? यही न कि राज्य को कोई भी तीसरी वैकल्पिक भाषा अपने शैक्षिक कार्यक्रम में शुरू करनी चाहिए। यहां तक कि केंद्र सरकार के अलग अलग मंत्रियों से लेकर गृहमंत्री अमित शाह और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी कई बार स्पष्ट कहा है कि केंद्र सरकार यह कतई नहीं चाह रही कि तमिलनाडु तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को ही पढ़ाना शुरू करें, वह कोई भी तीसरी भाषा हो सकती है, चाहे तेलगू हो, चाहे कन्नड हो या मलयालम। ऐसे में फड़णवीस सरकार की इस अनिवार्यता को किस खांचे में रखकर समझा जाये। अगर राष्ट्रीय शिक्षा नीति में हिंदी की अनिवार्यता पर जरा भी जोर नहीं दिया गया तो फिर मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ राज्य सरकार ऐसा क्यों कह रही है कि हिंदी को अनिवार्य बनाया जायेगा? क्या इससे फड़णवीस ज्यादा हिंदी सेवी साबित हो जाएंगे? सच तो यह है कि जब हिंदी को लेकर राजनीति नहीं की जाती, हिंदी को जबर्दस्ती लाइमलाइट में लाकर अपनी सियासत चमकाने की कोशिश नहीं की जाती, उस समय हिंदी सबसे तेज और मजबूत विकास कर रही होती है। हिंदी में आज जो भी महत्वपूर्ण संसाधन हैं, बाजार में उसकी जो कुछ ताकत है, उसमें हिंदीभाषियों से ज्यादा गैर हिंदीभाषी लोगों का योगदान है। हिंदी भाषा में सबसे बड़ा योगदान हिंदी सिनेमा का माना जाता है। यह हिंदी सिनेमा ही है, जिसने भारत के 99 फीसदी गैर हिंदी भाषी क्षेत्रों में हिंदी को फैलाया है और भारत से बाहर भारत को जानने में जिस एक चीज ने सबसे ज्यादा जिज्ञासा बढ़ायी है, वह हिंदी फिल्में और इन हिंदी फिल्मों के गाने ही हैं।

हिंदी सिनेमा के एक से बढ़कर एक धुरंधर गीतकार गैर हिंदीभाषी क्षेत्रों से आये हैं। शाहिर लुधियानवी और आनंद बख्शी पंजाबी भाषा के, शकील बदायुंनी और शैलेंद्र भी मूलतः भोजपुरी और अवधीभाषी थे। राजेंद्र कृष्ण भी पंजाबी और उर्दूभाषी थे। लेकिन क्या हिंदी सिनेमा में इनके बराबर किसी विशुद्ध हिंदीभाषी गीतकार का योगदान है? शुरू से लेकर आजतक हिंदी सिनेमा के ज्यादातर निर्माता निर्देशक मूलतः गैर हिंदीभाषी क्षेत्रों से आये हैं, सबसे ज्यादा पंजाबियों ने, एक जमाने में मराठियों और बंगालियों ने, हिंदी सिनेमा को हर तरह से समृद्ध किया है। फिर हम क्यों महाराष्ट्र या दूसरे किसी प्रांत में हिंदी की सुपरमैसी थोपने की कोशिश करते हैं? हिंदी अगर आज बाजार की और संवाद की सबसे मजबूत भाषा है तो इसमें हिंदीभाषियों से ज्यादा गैर हिंदीभाषियों का योगदान है। कारपोरेट जगत में हिंदी ले जाने वाले हिंदीभाषी कम, गैर हिंदीभाषी ज्यादा हैं। भारत में हिंदी को जो राजनीतिक ताकत मिली है, वह भी शुरू से हिंदी से ज्यादा गैर हिंदीभाषी राजनेताओं की वजह से मिली है। अगर महात्मा गांधी हिंदी को इतनी प्राथमिकता नहीं देते होते तो हिंदी को वह जगह नहीं मिलती, जो आजादी की लड़ाई के दौरान उसे मिली थी। आज भी पूरे देश में सबसे ज्यादा अगर कोई राजनेता आधिकारिक रूप से हिंदी वक्ता है तो वह प्रधानमंत्री मोदी और दूसरे नंबर पर अमित शाह हैं। वैचारिक रूप से अगर हिंदी को सबसे ज्यादा ऊर्जा हासिल होती है तो नागपुर से और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संगठन से हासिल होती है, जो कि गैर हिंदीभाषियों की बहुलता वाला संगठन है।

इसके बाद भी आखिर फडणवीस सरकार को ऐसी क्या कमी दिखी कि उन्हें हिंदी को स्कूलों में अनिवार्य भाषा बनाये जाने की बात करने के लिए मजबूर होना पड़ा? हिंदी में ऐसा कोई संकट नहीं है जिसके एवज में फड़णवीस सरकार यह कंट्रोवर्सी खड़ी करे, उल्टे हिंदी को तो पूरे देश में सबसे ज्यादा महाराष्ट्र का ही शुक्रगुजार होना चाहिए और उसमें भी देश की वित्तीय राजधानी मुंबई का, जो कि मराठीभाषी प्रांत की राजधानी होते हुए भी बड़े पैमाने पर हिंदीभाषी लोगों को संरक्षण देता है। दरअसल जो हिंदी के लिए चीख चीखकर सहानुभूति दिखाने की मांग करते हैं या यह जताने की कोशिश करते हैं कि उन्होंने हिंदी की किसी से भी ज्यादा फिक्र है, उन्हें पता ही नहीं कि वे हिंदी के दोस्त नहीं दुश्मन हैं। बिना कोई आग्रह और बिना कोई नियंत्रण के जिस तरह से आजादी के 75 सालों में हिंदी का देश की किसी भी दूसरी भाषा के मुकाबले जयादा विकास हुआ है, वह इस बात का सबूत है कि पूरा देश हिंदी को प्यार करता है और पूरा देश हिंदी को समृद्ध करता है।

## सोशल मीडिया

गुड फ्राइडे पर हम यीशु के बलिदान को याद करते हैं, यह दिन हमें दया, करुणा को संजोने और हमेशा बड़े दिल वाले रहने के लिए प्रेरित करता है, शांति और एकजुटता की भावना बनी रहे हमेशा। पीएम मोदी.



# भविष्य का निर्माण

व्यक्ति के मनोमस्तिष्क में विद्यमान विचार और चिंतन ही भविष्य के उसका व्यक्तित्व निर्धारित करते हैं। ठीक उसी तरह जैसे एक बीज आगे चलकर वट वृक्ष बनता है। उल्लसित वर्तमान और उज्जवल भविष्य का निर्धारण पूर्णतया सत् श्रद्धा के हाथ में है। उसी का महत्व, मर्म, उपार्जन, अभिवर्द्धन सिखाने के लिए भूतकाल की कथा-गाथाओं को पुरातन उपाख्यानों में पुराण के नाम से जाना और जनाया जाता है। भूत भविष्य और वर्तामन की सुखद संभावनओं का निर्माण अंतःकरण के जिस क्षेत्र से विनिर्मित होता है, उसका स्वरूप समझना हो तो एक श्रद्धा शब्द का उपयोग करने से वह प्रयोजन पूरा हो सकता है। बीज ही वृक्ष बनता है और श्रद्धा ही व्यक्तित्व का रूप धारण करती है। मनुष्य जो कुछ बनता है- जो कुछ पाता है वह समूचा निर्माण श्रद्धा शक्ति के चमत्कार के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि इस ब्रह्म विज्ञान के, आत्मविज्ञान के गूढ़ रहस्य को समझा जा सके तो प्रतीत होगा कि तत्वदर्शियों के वेदान्त प्रतिपादन सनातन सत्य की अयमात्मा ब्रह्म प्रज्ञानं ब्रह्म, तत्वमसि, सोहम, शिवोहम, सच्चिदानन्दोहम, आदि सूत्र में घोषित किया है। पतन से बचने और उत्थान अपनाने का सुनिश्चित उपाय बताते हुए शस्त्रकार इस उत्तरदायित्व को मनुष्य के अपने कंधों पर ही लाद देते हैं, वे कहते हैं- उद्धरेत् आत्मनात्मानं अवसादयेत् अर्थात अपना उद्धार आप करो- अपने को गिराओ मत। उसका सुनिश्चित मत है कि उत्थान पतन की मुहिम हर मनुष्य स्वतः संभालता है। परिस्थितियां तो उसका अनुगमन भर करती हैं। दिशा निर्धारण और प्रगति प्रयास अपना होता है। साधन और सहयोग तो उसी चुम्बकत्व के सहारे खिंचते भर चले आते हैं। उत्थान या पतन में से जो भी अपना मन्तव्य हो-व्यक्तियों, साधनों एवं परिस्थितियों का सरंजाम भी उसी स्तर का होता चला जाता है। श्रद्धा की इसी गरिमा को देखते हुए अध्यात्म शास्त्र ने मानवी सत्ता में विद्यमान साक्षात् ईश्वरीय शक्ति के रूप में अभिवन्दन किया है। श्रद्धा वह प्रकाश है जो आत्मा की, सत्य की प्राप्ति के लिए बनाये गये मार्ग को दिखाता रहता है। जब भी मनुष्य एक क्षण के लिए लौकिक चमक-दमक, कामिनी और कंचन के लिए मोहग्रस्त होता है तो माता की तरह ठण्डे जल से मुंह धोकर जगा देने वाली शक्ति यह श्रद्धा ही होती है। सत्य के सद्गुण ऐश्वर्य स्वरूप एवं ज्ञान की चाह अपनी बुद्धि से नहीं मिलती, उसके प्रति सविनय प्रेम भावना विकसित होती है। उसी को श्रद्धा कहते हैं। श्रद्धा सत्य की सीमा तक साधक को साधे रहती है, संभाले रहती है। श्रद्धा के बल पर ही मलिन चित्त अशुद्ध चिंतन का परित्याग करके बार-बार परमात्मा के चिंतन में लगा रहता है।

अंतर्दृष्टि

# मर्ज बढ़ता गया, ज्यों-ज्यों दवा की...

नरेंद्र शर्मा



पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल) पर विशेष

हर साल 22 अप्रैल को पृथ्वी के 190 से ज्यादा देश मिलकर पृथ्वी की दिनों दिन बिगड़ती सेहत पर चिंता व्यक्त करते हैं, इसे सुधारने का आह्वान करते हैं, नई नई नीतियां बनाते हैं, नये नये निष्कर्ष निकालते हैं, लेकिन नतीजा न केवल वही रहता है बल्कि लगातार धीरे-धीरे पृथ्वी की सेहत बद से बदतर होती जा रही है। पहली बार 22 अप्रैल 1970 को अमेरिका में दुनिया के कई पर्यावरणविद् इकट्ठे हुए थे और उन्होंने चेताया था कि अगर औद्योगिकीकरण के चलते हमारी नदियां इसी तरह कचरे से पटती रहीं, हवा में जहर इसी तरह घुलता रहा, पेड़ कटते रहे और ग्लेशियरों की बर्फ पिघलती रही, तो जल्द ही यह धरती इंसानों के रहने लायक नहीं बचेगी। जब वैज्ञानिकों ने पहली बार यह सब चेतावनी के तौर पर ऊंचे स्वर में कहा तो एक स्वाभाविक चिंता बनी और दुनिया की करीब करीब हर सरकार ने पृथ्वी को बचाने के लिए संकल्प लिया।

तथ्य के रूप में देखें तो पिछले साढ़े पांच दशकों में हर देश ने अपने यहां पृथ्वी को बचाने के नाम पर बड़ी बड़ी नीतियां बनायी हैं, योजनाओं का जाल बिछाया है, सभा सेमिनार होते ही रहते हैं और अब तो सोशल मीडिया में दिन रात चिंताएं भी व्यक्त होती रही हैं, लेकिन इस सबके बाद भी नतीजा सकारात्मक बिल्कुल नहीं रहा। 1970 में वैज्ञानिकों ने पृथ्वी की सेहत को जिस तरह बिगड़ते हुए पाया था, इन 55 सालों में एक बार भी स्थिति उससे बेहतर नहीं हुई, लगातार पृथ्वी की सेहत खराब ही होती जा रही है, बावजूद इसके कि हर साल धरती की सेहत के जानकार नई नई योजनाएं लेकर आते हैं, नई नई प्रेरणाओं का आह्वान करते हैं। मगर नतीजे के रूप में कुछ नहीं बदलता। इस साल पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी को बचाने के लिए विशेषज्ञों ने जिस थीम का आह्वान किया है, वह है- हमारी शक्ति, हमारा ग्रह।

हमारी शक्ति से आशय यह नहीं है कि सरकार, उद्योग या वैज्ञानिकों की शक्ति नहीं है बल्कि इसका भाव यह है कि ये हमारी आदतें, हमारा आचरण और ये हमारा उपभोग ही है, जो अंततः हमारी पृथ्वी की सेहत पर असर डालता है।

कुल मिलाकर यह कि यह हमारी चुनाव की शक्ति है कि हमें वास्तव में पृथ्वी को बचाने के लिए कुछ करना है या बड़ी बड़ी बातें ही करनी है। चूंकि पृथ्वी एक भौगोलिक क्षेत्र भर नहीं है, यह एक जीवंत ग्रह है, इसलिए अगर हमने पृथ्वी को बचाने के लिए किसी जीवित इंसान की तरह ईमानदारी से कोशिश नहीं किया तो जल्द ही वह समय आयेगा जब हमारी सारी समझदारी और सारी जानकारी के बावजूद पृथ्वी की हालत सुधरेगी नहीं। मसलन यह कोई अंजानी बात नहीं है कि धरती को सबसे ज्यादा परेशानी प्लास्टिक से है। प्लास्टिक के खतरे को हम आज पहली बार नहीं जानें। कई सालों से बल्कि कहें तो कई दशकों से जानते हैं और लगातार सरकारें प्लास्टिक के कम से कम इस्तेमाल का आह्वान करती रही हैं। भारत जैसे देश में तो हाल के कुछ सालों में कितनी ही बार प्लास्टिक के इस्तेमाल में तरह तरह के प्रतिबंध




लगे हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि प्रकट रूप में प्लास्टिक से बचने के लिए दिन रात किये जा रहे आह्वानों, प्रतिबंधों और नीतियों के बावजूद प्लास्टिक का इस्तेमाल घटने की बजाय दिन पर दिन बढ़ता ही जा रहा है। आज हर साल 40 करोड़ टन से भी ज्यादा प्लास्टिक का उत्पादन होता है और इसमें से 50 फीसदी सिंगल यूज प्लास्टिक होता है, जो पृथ्वी की सेहत के लिए सबसे खतरनाक है। हैरानी की बात यह है कि पिछले 55 सालों में लगातार इस बात को चीख चीखकर कहा जाता रहा है कि सिंगल यूज प्लास्टिक धरती को निगल जायेगा, लेकिन धरती की तो छोड़िये अब समुद्र भी इस प्लास्टिक से पट गया है। दुनिया के किसी भी देश में तमाम सख्तियों के बावजूद प्लास्टिक का इस्तेमाल खत्म हो ही नहीं रहा। अब तो हर साल 80 लाख टन से ज्यादा प्लास्टिक समुद्र में मिल रहा है, जो समुद्र कभी नमक के रेत से अटा था, अब उस रेत में प्लास्टिक की मात्रा दिन पर दिन बढ़ रही है। समुद्र के कई इलाकों में तो बकायदा बहकर आये प्लास्टिक के छोटे छोटे टुकड़ों से समुद्र के भीतर प्लास्टिक के पहाड़ खड़े हो गये हैं। सिर्फ जमीन और समुद्र की छोड़िये शायद ही दुनिया के किसी देश में ऐसा खानपान बचा हो, जिसमें बड़े पैमाने पर माइक्रोप्लास्टिक के टुकड़े घुल मिल न गये हों। यहां तक कि नवजात शिशुओं के रक्त में भी प्लास्टिक के कण पाये गये हैं। आखिर ये स्थितियां किस बात की सूचक हैं? शायद इसी बात की कि हम चिंता तो खूब प्रकट करते हैं, आह्वान भी खूब करते हैं, लेकिन अमल बिल्कुल नहीं करते। ऐसे में भला पृथ्वी की सेहत सुधरेगी भी तो कैसे? सबसे बुरा हाल तो हमारा अपना ही है। देश में दिल्ली की हवा लगातार जहरीली होती जा रही है। पहले साल में 20-25 दिन ये स्थितियां होती थी, फिर एक दो महीने तक दिल्ली की हवा में प्रदूषण का स्तर बढ़ा। आज साल में 9 महीने दिल्ली की हवा जहरीली बनी रहती है। लगातार खूब हो हल्ला किये जाने के बावजूद दिल्ली की हवा लगातार खराब ही हो रही है, इसमें सुधार कतई नहीं हो रहा और अब तो दिल्ली जैसा ही हाल देश के एक चैथाई शहरों का हो चुका है और बड़ी तेजी से देश के 3000 शहरों में से 2000 से ज्यादा शहर वायु प्रदूषण की गहरी चपेट में आते जा रहे हैं।

यही हाल हमारी नदियों का भी है। गंगा, यमुना जैसी जीवनदायिनी नदियां, पर्यावरणविदों की दिन रात जतायी जा रही चिंता के बावजूद प्रदूषण से दम तोड़ रही हैं। पहले तो इनमें औद्योगिक ईकाईयों का गंदा पानी ही शामिल होकर इन्हें जहरीला बना रहा था, लेकिन अब तो हमारी इन नदियों में भी प्लास्टिक एक बड़ा खतरा बन गया है। जैसे समुद्र में माइक्रोप्लास्टिक अटता जा रहा है, ठीक वही स्थितियां देश की पवित्र नदियों की भी हो गई है। गंगा नदी, जिसकी सफाई का अभियान 1985 के बाद से लगातार चल रहा है, आज लाखों टन प्लास्टिक कचरे की खान बन गई है। जिस तरह से लगातार हिमालयी ग्लेशियर पिघल रहे हैं, उससे यह स्थिति कभी पैदा हो सकती है कि गंगा नदी सूख जाए या कि मौसमी नदी बन जाए। भारत सरकार ने साल 2022 में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया था, लेकिन यह प्रतिबंध देश में कारगर ही नहीं हुआ। दूसरी तरफ इस प्रतिबंध के कारण कारोबारियों, छोटे मोटे दुकानदारों को हर साल पुलिस को करोड़ों रुपये घूस के देने पड़ रहे हैं ताकि इस प्रतिबंध का असर उन्हें न झेलना पड़े। इस तरह एक तरफ जहां भ्रष्टाचार दिन पर दिन धरती के प्रदूषण का बोझ बढ़ा रहा है, वहीं दूसरी तरफ यह धरती की सेहत को भी खराब से खराबतर किये जा रहा है। दरअसल हमारा संकट यह है कि हम एक तरफ जहां पृथ्वी के बिगड़ते स्वास्थ्य को देखकर चिंतित हो रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ हम यह जानते हुए भी कि हमारा उपभोग का तरीका ही है, जो धरती की बीमारी का मुख्य कारण है, इसके बाद भी हम अपने उपभोग का तौर तरीका नहीं बदल रहे। जरा भी अपनी जीवनशैली से समझौता नहीं कर रहे। ऐसे में भला दो चीजें एक साथ कैसे हो जाएंगी। अगर हमने अपने जीवनशैली से जरा भी समझौता नहीं किया तो पृथ्वी की सेहत को चाहे जितना चिल्लाये बचा नहीं सकते। हम जितना जल्दी इस सबको समझ लें, उतना ही अच्छा है।

## आप की बात

### पड़ोसी देशों में अस्थिरता

पड़ोसी देशों में सियासी अस्थिरता भारत के लिए हमेशा सिरदर्द बनी रहती है। श्रीलंका, मालद्वीप, नेपाल जैसे देशों में बदलती सरकार के साथ रिश्तों में होने वाले उतार-चढ़ाव भारत के लिए पहले ही चुनौती पेश करते रहे हैं, अब बांग्लादेश भी इसमें शामिल हो गया है। जिहादी पाकिस्तान, सैन्य शिकंजे में जकड़ा म्यांमार, अस्थिर श्रीलंका और कृतघ्न कम्युनिस्टों के कारण पल-पल बदलता नेपाल, भारत की सुरक्षा और विदेश नीति के लिए पहले से ही बड़ी चुनौती बने हुए थे। शेख हसीना के नेतृत्व वाला बांग्लादेश पूर्वोत्तर में लंबी सीमा साझा करने के बावजूद भारत के लिए कोई बड़ी परेशानी नहीं खड़ा करता था। लेकिन हसीना के तख्तापलट के साथ बांग्लादेश के कट्टरपंथी फुफकारने लगे हैं। भारत के लिए चुनौती पेश करने लगे हैं और हिन्दुओं पर हमले करके परेशान भी कर रहे हैं। बांग्लादेश से अब साफ संकेत हैं कि वहां कट्टरपंथियों और भारत-विरोधी ताकतों का वर्चस्व होगा। आतंकवाद का खतरा बढ़ेगा। बांग्लादेश में भी तालिबान सक्रिय होंगे। वहां के प्रधानमंत्री आवास को आम जनता के लिए इस कदर खोल रखा गया है मानो कोई मेला लगा हो। कुछ युवा चेहरों की अश्लील, असभ्य, विद्रूप मानसिकता सार्वजनिक हुई है, जब उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की ब्रा और अन्य वस्त्रों को सरेआम लहराये हैं। ऐसे युवा कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन आंदोलनकारी छात्र नहीं हो सकते। वे बेशर्म जमात भी हो सकते हैं, लेकिन अपने ही मुल्क का अपमान कर रहे हैं। बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी दोनों ही कट्टरवादी दल हैं और पाकपरस्त भी हैं और भारत के सामने चुनौतियां पेश कर रहे हैं।

**ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

### अर्थव्यवस्था का बढ़ता आकार

देश की अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है। चार ट्रिलियन डॉलर के शिखर पर देश की अर्थव्यवस्था का पहुंचना पूरे देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। चार ट्रिलियल के शिखर पर पहुंचने के बाद अब भारत उस लक्ष्य के भी बहुत निकट आ गया है, जब जीडीपी आकार के मामले में 4.4 ट्रिलियन डॉलर के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जापान और 4.3 ट्रिलियन डॉलर के साथ चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी को पीछे छोड़कर भारत आगे निकल जायेगा और पांच ट्रिलियन के लक्ष्य को अगले तीन साल में प्राप्त कर लेगा। जीडीपी किसी देश की ठोस उपलब्धि होती है जिससे नागरिकों के जीवन में आमूलचूल बदलाव आता है और रोजगार के मौके भी बढ़ते हैं।

**प्रेम कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल

**ललितपुर**। थाना जखौरा अन्तर्गत ग्राम बख्तर निवासी अजय बहादुर पुत्र महेश कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 20 फरवरी को उसके पिता महेश कुमार पुत्र चैनू मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.ई. 1450 से अपनी साइड से ललितपुर बाजार जा रहे थे। सुबह करीब 11.45 बजे वह जैसे ही सरकारी स्कूल के पास ग्राम महर्रा पहुंचे तभी महर्रा से आ रही बाइक संख्या यू.पी.94 ए.बी. 6101 पल्सर के चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना को गेंचवारा निवासी कृपाल पुत्र ग्यासी व बड़ोरा निवासी राजवेन्द्र पुत्र प्रकाश समेत अन्य लोगों ने देखा और उसके पिता को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत नाजुक होने पर उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी), 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पिकअप की टक्कर से बाइक चालक घायल

**ललितपुर**। जखौरा के ग्राम चितरा निवासी करन सिंह पुत्र प्रागी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 13 अप्रैल को रात करीब 7.30 बजे उसका पुत्र महेश कुमार ललितपुर के कोहिनूर गार्डन से अपने घर मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.एच. 2112 से जा रहा था तभी महिला अस्पताल के आगे आदर्श विद्यालय के पास पिकअप संख्या यू.पी. 94 टी 8461 ने उसके पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में उसका पुत्र घायल हो गया, जबकि बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। आरोप है कि पिकअप चालक मौके पर घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। इस दौरान घायल हुये उसके पुत्र को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर उसे झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पिकअप चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी), 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## सोलर पावर प्लाण्ट से 2700 मीटर तार चोरी

**ललितपुर**। सोलर पावर प्लांट की कॉपर का तार चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में पान पाली के वार्ड नं.5 हजारिया मोहल्ला निवासी शत्रुघ्न सिंह पुत्र रामचरन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह बुन्देलखण्ड सिक्योरिटी एण्ड अदर ऐलाईट जक्स झांसी जंक्शन ग्रीन रिन्यूएवंल सर्विस प्राईवेट लिमिटेड जाखलौन में सुरक्षा दे रहा है। 21 मार्च की रात 1500 मीटर तार पोस्ट जंगल वन से चोरी हो गया। बताया कि देवगढ़ मुख्य मार्ग से जंगल की साइड पर दूसरी बार 1 अप्रैल की रात में करीब 1200 मीटर तार चोरी हुआ। प्लांट के आखिरी सेक्शन की ओर से गार्ड ड्यूटी पर तैनात होते हुये भी अज्ञात चोर बाउण्ड्री से घुसकर चोरी कर ले जाते हैं। बताया कि अज्ञात चोरों को प्लांट के अंदर की भौगौलिक स्थिति तथा तकनीकि जानकारियां हैं या फिर ऐसे चोर पेशवर हैं जो गार्ड की पूरी सतर्कता से ड्यूटी देने के बावजूद भी तार चोरी कर ले गये। सुपरवाइजर शत्रुघ्न की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## बारात में नाच रहे भाई और मामा पर हमला

**ललितपुर**। थाना मड़ावरा के ग्राम देवरानकलां निवासी विजय पुत्र चन्दू अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरूवार को रात करीब 1 बजे उसकी बहन की बारात जामुनधाना से आयी थी, जिसका कार्यक्रम चल रहा था। बताया कि वह बारात में नाच रहा था, तभी उसके भाई राजकुमार पुत्र चन्दू अहिरवार व मामा अच्छेलाल पुत्र मर्दन अहिरवार और उसके साथियों के साथ गाली-गलौज कर दी।

विरोध करने पर बाराती मूलचंद्र पुत्र गरीबे अहिरवार व उसके साथियों ने मारपीट कर दी, जिससे उसका भाई व मामा गंभीर रूप से घायल हो गये। आरोप है कि उसका भाई बेहोश हो गया।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (2), 351 (3) व 110 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# नवाचार के माध्यम से शिक्षा प्रदान कर शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार ला रहे हैं शिक्षकः बीईओ

जिला संवाददाता

**ललितपुर**। विकास खंड बार अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुगरवारा में बीईओ बार शैलजा व्यास के निर्देशन में शैक्षिक संवर्द्धन मासिक शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें न्याय पंचायत बिल्ला के श्रेष्ठ शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। इस दौरान बीईओ शैलजा व्यास ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में अध्यापकों, शिक्षामित्र, अनुदेशक नवाचार के माध्यम से बच्चों को शिक्षा प्रदान कर शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार ला रहे हैं। बच्चे निपुण हो रहे हैं।

निपुण होकर विद्यालय, ब्लॉक एवं जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। नेट परीक्षा परिणाम में जनपद का चैथा स्थान रहा है। अध्यापकों की मेहनत से ही यह संभव हो सका। शिक्षकों की मेहनत रंग ला रही है। संचालन करते हुए पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुगरवारा के प्रभारी प्रधानाध्यापक जितेंद्र जैन ने बताया कि संकुल केन्द्र बिल्ला के संकुल शिक्षकों की सहमति से संकुल के अनुभवी नवाचारी अध्यापकों, शिक्षामित्र एवं अनुदेशकों को सम्मानित करते हुए बीईओ ने प्रशंसा पत्र प्रदान किए।

● संकुल के अनुभवी नवाचारी अध्यापकों, शिक्षामित्र और अनुदेशकों को किया गया सम्मानित

इस दौरान प्राथमिक विद्यालय सेमरा बुर्जुग के रूपेश पटैरिया, प्राथमिक विद्यालय सेमराबड़ा के राजेश बबेले, प्राथमिक विद्यालय हुसंगा के दिनेश जैन, प्राथमिक विद्यालय उदया के दिनेश यादव, प्राथमिक विद्यालय सेमराबड़ा के मोहन सिंह राजपूत, प्राथमिक विद्यालय ऊमरी की दीपिका दुबे, उच्च प्राथमिक विद्यालय टौरिया की अनुदेशक ज्योति पंथ, उच्च प्राथमिक विद्यालय बिल्ला की नीलम कुशवाहा, उच्च प्राथमिक विद्यालय दैलवारा की अनुराधा मोदी, कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय पाह के पारस जैन, उच्च प्राथमिक विद्यालय चिगलौआ के महत्तम, उच्च प्राथमिक विद्यालय ऊमरी के दिनेश नापित उच्च प्राथमिक विद्यालय गुगरवारा के हरमन कुशवाहा, उच्च प्राथमिक विद्यालय भागनगर के राजेश राजपूत, प्राथमिक विद्यालय सेमराबड़ा के राजेंद्र सिंह राजपूत, प्राथमिक विद्यालय पठलाखेरा के ऋषभ जैन, प्राथमिक विद्यालय उदया के आनंद मिश्रा, प्राथमिक विद्यालय सेमरा भागनगर के कृपाल सिंह राजपूत, प्राथमिक विद्यालय ढंगरया के हरिशरण, प्राथमिक विद्यालय दरौनी के शुभम जैन, प्राथमिक विद्यालय बिल्ला के सत्यनारायण मिश्रा, प्राथमिक विद्यालय गुगरवारा के रविन्द्र सिंह परमार, प्राथमिक विद्यालय भारौनी के ओमप्रकाश भार्गव, कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय नगारा के रत्नेश चैरसिया को बीईओ बार शैलजा व्यास व अन्य अतिथियों ने सम्मानित किया।

# आरोपः एक लाख रुपये न देने पर दूसरी अभ्यर्थी को कर लिया गया चयनित

जिला संवाददाता

**ललितपुर**। आंगनबाड़ी बाल विकास परियोजना वर्ष 2023-24 में ब्लाक बिरधा से किये गये आवेदन में दस्तावेज सत्यापन होने के बाद भर्ती के नाम पर जबरन रुपये मांगे जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण को लेकर महिला अभ्यर्थी ने एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी को भेजा है। शिकायती पत्र में थाना पाली के ग्राम पड ?ा निवासी कु.नन्दनी पत्नी स्व.मुकुटबिहारी ने डीएम को अवगत कराया कि बीती 13 फरवरी को उसे फोन आया कि उसके दस्तावेज सत्यापित होने हैं।

● आंगनबाड़ी चयन प्रक्रिया में युवती ने लगाये गंभीर आरोप, डीएम से जांच की मांग

बताया कि विकास भवन पहुंची तो वहां सीडीपीओ मिलीं, जिन्होंने एक कमरे में उसके दस्तावेजों का सत्यापन किया और फिर उससे भर्ती के नाम पर एक लाख रुपये की मांग करते हुये कहा कि रुपये मिलने के बाद उसे नियुक्ति पत्र मिल जायेगा। बताया कि उसने अपने बीमार पिता का हवाला दिया तो उक्त मैडम चिल्लाने लगी और उसे कमरे से निकाल दिया। बताया कि उक्त मैडम का कहना था कि 70 हजार रुपये तो ऊपर तक जाता है, बिना रुपयों के उसका चयन नहीं हो सकेगा। बताया कि 19 फरवरी को दूसरी मैडम उसके घर पहुंची, जहां उन्होंने बताया कि उसका नाम चयन सूची में है और उन्होंने भी एक लाख रुपये की मांग की।

बताया कि 26 मार्च को उसे फोन आया, जिसमें बोला गया कि उनका चयन हो गया है, वह आंगनबाड़ी नियुक्ति पत्र लेने के लिए विकास भवन आ जायें। इसके बाद उसने पिता की तबीयत खराब होने की बात कहते हुये कहा कि वह अभी नहीं आ सकेगी। इसके बाद 31 मार्च को उसके पिता की मृत्यु हो गयी। इसके बाद उसे जानकारी हुयी कि उसके स्थान पर एक अन्य महिला की तैनाती कर दी गयी है। पीड़िता ने जिलाधिकारी से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# ओमी राजा बने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिलाध्यक्ष



**ललितपुर**। समाज के वंचित, शोषित और अंतिम पायदान पर खड़े वर्ग के लोगों के नेता रहे स्व.रामविलास पासवान ने लोक जनशक्ति पार्टी का गठन किया था। यह पार्टी केन्द्रीय सत्ता में अपना ऊंचा कद रखती है। वर्तमान में स्व.रामविलास पासवान के सुपुत्र चिराग पासवान केन्द्र सरकार में मंत्री पद को भी सुशोभित कर रहे हैं। शुक्रवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द पासवान ने एक पत्र जारी करते हुये ललितपुर निवासी ओमेन्द्र सिंह परमार को लोजपा (रामविलास) का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने नवमनोनीत जिलाध्यक्ष ओमेन्द्र सिंह परमार से संगठन को बल प्रदान करते हुये अपनी कार्यकुशलता से राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान के हाथों को मजबूत करने का आह्वान किया है। ओमेन्द्र सिंह परमार के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर जिले में खुशी की लहर दौड़ गयी। कुं.ओमेंद्र सिंह परमार (ओमी राजा) को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा (महाराणा प्रताप) की ओर से अजय प्रताप सिंह तोमर के अलावा विभिन्न शुभचिन्तकों व समर्थकों ने खुशी का इजहार किया है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन आज

**सीतापुर**। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 19 अप्रैल शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक तहसील में किया जाएगा। उक्त तिथि को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में तहसील बिसवां में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन प्रस्तावित है।

# कर्मियों की कमी के चलते सर्वे और चकबंदी कार्य नहीं चल पा रहा है सुचारु रूप से

**ललितपुर**। चकबन्दी आयुक्त के निर्देशन में जनपद की चकबन्दी प्रक्रिया को गति देने हेतु जनपद के 20 चकबन्दी कर्ता गण एवं अन्य जनपदों से आए 30 चकबन्दी कर्तागण को आयतकर्ता पद का प्रशिक्षण जनपद में निराश्रित आश्रय गृह एवं क्षेत्र में ग्राम पटौराखुर्द तहसील ललितपुर में प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इसी क्रम में चकबन्दी आयुक्त द्वारा जारी प्रशिक्षण

● चकबंदी कर्मियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

का निरीक्षण करने हेतु निदेशालय से आलोक कुमार, उपसंचालक चकबन्दी (मुख्यालय) को भेजा गया, जिन्होंने जारी प्रशिक्षण कार्य का गहनता से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ललितपुर द्वारा जनपद में गतिमान चकबन्दी कार्य की पूर्व निर्धारित समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया गया। उपसंचालक चकबन्दी को जनपद में जारी चकबन्दी प्रक्रिया को गति देने में आ रही समस्याओं से




बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी राकेश कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 77 ग्राम चकबन्दी प्रक्रियान्तर्गत हैं, जबकि 54 चकबन्दी लेखपाल जनपद में तैनात हैं और 10 चकबन्दी लेखपाल जनपद झाँसी से सम्बद्ध होकर कार्यरत हैं। इस प्रकार जनपद में कम से कम 15 चकबन्दी लेखपालगण शीघ्र उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है और जनपद में चैनमैन व चपरासी की कमी होने के कारण सर्वे व चकबन्दी कार्य सुचारु रूप से नहीं चल पा रहा है. इसके अलावा लिपिक संवर्ग की भी कमी होने से चकबन्दी कार्य प्रतिकूल रूप से प्रभावित है, इस सम्बन्ध में उपसंचालक चकबन्दी (मुख्यालय) द्वारा आश्वस्त किया गया कि उक्त कार्मिकों की पूर्ति हेतु श्रीमान चकबन्दी आयुक्त से अनुरोध किया जायेगा। जिससे जनपद में गतिमान चकबन्दी कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जा सके।

# अनुसूचित जाति योजना के तहत बंटे कृषि आदान

**बांदा**। कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में प्रसार निदेशालय ने अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत कृषि आदानों का वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 एस0वी0एस0 राजू कुलपति कृषि विश्वविद्यालय ने लाभार्थी कृषकों, महिलाओं एवं विश्वविद्यालय कार्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार सतत कृषकों एवं ग्रामीण युवाओं के विकास के लिए प्रयासरत है। कृषि विश्वविद्यालय भारत सरकार के प्रति आभारी है कि सरकार द्वारा कृषकों एवं कृषि के विकास के लिए काम करने का अवसर विश्वविद्यालय को प्रदान कर रही है।



उन्होने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र गुणवत्तापूर्ण दलहन के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है परंतु उचित भंड़ारण के अभाव में लगभग 20 प्रतिशत दलहन एवं 12 प्रतिशत खाद्यान भंडार में ही नष्ट हो जाता है। कहा कि सुरक्षित अन्न भंड़ारण की तकनीकि से कृषको को लाभ प्राप्त होगा तथा इस समस्या के निराकरण के लिए प्रसार निदेशालय द्वारा किये जा रहे आदान वितरण एवं जागरूकता प्रसार की कुलपति ने सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के स्वागत से हुआ। अतिथियों का स्वागत डा0 नरेन्द्र सिंह, सह निदेशक प्रसार ने किया तथा लाभार्थियों को अनाज भंड़ारण के महत्व पर जानकारी दी। डॉ0 आनंद सिंह, सह निदेशक प्रसार ने अनुसूचित जाति उपयोजना के क्रियांवयन पर जानकारी देते हुए कहा कि आदान वितरण का कार्यक्रम प्रसार निदेशालय, कृषि विश्वविद्यालय द्वारा भा0कृ0अनु0प0, भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान कानपुर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। बुंदेलखंड के विभिन्न जनपदो में प्रसार निदेशालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्रो के सम्वयन से लगभग 1500 अनुसूचित कृषकों, महिलाओं, पशुपालको एवं युवक, युवतियों को विभिन्न लाभप्रद आदानों का वितरण, प्रशिक्षण एवं साहित्य उपलब्ध कराये जायेगें। प्रो0 एन0के0 बाजपेयी ने बताया कि इस परियोजना में कृषि विज्ञान केंद्रो के चयनित गांवो के पात्र लाभार्थियो का चयन एक लाभार्थी एक आदान के नियम से किया गया है। कार्यक्रम में 6 ग्राम पंचायतों के 620 कृषकों को उच्च क्वालिटि की अनाज भंड़ार टंकी प्रदान की गई, कृषि औजार, पशु आहार, गुणवत्तापूर्ण बीज, पौध, वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन इकाई, कुक्कुट, पौध रक्षा यंत्र आदि का वितरण आगामी कार्यक्रमों में किये जाने की योजना है।

# नाबालिग चचेरी बहन ने की चार साल के मासूम की हत्या, पुलिस ने किया खुलासा

जिला संवाददाता

**बिजनौर**। तीन दिन दिन पूर्व मासूम की टैंक में गिरने से मौत का मामला पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या में बदल गया है। पुलिस खुलासे में मासूम बच्चे की चचेरी नाबालिग चचेरी बहन का नाम सामने आया है। जानकारी के अनुसार मंडावली थाना क्षेत्र के गांव फरजपुर

● मौत का मामला पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या में बदल गया

● किशोरी ने उसका गला दबाकर उसकी हत्या कर दी

उर्फ मोहनपुर के जयपाल प्रजापति के 4 वर्षीय पुत्र परम प्रजापति जो कि अपने मां-बाप का इकलौता और गोद लिया हुआ पुत्र था।

मंगलवार को परम नाबालिग किशोरी के छोटे भाई के साथ खाना खा रहा था इस दौरान दोनों बच्चों में विवाद हो गया परम ने उनके भाई को थप्पड़ मार दिया और अपने घर चला गया। इसी घटना से गुस्साई किशोरी उसके पीछे भागी। मासूम बच्चा उससे बचने के लिए एक नवनिर्माण मकान में छुप गया।

गुस्साई किशोरी ने उसे पकड़ कर उसका गला और मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी। मासूम परम प्रजापति ने किशोरी के बाल पड़कर भी बचाना चाहा लेकिन किशोरी ने उसका गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। घबराई किशोरी ने उसके शव कों टैंक में डाल दिया किशोरी ने इस घटना के बारे में अपनी मां को बता दिया था परंतु सब चुप रहे।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस द्वारा जांच शुरू होने के पर मामला सामने आया।

मृतक मासूम के पिता की तहरीर पर पुलिस द्वारा हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

घटना का खुलासा करने में स्वाट प्रभारी सचिन मलिक थाना प्रभारी राम प्रताप सिंह व विशाल चिकारा आदि शामिल रहे है।

# यातायात नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालकों का ऑटोमेटिक कैमरा काटेगा चालान

शहजाद अंसारी

**बिजनौर**। ट्रेफिक पुलिस पर रोब गालिब कर यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चलकों से जुमार्ना वसूल करने के लिए चैराहो पर कैमरे लगाए गए है। यातायात का नियम तोडने पर इन केमरों के माध्यम से ऑटोमेटिक चालान किए जाएगे। ट्रेफिक पुलिस ने इसकी शुरूआत बिजनौर शहर में नगर पालिका चैराहे से की है।



हालांकि लोग पुलिस के इस कदम की आलोचना कर रहे है। लोगों का कहना है की घर से महज बाजार आने वाले लोग भी इसकी जद मे आएगे। अब अगर घर से बार बार किसी काम से बाजार आना होगा तो हेलमेट पहनना होगा। ऐसे कैमरे शहर से बाहर लगने चाहिए। ताकि बाइक से दूर जाने वाले लोग हेलमेट पहनने के लिए मजबूर हो। जिला मुख्यालय पर स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत यह शुरूआत की गयी है। ट्रेफिक पुलिस द्वारा एएनपीआर कैमरे शहर भर मे लगाने की तैयारी कर रही है। जिसकी शुरूआत नगर पालिका चैराहे से हो गयी है। उधर पुलिस प्रशासन का तर्क है की बढ़ते हादसों को रोकने और यातायात नियमों का पालन ठीक से कराने के लिए ट्रेफिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया गया है। इस क्वायद में ट्रेफिक निदेशालय की ओर से 15 लाख का सेटअप लगाया गया है।

# प्राथमिकता के आधार पर बोक्सा जनजाति को सभी सरकारी योजनाओं लाभ का मिलेः डीएम

**बिजनौर**। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि आकांक्षात्मक विकास खण्डों का अनुश्रवण करने के लिए नीति आयोग एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित विषयागत क्षेत्रों चिकित्सा एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास, आधारभूत अवसंरचना के अंतर्गत इण्डीकेटर्स निर्धारित किये गये हैं।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बीती शाम कलेक्ट्रेट सभागार में चयनित विकास खण्डों के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ निर्धारित मानको के अनुरूप पहुंचने के विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि आकांक्षात्मक विकास खण्डों में स्वास्थ्य, कुपोषण, जल संसाधन, शिक्षा, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन, कृषि, आधारभूत अवसंरचना सहित कई ऐसे मानक हैं, जिन पर व्यापक स्तर पर काम किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने समस्त अधिकारियों को शासन की नीति के अनुरूप आकांक्षात्मक विकास खण्ड में विकास कार्य को पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि उक्त कार्य शासन की शीर्ष प्राथमिकता का विषय है अतः सभी संबंधित विभागीय अधिकारी बोक्सा जनजाति को प्राथमिकता देते हुए अन्य पात्र लोगों को शासकीय जन कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं से संतृप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि आकांक्षात्मक ब्लॉक को विकसित करने के लिए शासन बेहद गंभीर है और इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें, लापरवाही संज्ञानित होने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए उक्त चयनित विकास खण्डों को आकांक्षात्मक जनपदों के भांति विकसित किया जाना है तथा विभागीय अधिकारी आकांक्षात्मक विकास खण्ड से सम्बंधित प्रत्येक संकेतांक इण्डिकेटर्स की प्रगति राज्य के औसत प्राप्तांक के अनुसार करना सुनिश्चित करें तथा इसका नियमित रूप से प्रभावी अनुश्रवण करते हुए शत-प्रतिशत प्रगति अर्जित करने का प्रयास करें, ताकि जनपद का समग्र रूप से विकास हो सके। यदि चयनित विकास खण्ड निर्धारित इंडिकेटर के मुताबिक विकसित हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रगति राज्य औसत से कम अथवा गुणात्मक प्रगति नहीं होती है तो इसे गम्भीरता से लिया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशलेंद्र सिंह, जिला सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## जिला स्तरीय गायत्री महायज्ञ की शोभा यात्रा



**बांदा**। जनपद स्तरीय 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की भव्य शोभायात्रा, कलश यात्रा, विभिन्न झंकिओं, मंगल कलश धारण किये माताये, बहने, बैंड बाजों और समाज सुधार के तेजस्वी नारों से गुंजित विशाल जन समूह गायत्री शक्तिपीठ शास्त्री नगर से संत तुलसी उपवन तिन्दवारी रोड स्थिति यज्ञशाला पंहुचा। 17 से 20 अप्रैल तक चलने वाले कार्यक्रम की शोभायात्रा का शुभारम्भ जिला संघ चालक सुरेन्द्र पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल गायत्री शक्तिपीठ संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष मालती वासु वंदना गुप्ता, श्याम सुन्दर जिला कार्यवाह ने किया। नगर के लोगों ने कलश यात्रा का सम्मान पुष्प वर्षा कर किया। कार्यक्रम के समापन पर यज्ञ स्थल में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के संत परिब्राजक सुरेन्द्र वर्मा ने युग ऋषि पं0 श्रीराम शर्मा आचार्य के सन्देश में कहा यह यज्ञ केवल हवनात्मक ही नहीं समाज के शिक्षण के लिए समाज मे समरसता सज्जनता, देवत्व स्थापना के लिए किया जा रहा। कार्यक्रम में राजेंद्र तिवारी, अखंड हिन्द फौज के डाइरेक्टर राजेंद्र तिवारी, विनोद जैन, डॉ रामराज आनंद, रामचंद्र गुप्ता, अखलेश निगम, रामप्रकाश खरे, नवीन निगम, रामसरण शास्त्री, रामजानकी शुक्ला, अनीता सिंह बृजेश त्रिपाठी ने व्यवस्था बनाए रखने में योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ रामनारायण त्रिपाठी, संचालक गायत्री शक्तिपीठ चित्रकूट ने वरिष्ठजनों का आभार जताया, कहा कि सभी की उपस्थिति से कार्यक्रम गरिमामयी रहा।

## भाजयुमो ने कांग्रेस नेताओं का किया पुतला दहन



**बांदा**। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिलाध्यक्ष मोहित गुप्ता के नेतृत्व में अशोक लाट चैराहा में कांग्रेसियों का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। भाजयुमो ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के नेशनल हेराल्ड घोटाले में 665 करोड़ की अचल संपत्ति के साथ 90.02 करोड़ रुपए के साथ-साथ 2 हजार करोड़ से अधिक की संपत्ति हड़पने का घोटाला किया जाने पर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, संतोष गुप्ता संतु, विवेक त्रिपाठी, धीरेंद्र सिंह धीरू, शैलेन्द्र वर्मा, रजत सेठ, अंकित बासु, राजेश गुप्ता, अनिल प्रजापति, अमर सिंह यादव, शराज गुप्ता, अनमोल द्विवेदी, आशीष अवस्थी, बाबूराम निषाद, राममिलन तिवारी, आधा सैकड़ा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भगवान आवरण से नही, मिलते हैं आचरण से



**बांदा**। स्वामी अवधेशदास महाराज ने नाम महिमा कथा महिमा से कथा की शुरूआत की। उन्होंने कहा संत समागम और राम कथा अत्यंत दुर्लभ है, समस्त ग्रंथों का निचोड़ श्री रामचरितमानस में ही है। सभी शास्त्रों का रस श्री रामचरितमानस है। सभी को राम से ही मिलना है, भगवान आवरण से नहीं आचरण से मिलते है। यही संदेश संतों ने संपूर्ण सृष्टि को दिया है। नौ दिवसीय श्री राम कथा के शुभारंभ अवसर पर शुक्रवार की सुबह बड़ी भवानीदाई प्रांगण से कलश यात्रा निकाली गई। गांव भ्रमण के बाद कलश यात्रा मौनीबाबा आश्रम में संपन्न हुई। राम कथा सुनाते हुए स्वामी अवधेशदास जी महाराज ने कहा कि राम की महिमा अपरम्पार है. जीवन का आधार ही राम नाम है. श्रीराम कण-कण में रमण करने वाली शक्ति है और श्री राम की कथा का श्रवण करने से इंसान भवसागर से पार हो जाता है. श्रीराम की भक्ति मन, वचन और कर्म की शुद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। भगवान राम के आदर्शों को अपनाने से जीवन धन्य हो जाता है। कथा व्यास अवधेशदास महाराज ने कहा कि भगवान राम की कथा का श्रवण करना केवल पुण्य अर्जन नहीं, बल्कि आत्मा को जागृत करने का भी माध्यम है। उन्होंने कहा कि जो श्रद्धालु भागवान राम के आदर्शों को अपनाते हैं, उनका जीवन सार्थक और धन्य हो जाता है। इस अवसर पर भाजपा नेता आनंद स्वरूप द्विवेदी, शत्रुघ्न द्विवेदी, संदीप द्विवेदी, गंगाबाबू द्विवेदी, संदीप शुक्ला, भूपेंद्र द्विवेदी, कृष्णकुमार द्विवेदी, सचिन द्विवेदी, आयु तिवारी, नितेंद्र द्विवेदी आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## स्ट्रेचर न होने पर पुत्र का शव कंधे पर ले गया पिता

**ललितपुर**। जहां एक ओर उत्तर प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को देने का दम प्रदेश सरकार भर रही है तो वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत कुछ और है। यहां बेहतर तो छोडि ? लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ भी ठीक प्रकार से नहीं मिल पा रहा है। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को उस समय देखने को मिला, जब अस्पताल में एक बालक की मौत हो गयी, जिसके बाद बालक का शव ले जाने के लिए न तो स्ट्रेचर मिला और न ही शव वाहन की उपलब्धता हो सकी। इसके चलते मृतक बालक का पिता अपने कंधे पर लाद कर बच्चे के शव को रोते-बिलखते हुये ले जाते हुये देखा गया। इस प्रकरण का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। हालांकि इस प्रकरण को देखकर वहां मौजूद लोग प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को कोसते नजर आये।

## ईओ ने सभासदों के साथ कूड़ेदान बाटें



**नगीना, बिजनौर**। स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पालिका की ओर से कूडे का निस्तारण करने के लिए गिले व सूखे कूड़े के लिए घर-घर बाल्टी पहुंचाना शुरू की है। ईओ संदीप कुमार सक्सेना ने इस शुरूआत करते हुए वार्ड के सभासदों के माध्यम से अपने अपने वार्ड में हरे व नीली कलर के कूड़ेदान वितरित किए गए है। नगीना नगर पालिका परिषद कार्यालय में बीते दिन ईओ संदीप कुमार सक्सेना की मौजूदगी में हुई एक बैठक जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर वासियों को प्रोत्साहित करने के लिए नगर पालिका योग के सहयोग से सभासदों के माध्यम से अपने-अपने वार्डों में 100 गिले कूड़े की हरी बाल्टिनुमा कूड़ेदान व 100 सूखे कूड़े की नीली बाल्टियां वार्ड सभासदों को वितरित की गई। ईओ ने कहा कि यह बाल्टियां नगर के लोगों को गिला व सूखा कूड़ा प्रोत्साहित करने के लिये वितरित किये जा रहे है। सभी सभासद अपने अपने वार्ड वासियों को सूचित करें कि खुले में कूड़ा डालते हुए पकड़े जाने पर उनसे जुमार्ना वसूली की कार्रवाई की जायेगी। उधर सफाई निरीक्षक धीरज रॉय वर्मा ने नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत गिला व सूखा कूड़ा अलग अलग कर उन्हें इन दो गीले व सूखे कूड़ेदानों में छांटकर ही डाले। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना, सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा, चेयरपर्सन पुत्र शेख शहराज खलील, मौ0 फहाद, रोहित कुमार, सफाई नायत अरविन्द बाल्मिकि, बिटटू उर्फ सुभाष, सोनू, अरुण कुमार सहित नगर के वार्ड सभासद नूर मोहम्मद, राजकुमार उर्फ जोनी, कपिल पवार, मौ0 असलम, उस्मान एडवोकेट, रोहित विश्नोई आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो बुक 60 लैपटॉप

नई दिल्ली। मोबाइल तकनीकी और नवाचार में वैश्विक लीडर और भारत के प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने भारतीय बाजार में अपने पहले लैपटॉप, मोटो बुक 60 को वैश्विक स्तर पर लॉन्च कर अपनी इकोसिस्टम पेशकश को और मजबूत किया है। यह लॉन्च ब्रांड की इस दृष्टिकोण के अनुरूप है कि उपयोगकर्ताओं को डिवाइसों के बीच सहज कनेक्टिविटी और एक सहज इकोसिस्टम अनुभव प्रदान किया जाए। डिजाइन और नवाचार में नेतृत्व की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, मोटो बुक 60 दो शानदार पैंटोन क्यूरेटेड रंगों - ब्रॉन्ज ग्रीन और वेजवुड में उपलब्ध है। केवल 1.39 किलोग्राम वजन में, मोटो बुक 60 एक बेहद हल्का और पतला लैपटॉप है, जिसमें अंदर जबरदस्त पावर है। इसकी आकर्षक लुक्स इसके ऑल-मेटल बॉडी, वाइब्रेंट कलर्स और मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरबिलिटी के कारण इसे और भी खास बनती है।

### एसर ब्रांड के दो स्मार्टफोन लॉन्च



बंगलुरू। इंडकल टेक्नोलॉजीज ने एसर ब्रांड के दो स्मार्टफोन लॉन्च किए हैं। इस टेक्नोलॉजी स्टार्टअप को अपने नए और शानदार इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स के लिए जाना जाता है। कंपनी ने एक वर्चुअल इवेंट के जरिए सुपर जेडएक्स सीरीज के दो शानदार मॉडल पेश किए हैं। ये फोन प्रीमियम डिजाइन और आधुनिक फीचर्स के साथ आते हैं। एसर सुपर जेडएक्स और एसर सुपर जेडएक्स प्रो की कीमतें बेहद प्रतिस्पर्धी हैं और इन्हें प्रीमियम फीचर्स प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इससे देश भर के उपभोक्ताओं तक आधुनिक टेक्नोलॉजी तक आसानी से पहुंचेगी। मकसद ऐसा स्मार्टफोन लाना था जो पूरी तरह भारत में डिजाइन हो और परफॉर्मेंस में सबसे आगे हो।

### जी5 पर लॉगआउट हो रही है स्ट्रीम

मुंबई। जी5 पर सस्पेंस फि ल्म, लॉगआउट स्ट्रीम हो रही है। यह फि ल्म देखकर दर्शक अपने डिजिटल जीवन की सुरक्षा को लेकर सवाल पूछना शुरू करेंगे। इस फि ल्म की कहानी बिस्वपति सरकार ने लिखी है तथा इसका निर्देशन अमित गोलानी ने किया है। इस मनोरंजक फिल्म में तनाव और नाटकीयता का बेहतरीन चित्रण किया गया है। इसके मुख्य कलाकारों में बाबिल खान, रसिका दुगल, निमिषा नायर और गंधर्व दीवान हैं। डिजिटल 18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड और पोशम पा पिक्चर्स द्वारा निर्मित, लॉगआउट अंतर्राष्ट्रीय फेस्टिवल सर्किट में काफी पसंद की गई है। यह फि ल्म 21वें भारतीय फिल्म महोत्सव स्टटगार्ट 2024, माल डेल प्लाटा 2024, इंडियन फिल्म फेस्टिवल मेलबर्न 2024 और रिवर टू रिवर फ्लोरेंस इंडियन फिल्म फेस्टिवल 2024 में दिखाई जा चुकी है, जो अब जी5 पर स्ट्रीम हो रही है।

### ट्रंप ने नीतिगत दर में कटौती नहीं करने को लेकर पॉवेल की आलोचना की

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नीतिगत दर में कटौती नहीं करने को लेकर फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल की तीखी आलोचना की है। इससे अमेरिकी केंद्रीय बैंक की स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इस बीच, अमेरिका का उच्चतम न्यायालय एक ऐसे मामले पर विचार कर रहा है, जिससे ट्रंप के लिए पॉवेल को बर्खास्त करना आसान हो सकता है। ये घटनाक्रम ट्रंप के विभिन्न देशों पर शुल्क लगाने की घोषणा के बाद अर्थव्यवस्था और वित्तीय बाजारों में व्यापक उथल-पुथल के बीच हो रहे हैं। ज्यादातर अर्थशास्त्रियों को चिंता है कि फेडरल रिजर्व की लंबे समय से चली आ रही स्वतंत्रता पर हमला, बाजारों को और बाधित करेगा। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को प्रमुख ब्याज दर में तेजी से कटौती नहीं करने के लिए फेडरल रिजर्व की आलोचना की और कहा कि उनके पास पॉवेल को हटाने की शक्ति है। राष्ट्रपति ने कहा कि अगर मैं उन्हें बाहर करना चाहता हूं, तो वह बहुत जल्दी बाहर हो जाएंगे, मेरा भरोसा कीजिए। ट्रंप ने साथ ही जोड़ा मैं उनसे खुश नहीं हूं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व का अर्थव्यवस्था पर काफी प्रभाव है। फेड ब्याज दरों को कम करके उधार लेना सस्ता बना सकता है और अधिक खर्च को प्रोत्साहित कर सकता है। जब अर्थव्यवस्था कमजोर होती है, तो ऐसा किया जाता है। इसके विपरीत जब अर्थव्यवस्था में अप्रत्याशित तेजी आ जाती है, तो ब्याज दरों को बढ़ाया जाता है।

# छोटे उद्यमों में प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने को एएनआरएफ शुरू करेगा कार्यक्रम

नयी दिल्ली। भारत का राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन जल्द ही वास्तविक तौर पर इस्तेमाल के लिए प्रौद्योगिकियों के उपयोग में स्टार्टअप और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) का समर्थन करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू करेगा।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न विज्ञान विभागों की समीक्षा बैठक के बाद आधिकारिक बयान में कहा गया, अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) एक लघु व्यवसाय गहन प्रौद्योगिकी नवाचार कार्यक्रम शुरू करने के लिए तैयार है, जो वैश्विक स्तर की सर्वोत्तम गतिविधियों से प्रेरित होगा। बयान में कहा गया, राष्ट्रीय अनुसंधान बुनियादी ढांचे को जितना हो सके उतना मजबूत बनाने के लिए



एएनआरएफ एक क्लाउड ऑफ रिसर्च एंड इनोवेशन इंफ्रास्ट्रक्चर भी शुरू करेगा, ताकि अत्याधुनिक प्रौद्योगिक पर काम कर रहे स्टार्टअप और संस्थानों को देश भर में कम उपयोग किए जाने वाले उपकरणों तक पहुंच मिल सके। बैठक में सिंह ने एएनआरएफ को सभी विज्ञान मंत्रालयों और सरकारी विभागों के लिए एक महत्वपूर्ण संगठन के रूप में स्थापित करने का आह्वान किया, ताकि निजी कंपनियों को शामिल करते हुए उन्नत सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। सभी विज्ञान मंत्रालयों को बाजार-प्रासंगिक, सार्वजनिक-हितकारी उत्पाद प्रदान करने के इरादे से काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एएनआरएफ न केवल एक समन्वय निकाय के रूप में, बल्कि निजी क्षेत्र के निवेश व नवाचार को लाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में भी काम करेगा। सिंह ने प्रत्यक्ष सार्वजनिक उपयोगिता वाली परियोजनाओं के महत्व को उल्लेख किया और सीएसआईआर के हंस-एनजी विमान, परमाणु ऊर्जा विभाग के भारत लघु मॉड्यूलर रिएक्टर तथा अंतरिक्ष आधारित उपयोग को अनुकरणीय मॉडल करार दिया।

# भारत निर्मित इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही है: वैष्णव

मानेसर (हरियाणा)। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि नीतियों तथा प्रोत्साहनों के कारण पिछले दशक में भारत के इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण और निर्यात में कई गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि भारत में निर्मित उत्पादों को अब उनकी विश्वसनीयता और बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति सम्मान से वैश्विक मान्यता मिल रही है।

मानेसर में वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज की एसएमटी (सरफेस माउंट टेक्नोलॉजी) लाइन का उद्घाटन करते हुए मंत्री ने कहा कि पिछले दशक में भारत में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण पांच गुना होकर 11 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। इस अवधि में निर्यात में छह गुना वृद्धि हुई है, जो 3.25 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री वैष्णव ने कहा कि पूरे परिवेश तंत्र ने 25 लाख नौकरियों का सृजन किया है।



उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों को उनकी विश्वसनीयता और बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति सम्मान के कारण लाभ प्राप्त है और इसे विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही है। मंत्री ने कहा कि भारत की डिजाइन क्षमताओं ने जटिल उत्पादों कृत्रिम मेधा से लैस कैमरों से लेकर मोटर वाहन इलेक्ट्रॉनिक तथा दूरसंचार नेटवर्क उपकरण से लेकर पावर इलेक्ट्रॉनिक तक के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। इससे इलेक्ट्रॉनिक हब के रूप में भारत का कद बढ़ा है। वैष्णव ने कहा कि हाल ही में मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत इलेक्ट्रॉनिक घटक प्रोत्साहनों से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण परिवेश तंत्र में सुधार होगा, जिससे अधिक अवसर उत्पन्न होंगे।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.57 अरब डॉलर बढ़ा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर हो गया।

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बताया कि लगातार छठे सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। चार अप्रैल को समाप्त पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.87 अरब डॉलर बढ़कर 676.27 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 89.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर बढ़कर 574.98 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 63.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 79.99 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 60 लाख करोड़ डॉलर घटकर 18.36 अरब डॉलर रहा। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास भारत का आरक्षित भंडार 4.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.50 अरब डॉलर हो गया।

# निवेशकों की संपत्ति चार दिन में 25.77 लाख करोड़ बढ़ी

नयी दिल्ली। पिछले चार कारोबारी सत्रों में शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में छह प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है। अमेरिका के शुल्क पर अस्थायी रोक, विदेशी निवेशकों की घरेलू बाजार में वापसी और दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान सामान्य से अधिक बारिश की भविष्यवाणी के कारण बाजार बढ़त में रहा है।

इसके अलावा, बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, खुदरा मुद्रास्फीति के लगभग छह वर्ष के निचले स्तर पर पहुंचने से भी नीतिगत दर में और कटौती की उम्मीद बढ़ी है। पिछले चार कारोबारी दिनों में बीएसई सूचकांक 4,706.05 अंक यानी 6.37 प्रतिशत बढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी




में 1,452.5 अंक यानी 6.48 प्रतिशत की तेजी रही। इसके साथ, पिछले चार दिन में निवेशकों की संपत्ति 25.77 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,19,60,046.14 करोड़ रुपये (4,900 अरब डॉलर) हो गई। शुक्रवार को गुड फ्राइडे के कारण शेयर बाजार बंद हैं। मास्टर कैपिटल सर्विसेज के अनुसंधान एवं परामर्श के सहायक उपाध्यक्ष विष्णु कांत उपाध्याय के अनुसार, विदेशी कोष प्रवाह, अमेरिका के शुल्क पर अस्थायी रोक तथा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा उदार मौद्रिक नीति रुख अपनाने जैसे कई कारकों ने वैश्विक व्यापार अनिश्चितता के बावजूद भारतीय बाजारों में तेजी को बढ़ावा दिया है। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने लंबे समय तक बिकवाली के बाद एक अरब डॉलर से अधिक मूल्य के भारतीय शेयर खरीदे हैं। इसके अलावा, अमेरिका के शुल्क पर अस्थायी रोक की घोषणा और दोनों देशों के साथ संभावित बातचीत से भी धारणा को बढ़ावा मिला।

# सीबीआईसी ने की जीएसटी पंजीकरण के लिए सात दिन की समयसीमा तय

नयी दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा कि कंपनियां सात दिनों के भीतर जीएसटी पंजीकरण प्राप्त कर सकती हैं। दूसरी ओर जोखिम भरे कारोबार के लिए आवेदनों को भौतिक सत्यापन के बाद 30 दिनों के भीतर प्रसंस्कृत किया जाएगा। यह पाया गया कि क्षेत्र में काम कर रहे कुछ अधिकारी विभिन्न सवाल उठाकर अनुचित दस्तावेज मांग रहे हैं।

इसको देखते हुए सीबीआईसी ने दस्तावेजों की एक सांकेतिक सूची भी दी है, जो अधिकारी कंपनियों से ऑनलाइन मांग सकते हैं। जीएसटी पंजीकरण करने के लिए सीबीआईसी के संशोधित निर्देश में कहा गया है कि पंजीकरण आवेदन को प्रसंस्कृत करते समय अधिकारियों को इन दस्तावेजों की मूल भौतिक प्रति मांगते हुए सवाल नहीं उठाने चाहिए। सीबीआईसी ने कहा कि उसे जीएसटी पंजीकरण हासिल करने में होने वाली कठिनाइयों के बारे में शिकायतें मिली हैं। संशोधित निर्देश के मुताबिक व्यवसाय के मुख्य स्थान के संबंध में आवेदक को कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा - नवीनतम संपत्ति कर रसीद या नगरपालिका खाता या मालिक के बिजली बिल की प्रति, या कोई अन्य सरकारी दस्तावेज जैसे पानी का बिल, जो स्पष्ट रूप से परिसर के स्वामित्व को स्थापित करता हो।

# सरकार ने समर्थन मूल्य पर खरीदी 3.40 लाख टन तुअर

नयी दिल्ली। सरकार ने मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत इस साल अब तक 3,40,000 टन तुअर (अरहर) की खरीद की है। कृषि मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली।

इस योजना के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर तुअर की खरीद की जा रही है। मंत्रालय ने नौ राज्यों से 13.22 लाख टन तुअर की खरीद को मंजूरी दी है। सरकार का लक्ष्य कीमतों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से खुले बाजार में जारी करने के लिए 10 लाख टन तुअर दाल का भंडार (बफर स्टॉक) बनाए रखना है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 13 अप्रैल तक तुअर की खरीद 3,40,000 टन तक पहुंच गई है। कर्नाटक से सर्वाधिक 1,30,000 टन की खरीद की गई, जहां किसानों को 7,550 रुपये प्रति क्विंटल के एमएसपी



के ऊपर 450 रुपये प्रति क्विंटल का राज्य बोनस मिल रहा है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश से खरीद की गई। सरकार ने तेलंगाना और मध्य प्रदेश से 17,000 टन चना भी खरीदा है। 27 लाख टन चना खरीद की मंजूरी के बावजूद खरीद धीमी बनी हुई है क्योंकि 10 प्रतिशत आयात मूल शुल्क लगाए जाने के बाद घरेलू कीमतें 5,650 रुपये प्रति क्विंटल के एमएसपी से अधिक हो गई हैं। मसूर की खरीद 13 अप्रैल तक 28,700 टन और मूंग की खरीद 3,000 टन तक पहुंच गई है। पीएसएस तब लागू होता है जब कुछ कृषि वस्तुओं के बाजार मूल्य एमएसपी से नीचे गिर जाते हैं। सरकार ने 2024-25 के बजट में दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 2028-29 तक केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से राज्य उत्पादन के सापेक्ष अरहर, मसूर और उड़द की 100 प्रतिशत खरीद करने की प्रतिबद्धता जताई है। हाल के वर्षों में घरेलू उत्पादन में वृद्धि के बावजूद भारत घरेलू दालों की आपूर्ति में कमी को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर है।

# अमेरिकी शुल्क से वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर होगी, नहीं आयेगी वैश्विक मंदी : आईएमएफ

वाशिंगटन। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमए) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा का कहा कि अमेरिका में बढ़ते शुल्क से वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर होगी और इस वर्ष मुद्रास्फीति बढ़ेगी लेकिन ये वैश्विक मंदी का कारण नहीं बनेंगे।

आईएमएफ के अगले सप्ताह जारी किए जाने वाले अनुमानों के आधार पर उन्होंने यह बात कही। जॉर्जीवा ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिकी प्रशासन द्वारा शुल्क की दरों में की गई वृद्धि ने वैश्विक अनिश्चितता को बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि आयात शुल्क वैश्विक वृद्धि को धीमा कर देंगे और मुद्रास्फीति बढ़ेगी लेकिन ये दुनिया भर में मंदी का कारण नहीं बनेंगे। जॉर्जीवा ने कहा कि वैश्विक




व्यापार प्रणाली में बड़े बदलावों से विश्व अर्थव्यवस्था के जुझारूपन की परीक्षा ली जा रही है जिससे वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल मचने का खतरा है। उन्होंने कहा कि शुल्क अनिश्चितता का कारण बनते हैं, जो महंगा पड़ सकता है। आपूर्ति श्रृंखलाओं की जटिलता से कई देशों में शुल्क के कारण एक-एक वस्तु की लागत प्रभावित हो सकती है। व्यापार बाधाओं में वृद्धि से भी वृद्धि पर तत्काल प्रभाव पड़ता है, तथा यद्यपि इससे घरेलू उत्पादन में वृद्धि हो सकती है लेकिन इसे ऐसा होने में समय लगता है। हालांकि, आईएमएफ प्रमुख ने अमेरिकी प्रशासन की कुछ चिंताओं को भी दोहराया। उन्होंने देशों से शुल्क कम करने और व्यापार में अन्य बाधाओं को कम करने का आह्वान किया। आईएमएफ का पूर्ण आकलन अगले मंगलवार को जारी किया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### यूनेस्को धरोहर में

लोगों की पहुंच को सुनिश्चित किया जाता है। इसके अलावा इस रजिस्टर के जरिए सरकारों, आम जनता, व्यापारों और वाणिज्यिक संस्थानों को दस्तावेजी धरोहर के संरक्षण की जरूरत और इसके लिए फंड्स की जरूरत के बारे में बताया जाता है। यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में नाम दर्ज होना उस देश की दस्तावेजी धरोहर की अहमियत और इसे लोकप्रिय बनाने में अहम साबित होता है। इसके जरिए इन दस्तावेजों पर अनुसंधान, इससे जुड़ी शिक्षा, मनोरंजन और संरक्षण पर भी समयानुसार जोर दिया जाता है।

### प्रदेश में

हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर और उसके आसपास के इलाकों में भी उष्ण रात्रि होने की संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संतरविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर और महाराजगंज में ताप सूचकांक 40-50 ? के बीच रहने की संभावना है। साथ ही सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रूखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, सहारनपुर, शामली और मुजफ्फरनगर में ताप सूचकांक 40-50 ? के बीच रह सकता है।।

इसी तरह बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर में ताप सूचकांक 40-50 ? के बीच रह सकता है। वहीं 18 अप्रैल को प्रदेश के दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती है। इस दौरान पश्चिमी यूपी 30 से 40 और पूर्वी यूपी में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। साथ ही बादल गरजने व बिजली चमकने के साथ ही उष्ण रात्रि होने का अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं प्रदेश के तापमान की बात करे तो फतेहपुर में सबसे ज्यादा 41.6 ? अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है। साथ ही बुलंदशहर में 40 ?, प्रयागराज में 39 ?, झांसी में 39.6 ?, हमीरपुर में 39.2 ?, आगरा ताज में 39.4 ?, अलीगढ़ में 38.4 ? और लखनऊ में 37.4 ? अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है। जबकि इटावा में 25 ? सबसे ज्यादा न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है। लखनऊ में 24.4 ?, लखीमपुर खीरी में 23 ?, वाराणसी बीएचयू में 22.7 ?, बलिया में 23.5 ?, प्रयागराज में 24.4 ?, बहराइच में 24.2 ?, झांसी में 24.8 ? न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है। वहीं अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2-3 ? और अगले 5 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2 ? की बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है।

### संवेदना चिकित्सक

के अपने दौरे के दौरान सड़कों पर बड़ी संख्या में लोगों को देख उनकी व्यवस्था के लिए अटेंडेंट शेल्टर होम बनाने के निर्देश दिए थे। मन में आया कि एसजीपीजीआई, केजीएमयू, बीएचयू में और एम्स गोरखपुर में पेशेंट अटेंडेंट के लिए कोई केंद्र बनने चाहिए। इसकी जिम्मेदारी अवनीश अवस्थी को दी गई। उन्होंने प्रयास शुरू किए तो पेट्रोलियम मिनिस्ट्री ने एसजीपीजीआई, केजीएमयू और आरएमएल के लिए तीन रैन बसेरे दिए। पावर मिनिस्ट्री के सहयोग से एम्स गोरखपुर के लिए रैन बसेरा स्वीकृत हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपेक्षा जताई कि एम्स को आसपास के जिलों के मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में टेली कंसल्टेशन के जरिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए। उन्होंने इसके लिए कोरोना काल में एसजीपीजीआई, केजीएमयू और आरएमएल के जरिये प्रशिक्षण देकर बनाए गए सिस्टम मॉडल का भी उल्लेख किया और बताया कि बाद में इससे हर जिले में आइसीयू और वेंटिलेटर की सुविधा मिली थी। उन्होंने कहा कि टेली कंसल्टेशन जैसी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर अधिक से अधिक लोगों को राहत दी जा सकती है। कहा कि एम्स जैसे संस्थान आज जिनकी ओपीडी 4000 तक पहुंच चुकी है, अगर यहां पर सभी सुपर स्पेशलिटी की फैकल्टी आ जाएं तो यही ओपीडी जा 10000 पर चली जाएगी। ऐसे में एसजीपीजीआई की तर्ज पर एम्स गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश का चिकित्सा हब बने और यहां से अन्य मेडिकल कॉलेजों को जोड़ते हुए यहां से टेली कंसल्टेशन दी जाए। इससे सामान्य मरीज को भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी।

### रक्षा क्षेत्र में

दिखती हैं। उन्होंने कहा, यहां आपके पास एक परिपक्व औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र है। ठोस प्रस्तावों के साथ मेरे पास आएं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी महाराज राष्ट्रीय नायक हैं, न कि मुगल शासक औरंगजेब। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करने के बाद आयोजित समारोह में सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप साहस और देशभक्ति के प्रतीक थे। सिंह ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज ने विशेष रूप से गुरिल्ला युद्ध रणनीति के लिए महाराणा प्रताप से प्रेरणा ली थी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने दावा किया कि स्वतंत्रता के बाद वामपंथी झुकाव वाले इतिहासकारों ने महाराणा प्रताप और शिवाजी महाराज दोनों को उचित श्रेय नहीं दिया, बल्कि औरंगजेब का महिमामंडन किया। उन्होंने कहा जो लोग मानते हैं कि औरंगजेब एक नायक था, उन्हें पंडित जवाहरलाल नेहरू की किताब पढ़नी चाहिए, जिन्होंने लिखा था कि मुगल बादशाह एक क्रूर, कट्टरपंथी शासक था। सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी और मुगल सम्राट अकबर के प्रभुत्व को चुनौती दी। उन्होंने कहा कि अपनी अनुकरणीय वीरता के अलावा महाराणा प्रताप ने समाज के सभी वर्गों को एकजुट किया। उन्होंने कहा, आदिवासी और मुसलमान उनकी सेना का हिस्सा थे। हकीम खान सूरी ने मुगलों के खिलाफ लड़ते हुए हल्दीघाटी की लड़ाई में अपना जीवन बलिदान कर दिया। एक मुस्लिम युवक शिवाजी महाराज का अंगरक्षक था। मंत्री ने कहा कि औरंगजेब का महिमामंडन करने वाले मुसलमानों का अपमान करते हैं।

### दुराचार के

के खिलाफ शुक्रवार को मुकदमा दर्ज किया गया है। आयशा ने अपनी शिकायत में बताया विगत 3 अप्रैल को ग्राम मझवा बनकट के पास उसके देवर मुबारक अली को रस्सी से बांधकर मारा-पीटा गया जिसका परिजनों ने इलाज कराया है। उन्होंने मारपीट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। विशेश्वरगंज थानाध्यक्ष ज्ञान सिंह ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज है, तफ्तीश की जा रही है। मामला दो समुदायों के बीच का है लेकिन यहां किसी तरह के साम्प्रदायिक विद्वेष जैसी कोई बात नहीं है। फिर भी गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानंद प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि मुबारक अली के खिलाफ इसी माह गांव की एक महिला से दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया गया था। एफआईआर में घटना की तारीख अप्रैल के शुरुआती दिनों की बताई गयी, लेकिन पीड़ित पक्ष ने एफआईआर कुछ दिन बाद दर्ज कराई थी। तब से आरोपी मुबारक अली फरार था, पुलिस उसकी तलाश में थी। उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार को मारपीट का जो वीडियो वायरल हुआ उसकी जानकारी पुलिस को पहले नहीं थी। उन्होंने बताया कि युवक के साथ हुई मारपीट के संबंध में शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### प्रतिभाशाली छात्रों

रही है। उन्होंने कहा उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसने यूसीसी कानून को लागू किया है, यह सभी प्रदेशवासियों के लिए गर्व की बात है। बीते साढ़े तीन सालों में राज्य सरकार ने 22 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी है। राज्य की बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा उत्तराखंड राज्य ने नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों की सूची में देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्रों को मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों की हर संभव सहायता करने के लिए तत्पर है और उच्च शिक्षा के संस्थानों को विश्व स्तरीय बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

विधायक विनोद कण्डारी ने समारोह की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों को उनके नए दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के साथ ही सामाजिक और राष्ट्रीय विकास में भी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के विकास में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनमोहन सिंह रौथाण, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह, कुलसचिव राजेश कुमार ढोड़ी, अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल, प्रो. ओपी गुसाईं, छात्रसंघ अध्यक्ष जसवंत सिंह एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### डॉप्लर रडार

में बाढ़ व यातायात प्रबंधन में भी होगा। लखनऊ में डॉप्लर रडार की स्थापना बंगला बाजार सिति स्मृति उपवन में की जाएगी। चयनित जमीन के लिए भारतीय मौसम विभाग अमौसी शाखा लखनऊ के निदेशक डॉ. मनीष रानाल्कर, मो. दानिश, मौसम वैज्ञानिक-डी एवं जिला प्रशासन से जिला आपदा विशेषज्ञ की ओर से एलडीए के उपाध्यक्ष से वार्ता हो चुकी है। इसके बाद 4 अप्रैल 2024 को जमीन का निरीक्षण भी किया जा चुका है, तय किया गया है कि स्मृति उपवन के गेट नंबर दो के बायीं ओर इसे स्थापित किया जाए। इस पर सहमति बनने के बाद मिट्टी का परीक्षण भी किया जा चुका है। मगर एलडीए की ओर से अभी तक स्वीकृति नहीं दी गई है। अब एक साल बाद राकेश कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा मुख्य कार्यापालक अधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एलडीए के सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने राहत आयुक्त की परियोजना निदेशक अदिति उमराव के निर्देश पर जमीन की स्वीकृति दिए जाने का अनुरोध किया है।

### बरेली : महिला

मेडिकल जांच के बाद दंपती को जेल भेज दिया गया। मिश्रा ने कहा कि ज़हर दिए जाने के संदेह में हमने फोरेंसिक जांच के लिए पीड़ित के विसरा को भी सुरक्षित रख लिया है। पूछताछ के दौरान रेखा ने शुरू में सीधे जवाब देने से परहेज़ किया, लेकिन बाद में उसने अपने पति के खाने में ज़हर मिलाने की बात कबूल कर ली। हालांकि, उसने गला घोंटने या शव को लटकाने की बात से इनकार किया और दावा किया कि उसके पति ने कमरा बंद करके आत्महत्या कर ली होगी। पुलिस ने कहा कि ज़हर की पुष्टि के लिए वे विसरा रिपोर्ट का इंतज़ार कर रहे हैं। इस बीच, पीड़ित के भाई अशोक की शिकायत के आधार पर फतेहगंज पश्चिमी थाने में रेखा और पिंटू के खिलाफ़ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।




## संक्षेप

### भारत ने एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए 56 सदस्यीय दल भेजा

नयी दिल्ली। भारत ने जोर्डन के अम्मान में आयोजित होने वाली एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए 56 सदस्यीय दल भेजा है। यह एशियाई मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहली प्रतियोगिता है जिसे एशियाई ओलंपिक परिषद और नवगठित वर्ल्ड बॉक्सिंग (विश्व मुक्केबाजी) दोनों का समर्थन प्राप्त है। अंडर-17 लड़कों की टीम में साहिल दुहान और देवांश शामिल हैं जिन्होंने 2024 एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते थे। वहीं टीम में चुने गए टीकम सिंह एसजीएफआई 2024 स्वर्ण पदक विजेता हैं। लड़कियों के वर्ग में समीक्षा सिंह, अंशिका और खुशी चंद 2024 एशियाई स्कूल मुक्केबाजी चैंपियनशिप (लड़के और लड़कियों की) में पदक विजेताओं में शामिल थीं। अंडर-15 दल में 2024 में एशियाई स्कूल चैंपियनशिप (लड़कों) के कांस्य पदक विजेता रवि सिहाग के साथ-साथ 2024 की सब-जूनियर राष्ट्रीय बालिका मुक्केबाजी चैंपियन (64-67 किग्रा) तृष्णा मोहिते शामिल हैं। टीम का चयन विश्व मुक्केबाजी द्वारा गठित अंतरिम समिति द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष अजय सिंह ने की।

### जेसिका पेगुला और कोको गाफ स्टटगार्ट क्वार्टर फाइनल में

स्टटगार्ट (जर्मनी)। तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने मेगडालिनी फ्रेच को 6 .।, 6 .। से हराकर पोर्शे ग्रां प्री के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस महीने चार्लेसटन ओपन जीतने वाली पेगुला ने पोलैंड की अपनी प्रतिद्वंद्वी को सिर्फ 59 मिनट में हराया। अमेरिका की पेगुला का सामना अब एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा आंद्रीवा को 6 . 3, 6 . 2 से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने एला सीडेल को 6 .।, 6 .। से हराया। अब वह पांचवीं वरीयता प्राप्त जैसमीन पाओलिनी से खेलेंगी जिन्होंने जूली नीमीर को 6 .।, 7 . 5 से मात दी।

### सीएसके ने चोटिल गुरजपनीत की जगह ब्रेविस को टीम में शामिल किया

नयी दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने शुक्रवार को चोटिल तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह की जगह दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर डेवाल्ड ब्रेविस को टीम में शामिल करने की घोषणा की। दुनिया के सबसे रोमांचक युवा क्रिकेटरों में से एक ब्रेविस ने 2023 में पदार्पण के बाद दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। ब्रेविस दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट में खेल चुके हैं जिसमें आईपीएल, सीपीएल, एमएलसी और एसए20 शामिल हैं। वह 2025 एसए20 में 184.17 के स्ट्राइक रेट से 291 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में छठे स्थान पर रहे थे जिससे मुंबई इंडियंस केपटाउन को अपना पहला खिताब जीतने में मदद मिली थी। आईपीएल ने मीडिया को दिए बयान में कहा, चेन्नई सुपर किंग्स ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के बचे हुए मैचों के लिए चोटिल गुरजपनीत सिंह की जगह दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को शामिल करने का फैसला किया है।

### कठिन विकेटों के अनुकूल ढलना होगा : विटोरी

मुंबई। अपने बल्लेबाजों से कठिन पिचों के अनुरूप शैली में बदलाव का आग्रह करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के कोच डेनियल विटोरी ने कहा कि हर पिच बल्लेबाजों की मददगार नहीं हो सकती और उन्हें अपने खेल में बदलाव करना होगा। मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े स्टेडियम पर सनराइजर्स हैदराबाद को चार विकेट से हराया। सनराइजर्स पांच विकेट पर 162 रन ही बना सके। मुंबई के आफ स्पिनर विल जैक्स ने 14 रन देकर दो विकेट चटकाये। विटोरी ने मैच के बाद कहा , मुझे लगता है कि पिच पर किसी का नियंत्रण नहीं है तो यह तकदीर की भी बात है कि हमें ऐसे विकेट मिल रहे हैं जो हमें रास नहीं आ रहे। हमें हालात के अनुकूल ढलना ही होगा। हमें पता है कि चेन्नई में या अहमदाबाद में ऐसे हालात होंगे।

# राष्ट्रीय पैदल चाल प्रतियोगिता आज से

## प्रतिभागियों को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप और विश्व चैंपियनशिप में स्थान हासिल करने के लिए एक अच्छा मंच प्रदान करेगी

चंडीगढ़। राष्ट्रीय पैदल चाल प्रतियोगिता शनिवार से यहां शुरू हो रही है, जो प्रतिभागियों को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप और विश्व चैंपियनशिप में स्थान हासिल करने के लिए एक अच्छा मंच प्रदान करेगी।

दो बार की ओलंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रियंका गोस्वामी सुखना झील के करीब महिलाओं की 20 किमी स्पर्धा में अपना दबदबा बनाने की कोशिश करेंगी। इस प्रतियोगिता में देश भर से 200 से अधिक एथलीट भाग ले रहे हैं। प्रियंका का मुख्य लक्ष्य 27-31 मई को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा निर्धारित एक घंटा 32 मिनट के क्वालीफिकेशन समय को हासिल करने पर होगा। इस 29 वर्षीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक ने कहा, मैं फिट हूं और उम्मीद है कि कल




अच्छा समय निकाल पाऊंगी। महिलाओं की 20 किमी स्पर्धा में 20 एथलीट भाग ले रहे हैं। पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल में 46 शीर्ष धावक भाग लेंगे। इनमें से अधिकांश भारतीय सेना से हैं। पुरुषों की 20 किमी स्पर्धा में एशियाई मीट के लिए क्वालीफिकेशन समय ।:24:00 है। पेरिस ओलंपियन अक्षदीप सिंह और परमजीत सिंह बिष्ट को पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल में शीर्ष स्थान के दावेदार होंगे। अक्षदीप ने 2023 में रांची में पुरुषों की 20 किमी दौड़ में ।:19:55 का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। पंजाब के इस खिलाड़ी ने आत्मविश्वास से लबरेज होकर कहा, इस स्पर्धा का मार्ग अच्छा है और मुझे शनिवार को अच्छे समय की उम्मीद है। पुरुषों की 35 किमी स्पर्धा में भारतीय सेना के 14 एथलीटों का एक बड़ा समूह शामिल होगा। सेना के अंतरराष्ट्रीय एथलीट राम बाबू इस चुनौती का नेतृत्व करेंगे। महिलाओं के समूह में 35 किमी की चुनौतीपूर्ण स्पर्धा में 11 एथलीट शामिल होंगे। इसमें मंजू रानी, रमनदीप कौर और पायल खिताब की दावेदार होंगी। पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का क्वालिफिकेशन समय ।:19:20 है।

# फिर लय में आ रहे हैं रोहित शर्मा जल्दी ही खेलेंगे बड़ी पारी : बाउचर



मुंबई। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर का मानना है कि खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियंस के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा आईपीएल में लय में लौट रहे हैं और जल्दी ही बड़ी पारी खेलेंगे।

रोहित इस सत्र में छह मैचों में अर्धशतक नहीं बना सके। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बृहस्पतिवार को 26 रन का स्कोर उनका सर्वोच्च स्कोर है। मुंबई इंडियंस के पूर्व मुख्य कोच बाउचर ने आईपीएल प्रसारकों से कहा कि हमने इस मैच में रोहित शर्मा की शैली के बड़े छक्के देखे। मुझे उसके तेवर पसंद आये। उसने गेंदबाजों पर दबाव बनाया और रन बनाने के मौके तलाशे। वह जल्दी ही बड़ी पारी खेलेगा। वहीं नौ गेंद में 21 रन बनाने वाले मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या के बारे में उन्होंने कहा के हार्दिक पंड्या दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हरफनमौलाओं में से है। जब वह अच्छा खेलता है तो टीम जीतती है। अब वह सिर्फ पावरप्ले में ही नहीं बल्कि बीच के ओवरों में भी गेंदबाजी कर रहा है और विकेट भी ले रहा है। इससे उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा। विल जैक्स के बारे में उन्होंने कहा कि वह दबाव में लग रहा है और उस तरह से प्रदर्शन नहीं रहा है, जैसा वह करना चाहता होगा। लेकिन वह शानदार खिलाड़ी है और जबर्दस्त हरफनमौला है। उसने कुछ अहम विकेट लिये जिससे बतौर बल्लेबाज भी उसका आत्मविश्वास बढा है। आखिरकार वह योगदान दे पा रहा है और इस लय को कायम रखना चाहेगा। पंड्या के बारे में पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा ने कहा, हार्दिक पंड्या मोर्चे से अगुवाई कर रहा है। गेंदबाजी हो, बल्लेबाजी या फील्डिंग। वह हमेशा मुस्कुराता रहता है और कभी हार नहीं मानता।

# बदानी ने खराब लय में चल रहे जेक फ्रेजर-मैकगर्क का समर्थन किया

अहमदाबाद। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच हेमंग बदानी ने उम्मीद जताई कि खराब फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क आगामी आईपीएल मैचों में अच्छे प्रदर्शन करेंगे, लेकिन उन्होंने यहां शनिवार को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ होने वाले मैच में फाफ डुप्लेसी की उपलब्धता पर चुप्पी बनाए रखी।

फ्रेजर-मैकगर्क इस साल फॉर्म में नहीं हैं, उन्होंने छह मैचों में सिर्फ 55 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के इस बल्लेबाज ने 2024 आईपीएल सत्र नौ मैचों में चार अर्धशतक के साथ 330 रन बनाए थे।

इस युवा सलामी बल्लेबाज के खराब लय के बावजूद दिल्ली की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। टीम छह मैचों में से पांच जीत के बाद अंक तालिका में शीर्ष पर है। बदानी ने संकेत दिया कि टीम उनके साथ बनी रहेगी। उन्होंने कहा, वह (फ्रेजर-मैकगर्क) ऐसा खिलाड़ी है जो हमें शानदार शुरुआत देता है और हम मानते हैं कि वह मैच विजेता है। हां, पिछले साल की तुलना में इस साल उसके आंकड़े अच्छे नहीं रहे हैं, लेकिन हम एक टीम के रूप में मानते हैं कि वह ऐसा खिलाड़ी है जो किसी भी समय हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस समय हमारी स्थिति छह मैचों में पांच जीत के साथ अच्छी है। यह हमें उनके जैसे खिलाड़ी को एकादश में रखने का साहस देता है और वह अगर अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो यह हमारे लिए शानदार दिन होगा। दिल्ली के उपकप्तान डुप्लेसी ने 10 अप्रैल से कोई मैच नहीं खेला है। उन्हें आरसीबी के खिलाफ मैच के दौरान चोट लग गई थी। बदानी ने कहा कि मैं वास्तव में टीम के संयोजन के बारे में आपको कुछ नहीं बता सकता, चाहे वह (डुप्लेसी) तैयार हो या नहीं, हमें कल इंतजार करना होगा और देखना होगा। उन्होंने कहा कि पांच जीत के बाद टीम अच्छी स्थिति में है।

# महिला खिलाड़ियों को सशक्त कर रही है डब्ल्यूपीएलः मंधाना

नयी दिल्ली। भारतीय महिला टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पिछले छह साल में महिला क्रिकेट के लिए काफी काम किया है और पुरुषों की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तर्ज पर शुरू हुई महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) निश्चित रूप से युवा खिलाड़ियों को सशक्त कर रही है। मंधाना की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने डब्ल्यूपीएल खिताब अपनी झोली में डाला था जो आरसीबी की कैबिनेट में एकमात्र ट्रॉफी है।




महाराष्ट्र के सांगली जिले की इस स्टार क्रिकेटर का कहना है कि अभी तो डब्ल्यूपीएल के तीन चरण ही खेले गए हैं लेकिन इसका असर घरेलू क्रिकेट और लड़कियों पर साफ दिखने लगा है। उन्होंने कहा कि अंडर-19 टीम की खिलाड़ियों में बड़ा बदलाव आया है, उन्हें इतनी सारी चीजें पता हैं जो हम अपने दिनों में नहीं जानते थे। इसलिये लीग के आने से काफी विकास हुआ है। अब टीवी पर भी महिला क्रिकेट का प्रसारण होता है, सब भारतीय महिला टीम को जानते हैं। बीसीसीआई ने पिछले छह साल में महिला क्रिकेट के लिए बहुत काम किया है। मंधाना ने दुबई में सिटी क्रिकेट अकादमी के लांच के मौके पर चुनिंदा मीडिया से वर्चुअल बातचीत में कहा कि पिछले तीन वर्षों में डब्ल्यूपीएल किस तरह से आगे बढ़ा है, इसे देखने के लिए कितनी सारी लड़कियां आ रही हैं, आप स्पष्ट बदलाव देख सकते हैं। छोटी छोटी लड़कियां भी हमारे पास आ रही हैं और वे क्रिकेटर बनना चाहती हैं जो बहुत अच्छी चीज है। काफी माता-पिता अपनी बच्चियों को अकादमी में भेज रहे हैं ताकि वे डब्ल्यूपीएल में खेल सकें। उन्होंने कहा कि महिला क्रिकेट अब लोकप्रिय हो रहा है। टी20 क्रिकेट जिस तरह से आगे बढ़ रहा है, उसे देखते हुए डब्ल्यूपीएल भी दर्शकों का काफी मनोरंजन कर रहा है। डब्ल्यूपीएल उसी तरह काम कर रहा है जैसा आईपीएल ने पुरुष क्रिकेट के लिए किया था। घरेलू क्रिकेट पर भी इसका असर दिख रहा है, लड़कियां डब्ल्यूपीएल खेलकर भारतीय टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलना चाहती हैं। मंधाना काफी समय से खुद की अकादमी बनाने पर विचार कर रही थीं लेकिन अपने व्यस्त कार्यक्रम के कारण ऐसा नहीं कर पा रही थीं। फिर इस बारे में असम के पूर्व क्रिकेटर और ब्रिटेन में बसे मशहूर कोच डॉन भगवती से भी उनकी बातचीत हुई जिन्होंने लीस्टर में बहुत साल पहले अपनी अकादमी शुरू की थी। अब दुबई के बाद भगवती की योजना भारत में भी इसी तरह की अकादमी शुरू करने की है।

# जीतू ने मुझे कुछ उपयोगी सुझाव दिये थेः सुरुचि सिंह

नयी दिल्ली। निशानेबाज सुरुचि सिंह की अंगुलियों में सटीक निशाना साधने की प्रतिभा पहले से ही थी लेकिन राष्ट्रीय शिविर में पिस्टल के दिग्गज जीतू राय से मिले सुझाव से वह दक्षिण अमेरिका में आईएसएसएफ विश्व कप में कई स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही। भारत की शीर्ष घरेलू प्रतियोगिताओं में कई पदक जीतने वाली इस 18 साल की निशानेबाज को भारतीय निशानेबाजी में अगली बड़ी खिलाड़ी के रूप में देखा जा रहा है। सुरूचि ने अपनी प्रतिभा और धैर्य से काफी प्रभावित किया है।



उन्हें अपनी घरेलू सफलता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के लिए थोड़ी सलाह की जरूरत थी और ऐसे में उन्हें जीतू से मार्गदर्शन मिला। इस सुझाव के बाद उन्होंने बेहद ही कम समय में आईएसएसएफ विश्व कप में दो व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीते। सुरुचि ने लीमा से पीटीआई से कहा कि जीतू ने मुझे कुछ सुझाव दिए, जिनसे मुझे यहां बहुत मदद मिली और खेल में आगे बढ़ने के लिए ये सलाह महत्वपूर्ण हैं। मैंने उनकी सलाह का पालन किया और इसका फल मुझे मिला। वर्तमान में राष्ट्रीय टीम के पिस्टल कोचों में से एक जीतू को सुरुचि लंबे समय से जानती हैं। जब झज्जर की निशानेबाज ने अपने राष्ट्रीय कोच के रूप में सेना के इस पूर्व निशानेबाज को चुना तो कोई आश्चर्य नहीं हुआ। सुरुचि के पिता भी सेना से हवलदार के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। जीतू को अपने समय के दुनिया के सबसे बेहतरीन पिस्टल निशानेबाजों में से एक माना जाता था और जिन्होंने शीर्ष अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में कई स्वर्ण पदक जीते है। अपनी विनम्रता के लिए पहचाने जाने वाले इस पूर्व निशानेबाज ने कहा कि सुरुचि के पास अच्छी तकनीक है और वह मानसिक और शारीरिक रूप से बहुत मजबूत है। जीतू ने कहा कि जब मैंने उसे प्रशिक्षण के दौरान निशाना साधते हुए देखा तो मैंने महसूस किया कि उसका हाथ थोड़ा बाईं ओर झुका हुआ था। अभ्यास के साथ उसने इसे जल्दी ही ठीक कर लिया। हमने 15 दिनों तक कर्णी सिंह रेंज में प्रशिक्षण लिया और यह एक बहुत ही उपयोगी शिविर था। राय ने कहा कि मैंने उसे बताया कि जब वह बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में प्रतिस्पर्धा कर रही हो, तो दबाव को कैसे संभालना है, परिस्थितियों और स्थितियों का आकलन कैसे करना है क्योंकि सभी रेंज और स्थितियां एक जैसी नहीं होती हैं। हरियाणा के भिवानी में द्रोणाचार्य अकादमी की छात्रा सुरुचि को अभी लंबा रास्ता तय करना है। उन्होंने कहा, मैं टूर्नामेंट की परवाह किए बिना अच्छी निशानेबाजी करने की कोशिश करती रहूंगी। मैं इस समय खुद से किसी उम्मीद के बारे में नहीं सोच रही हूं। सुरुचि ने 2022 और 2023 के राष्ट्रीय खेलों में पदक जीते। उन्हें दिल्ली में आयोजित पिछले राष्ट्रीय खेलों में सात स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। राष्ट्रीय राजधानी में इस उपलब्धि के बाद इस साल की शुरुआत में उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों में दो और स्वर्ण पदक जीते।

# दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच शीर्ष स्थान के लिए मुकाबला

अहमदाबाद। डैथ ओवरों में गेंदबाजी का मिचेल स्टार्क का हुनर और मोहम्मद सिराज की सटीकता का सामना होगा जब शानदार फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस आईपीएल में श्रेष्ठता के मुकाबले में शनिवार को आमने सामने होंगी। कैपिटल्स छह मैचों में दस अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि टाइटंस छह मैचों में आठ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में हराकर दिल्ली के हौसले बुलंद है। दिल्ली ने एक बार फिर दबाव में जीत दर्ज की और उसके शिल्पकार रहे स्टार्क। आस्ट्रेलिया के बायें हाथ के इस तेज गेंदबाज ने तीन सटीक यॉर्कर डालने के अलावा सुपर ओवर भी फेंका। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद चैम्पियंस ट्रॉफी नहीं खेलने वाले स्टार्क पूरी तरह से तरोताजा होकर आईपीएल में उतरे हैं। अभी तक दस से ऊपर की इकॉनामी से दस विकेट ले चुके स्टार्क दिल्ली के तेज आक्रमण की अगुवाई कर रहे हैं जिसमें मुकेश कुमार और मोहित शर्मा भी हैं।




उनके सामने अब गुजरात टाइटंस के शीर्षक्रम पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी होगी जिसमें कप्तान शुभमन गिल, साइ सुदर्शन, जोस बटलर शामिल हैं। अब तक इन तीनों ने बल्लेबाजी का दारोमदार संभाल रखा है। गुजरात के मध्यक्रम को किसी कठिन परीक्षा से गुजरना नहीं पड़ा और जब लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ इसकी नौबत आई तो वे नाकाम रहे। दिल्ली अगर गुजरात के शीर्षक्रम को जल्दी रवाना कर देती है तो मध्यक्रम की कमजोरी की कलई फिर खुल जायेगी। दूसरी ओर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में औसत प्रदर्शन और चैम्पियंस ट्रॉफी विजेता भारतीय टीम से बाहर रहने के बाद सिराज ने ब्रेक में अपनी कमियों पर काफी मेहनत की है और नतीजे सामने हैं। सिराज अभी तक 8 . 50 की इकॉनामी से दस विकेट ले चुके हैं। खासकर पावरप्ले में उनका प्रदर्शन शानदार रहा। अब उनके सामने खराब फॉर्म में चल रहे दिल्ली के सलामी बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और प्रतिभाशाली अभिषेक पोरेल होंगे। उनके नाकाम रहने पर दिल्ली के लिये रन बनाने का जिम्मा केएल राहुल और करूण नायर पर होगा। घरेलू क्रिकेट में गुजरात के लिये खेलने वाले दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल अपने घरेलू मैदान पर छाप छोड़ना चाहेंगे। दोनों टीमों के पास बेहतरीन स्पिन गेंदबाज हैं। गुजरात के पास साइ किशोर और राशिद खान हैं तो दिल्ली की टीम में कुलदीप यादव और विपराज निगम हैं। कुलदीप का खेलना अभी तय नहीं है क्योंकि पिछले मैच में उनके कंधे पर चोट लगी थी और उनकी फिटनेस पर कोई अपडेट नहीं है। **टीमें : गुजरात टाइटंसः** बी साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), शाहरुख खान, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव, निशांत सिंधु, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएत्ज़ी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़, करीम जनत। **दिल्ली कैपिटल्सः** अक्षर पटेल (कप्तान), फाफ डु प्लेसी, करुण नायर, समीर रिजवी, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आशुतोष शर्मा, केएल राहुल, अभिषेक पोरेल, डोनोवन फरेरा, ट्रिस्टिन स्टब्स, माधव तिवारी, त्रिपुराना विजय, मनवंत कुमार, विप्रज निगम, अजय मंडल, दर्शन नालकंडे, मुकेश कुमार, मोहित शर्मा, टी नटराजन, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव।

# राजस्थान रॉयल्स को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ जीत की जरूरत

जयपुर। प्रदर्शन में निरंतरता के लिये जूझ रही राजस्थान रॉयल्स लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में लगातार तीन हार के सिलसिले को तोड़ने के इरादे से उतरेगी।



सात मैचों में महज दो जीत के बाद रॉयल्स तालिका में आठवें स्थान पर है। पिछले मैच में उसे दिल्ली कैपिटल्स ने सुपर ओवर में हराया था। रॉयल्स को इस हार को भुलाकर अब ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ टीम पर जीत के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करनी होगी।

गेंदबाजी और बल्लेबाजी में निरंतरता के अभाव से जूझ रही रॉयल्स टीम लय नहीं पकड़ पाई है। कप्तान संजू सैमसन पिछले मैच में बाजू में खिंचाव के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए हालांकि बाद में उन्होंने कहा कि वह ठीक महसूस कर रहे हैं। रॉयल्स की बल्लेबाजी अभी तक नाकाम रही है और मध्यक्रम दबाव में चल नहीं पाया है। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने हालांकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अर्धशतक लगाकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिये हैं लेकिन देखना होगा कि क्या वे इस लय को कायम रख पाते हैं। पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 66 रन बनाने के बाद से सैमसन का बल्ला भी खामोश है। उनके और जायसवाल के फॉर्म पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। रॉयल्स के बल्लेबाजों का सामना शार्दुल ठाकुर, आवेश खान, दिग्वेश राठी और रवि बिश्नोई जैसे गेंदबाजों से होगा। रियान पराग और ध्रुव जुरेल भी खास योगदान नहीं दे पाये हैं। नीतिश राणा ने पिछले मैच में 51 रन बनाये और टीम को उनसे इस लय को बरकरार रखने की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर फॉर्म में लौट रहे हैं लेकिन संदीप शर्मा को छोड़कर बाकी गेंदबाज महंगे साबित हुए हैं। दूसरी ओर पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स से हारने के बावजूद लखनऊ बेहतर स्थिति में है। सात में से चार मैच जीतकर टीम पांचवें स्थान पर है। लखनऊ के बल्लेबाजों खासकर निकोलस पूरन (सात मैचों में 357 रन) और मिचेल मार्श (छह मैचों में 295 रन) ने धमाल मचा रखा है। बल्लेबाजों की सूची में पूरन पहले और मार्श तीसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के एडेन माक्ररम ने भी रन बनाये हैं हालांकि उनके हमवतन डेविड मिलर अभी तक कुछ खास नहीं कर पाये हैं। चेन्नई के खिलाफ कप्तान पंत ने भी 49 गेंद में 63 रन बनाकर हाथ खोले हालांकि टीम को जीत नहीं दिला सके। शुरूआत में लखनऊ की कमजोर कड़ी उसके गेंदबाज थे लेकिन उन्होंने अपनी गलतियों से सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन किया है। भारत के सबसे तेज गेंदबाज मयंक यादव टीम से जुड़ गए हैं हालांकि टीम प्रबंधन सेंटर आफ एक्सीलैंस से उनके फिटनेस सर्टिफिकेट का इंतजार कर रहा है।

**टीमें : लखनऊ सुपर जाइंट्सः** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडेन मार्करम, आर्यन जुयाल (विकेटकीपर), हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़्के, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हैंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, शार्दुल ठाकुर, अवेश खान, आकाश दीप, मणिमारन सिद्धार्थ, दिग्वेश राठी, आकाश सिंह, शमर जोसेफ। प्रिंस यादव, मयंक यादव, रवि बिश्नोई।

**राजस्थान रॉयल्सः** संजू सैमसन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभम दुबे, नितीश राणा, रियान पराग, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, जोफ्रा आर्चर, महीश तीक्षाना, तुषार देशपांडे, संदीप शर्मा, फजल हक फारूकी, कुणाल सिंह राठौड़, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय, क्वेन मफाका, वानिंदु हसरंगा, युद्धवीर सिंह चरक, अशोक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी।

मैच शाम 7.30 बजे से शुरू होगा।

# ईपीएफओ में बड़े पैमाने पर डिजिटल बदलाव

## मई-जून में नया आईटी मंच शुरू होगा: मनसुख मांडविया

रांची। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) नौ करोड़ से अधिक लाभार्थियों के वास्ते सेवाएं व्यापक करने के लिए बड़े डिजिटल बदलाव की तैयारी कर रहा है और इसका संस्करण 3.0 मई या जून तक शुरू किया जाएगा।

मांडविया ने साक्षात्कार में कहा कि आने वाले दिनों में ईपीएफओ लाभार्थी नए संस्करण 3.0 पर दावों के तेजी से निपटान के कारण एटीएम से राशि निकाल सकेंगे। उन्होंने कहा कि ईपीएफओ जल्द ही एक मजबूत आईटी मंच का संस्करण 3.0 लागू करेगा, जिससे स्वतः दावा निपटान, डिजिटल सुधार और एटीएम आधारित धन निकासी सहित निर्बाध और सरलीकृत सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। इस बदलाव का उद्देश्य ईपीएफओ को सुलभ और कुशल बनाना है। मांडविया के अनुसार, नए संस्करण में जटिल और लंबी, आवेदन भरने की प्रक्रिया या दावों और सुधारों के लिए कार्यालय में जाने की जरूरत समाप्त हो जाएगी। लाभार्थी ओटीपी सत्यापन का उपयोग करके अपने ईपीएफओ खातों और अनुरोध को अपडेट करने और अपनी पेंशन पात्रता की निगरानी करने या धन निकालने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि दावों के त्वरित निपटान के कारण धनराशि शीघ्र ही लाभार्थी के बैंक खाते में उपलब्ध हो जाएगी। मांडविया ने बताया कि ईपीएफओ के पास वर्तमान में सरकार की गारंटी के साथ 27 लाख करोड़ रुपये का कोष है और वह 8.25 प्रतिशत ब्याज देता है। पहले से लागू केंद्रीयकृत पेंशन भुगतान प्रणाली से 78 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को लाभ मिलता है, क्योंकि इससे उन्हें देश भर में किसी भी बैंक खाते में पेंशन प्राप्त करने की सुविधा मिलती है, तथा इससे पहले नामित क्षेत्रीय बैंकों में खाते रखने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। मंत्री ने कहा कि सरकार पेंशन कवरेज को सुव्यवस्थित और मजबूत करने के लिए अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना और श्रमिक जन धन योजना सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के एकीकरण पर भी विचार कर रही है। मांडविया ने श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य सेवा सुलभ कराने के लिए कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के लाभार्थी जल्द ही आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों में मुफ्त चिकित्सा उपचार प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा, सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करने के लिए नामित निजी परमार्थ अस्पतालों को भी इसके दायरे में लाया जाएगा। मौजूदा समय में ईएसआईसी 165 अस्पतालों, 1,500 से अधिक औषधालयों और लगभग 2,000 सूचीबद्ध अस्पतालों के माध्यम से लगभग 18 करोड़ लोगों को मुफ्त चिकित्सा प्रदान करता है। मांडविया ने कहा कि ईपीएफओ ने संस्करण 2.01 के लागू होने के बाद अपनी शिकायत निवारण प्रणाली में उल्लेखनीय सुधार किया है, जिससे शिकायतें आधे से भी कम हो गई हैं। उन्होंने कहा कि ईपीएफओ 3.0 की शुरूआत के साथ, संगठन का लक्ष्य सुलभता और दक्षता में और सुधार करना है केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्ष 2024-25 में, ईपीएफओ ने नियोक्ताओं द्वारा दाखिल 1.25 करोड़ इलेक्ट्रॉनिक चालान सह रिटर्न (ईसीआर) के माध्यम से 3.41 लाख करोड़ रुपये से अधिक का अंशदान एकत्र किया। मंत्री ने अल्पकालिक कर्मियों और ऑनलाइन मंचों से जुड़े श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि उनकी वर्तमान संख्या एक करोड़ से अधिक है और अगले पांच वर्षों में दोगुनी होने की उम्मीद है।




# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अगर विस्तार हुआ तो भारत प्रमुख दावेदार: आईजीएन प्रमुख



संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार पर अंतरसरकारी वार्ता (आईजीएन) के अध्यक्ष ने बृहस्पतिवार को कहा कि यदि विश्व निकाय के सुरक्षा परिषद के विस्तार पर निर्णय लिया जाता है तो निश्चित रूप से भारत इसका एक प्रमुख दावेदार होगा।

राजदूत तारिक अलबनई ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जाहिर है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अगर सुधार किया जाता है, तो उसका उद्देश्य यह होना चाहिए कि वह सभी देशों का सही प्रतिनिधित्व करे। उन्होंने कहा कि भारत आज वैश्विक मंच पर एक अहम और बड़ा देश है। उन्होंने कहा लेकिन संयुक्त राष्ट्र में कुल 193 देश हैं। इसलिए सुधार करते समय यह देखा जाना चाहिए कि हर देश की आवाज सुनी जाए और सभी सदस्य देशों को प्रतिनिधित्व मिले, न कि सिर्फ कुछ बड़े और ताकतवर देशों को ही जगह दी जाए। संयुक्त राष्ट्र में अलबनई कुवैत के स्थायी प्रतिनिधि हैं। एक सवाल के जवाब में अलबनई ने कहा कि यदि यह निर्णय लिया जाता है कि परिषद के सदस्यों की संख्या 21 से बढ़ाकर 27 की जाएगी, तो निश्चित रूप से भारत इसमें प्रमुख दावेदार होगा। उन्होंने याद किया कि पिछले साल उन्होंने और ऑस्ट्रिया के सह-अध्यक्ष राजदूत अलेक्जेंडर मार्शिक ने भारत का दौरा किया था और वहां संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार के मुद्दे पर उच्चतम स्तर पर बातचीत की थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा के वर्तमान 79वें सत्र के दौरान आईजीएन प्रक्रिया में हुई प्रगति पर अद्यतन जानकारी देते हुए राजदूत ने कहा कि सुधार का मार्ग निस्संदेह जटिल है, लेकिन हम आगे बढ़ने की दिशा में स्थिर और सार्थक कदम उठा रहे हैं।

## संक्षेप

### बांग्लादेश की पूर्व ब्यूटी क्वीन पर सऊदी अरब के राजनयिक को ब्लैकमेल करने का आरोप

ढाका। बांग्लादेश पुलिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि ढाका में सऊदी अरब के पूर्व राजदूत को मोहपाश में फंसा कर 50 लाख अमेरिकी डॉलर ठगने की कोशिश के आरोप में एक पूर्व ब्यूटी क्वीन को हिरासत में लिया गया है। वहीं पूर्व ब्यूटी क्वीन ने आरोप को खारिज करते हुए दावा किया कि राजनयिक उससे शादी करना चाहता था। पुलिस ने ढाका की एक अदालत में दायर याचिका में कहा कि मेघना आलम, उनके करीबी सहयोगी दीवान समीर और दो-तीन अन्य लोग विदेशी राजदूतों को खूबसूरत लड़कियों के साथ प्रेम जाल में फंसाने में संलिप्त थे। पुलिस ने हालांकि सऊदी राजनयिक या किसी अन्य दूत का नाम नहीं बताया लेकिन कहा कि उसे (महिला) देश की सुरक्षा में बाधा डालने और देश के वित्तीय हितों को नुकसान पहुंचाने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। मॉडल एवं मिस अर्थ रह चुकीं आलम (30) एक धर्मार्थ संस्था भी संचालित करती हैं और शुरुआत में उन्हें विवादास्पद विशेष शक्तियां अधिनियम के तहत बिना किसी आरोप के हिरासत में लिया गया था। यह अधिनियम पुलिस को किसी संदिग्ध को कई महीनों तक हिरासत में रखने की अनुमति देता है।

# अमृतपाल की रासुका के तहत हिरासत अवधि बढ़ सकती है एक साल तक

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने कट्टरपंथी उपदेशक और खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल सिंह की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत अवधि एक साल के लिए बढ़ाने का फैसला किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सिंह (32) वर्तमान में असम के डिब्रूगढ़ की जेल में बंद है और 23 अप्रैल, 2023 को उसकी गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत में लिया गया था। इससे पहले, राज्य सरकार ने सिंह के नौ सहयोगियों की हिरासत अवधि नहीं बढ़ाई थी, जिन्हें डिब्रूगढ़ जेल से पंजाब वापस लाया गया है। पंजाब के अजनाला पुलिस थाने पर 2023 में किये गये हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए अमृतपाल के नौ साथियों को रासुका के तहत हिरासत समाप्त होने के बाद अलग-अलग पंजाब वापस लाया गया था। इन अरोपियों में बसंत सिंह, भगवंत सिंह उर्फ प्रधानमंत्री बाजेके, गुरमीत सिंह गिल उर्फ गुरमीत बुक्कनवाला, सरबजीत सिंह कलसी उर्फ दलजीत सिंह कलसी, गुरिंदरपाल सिंह औजला उर्फ गुरी औजला, हरजीत सिंह उर्फ चाचा, कुलवंत सिंह धालीवाल उर्फ कुलवंत सिंह, वरिंदर जोहल एवं पप्पलप्रीत सिंह के रूप में हुई है।

# नक्सली आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में हों शामिल



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी भूमिगत नक्सलियों से यथाशीघ्र आत्मसमर्पण करने और मुख्यधारा में शामिल होने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार 31 मार्च 2026 से पहले देश को नक्सलवाद के अभिशाप से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

शाह ने कहा कि कोबरा कमांडो और छत्तीसगढ़ पुलिस ने राज्य के बीजापुर जिले में संचालित विभिन्न अभियानों में आधुनिक हथियारों और विस्फोटक सामग्री के साथ 22 कुख्यात नक्सलियों को गिरफ्तार किया है उन्होंने कहा कि सुकमा के बड़ेसेट्टी पंचायत में 11 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिससे यह पंचायत पूरी तरह नक्सल-मुक्त हो गई है। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा, छिपे हुए नक्सलियों से मेरी अपील है कि मोदी सरकार की आत्मसमर्पण नीति को अपनाकर यथाशीघ्र हथियार डालें और मुख्यधारा में शामिल हों। इकत्तीस मार्च 2026 से पहले हम देश को नक्सलवाद के दंश से मुक्त करने के लिए संकल्पित हैं। गृहमंत्री ने मध्य प्रदेश के नीमच में बृहस्पतिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नक्सलवाद अब भारत के सिर्फ चार जिलों तक सीमित रह गया है। नक्सलवाद भारत के सिर्फ चार जिलों तक सीमित रह गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 31 मार्च 2026 तक देश से यह समस्या समाप्त हो जाएगी। सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) और सीआरपीएफ, विशेषकर इसकी कोबरा बटालियन देश से नक्सलवाद को खत्म करने में प्रमुख भूमिका निभा रही है।

# गाजा में इजराइल के हवाई हमले में 17 लोग मारे गये



दीर अल-बला (गाजा पट्टी)। गाजा में शुक्रवार तड़के इजराइली हवाई हमले में बच्चों सहित कम से कम 17 लोग मारे गए। चिकित्सा कर्मियों ने यह जानकारी दी। इंडोनेशियाई अस्पताल के चिकित्सा कर्मियों ने बताया कि मृतकों में शामिल 10 लोग जबालिया शरणार्थी शिविर से हैं। उनके शव अस्पताल लाये गए थे।

वहीं, नासिर अस्पताल के कर्मियों ने बताया कि दक्षिणी शहर खान यूनिस में सात लोग मारे गए, जिनमें एक गर्भवती महिला भी शामिल है। ये सातों शव इस अस्पताल में लाये गए थे। इजराइली हमले तेज होने के बाद गाजा में एक दिन पहले दो दर्जन से अधिक लोग मारे गए थे। इजराइल में नियुक्त अमेरिका के राजदूत माइक हकाबी शुक्रवार को वेस्टर्न वाल पहुंचे जो यरूशलम के पुराने शहर में यहुदियों का एक प्रमुख प्रार्थना स्थल है। हकाबी ने दीवार पर एक प्रार्थना पत्र को भी संलग्न किया जिस बारे में उन्होंने बताया कि इसे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने हाथों से लिखा है। हकाबी ने बताया कि ट्रंप ने उन्हें यरूशलम में शांति के लिए उनके प्रार्थना पत्र को लेकर जाने को कहा था। हकाबी ने यह भी कहा कि हमास की गिरफ्त में मौजूद शेष सभी बंधकों को वापस लाने के लिए हर कोशिश की जा रही है। गाजा में 18 महीने से जारी युद्ध के महत्वपूर्ण समय में हकाबी का आगमन हुआ है। अमेरिका सहित अंतराष्ट्रीय मध्यस्थ युद्ध विराम को फिर से पटरी पर लाना चाहते हैं। इजराइल की मांग है कि हमास कोई युद्ध विराम शुरू होने से पहले और भी बंधकों की रिहाई करे और आखिरकार क्षेत्र को खाली करने के लिए सहमत हो। इजराइल ने कहा है कि उसकी योजना गाजा के अंदर बड़े सुरक्षा क्षेत्रों पर अपना नियंत्रण स्थापित करने की है। हमास के वार्ता प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख खलील अल-हय्या ने बृहस्पतिवार को कहा था कि समूह ने इजराइल के नवीनतम प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। उन्होंने हमास के इस रुख को दोहराया कि वह और भी फलस्तीनी कैदियों की रिहाई, गाजा से इजराइली सैनिकों की पूर्ण वापसी और एक स्थायी युद्ध विराम के बदले में ही बंधकों को मुक्त करेगा।

# नासिक की दरगाह गिराने पर रोक



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने हजरत सातपीर सैयद बाबा दरगाह को ढहाने संबंधी नासिक नगर निकाय के नोटिस पर अंतरिम रोक लगा दी है और दरगाह की याचिका को सूचीबद्ध न करने पर बंबई उच्च न्यायालय से रिपोर्ट मांगी है।

सूत्रों ने बताया कि न्यायालय की सुनवाई से कुछ घंटे पहले नगर निकाय के कर्मियों ने इस ढांचे को गिरा दिया था। नासिक के काठे गली में स्थित दरगाह के खिलाफ नगर निकाय की कार्वाई कथित तौर पर 15 और 16 अप्रैल की मध्यरात्रि में की गई थी। न्यायालय में सुनवाई 16 अप्रैल को हुई। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची की पीठ ने इस बात का संज्ञान लिया कि याचिका सात अप्रैल को उच्च न्यायालय के समक्ष दायर की गई थी, लेकिन उस पर सुनवाई नहीं हुई। पीठ ने आदेश दिया, इस बीच, जैसा कि अनुरोध किया गया है, प्रतिवादी संख्या एक- नासिक नगर निगम द्वारा जारी एक अप्रैल 2025 के नोटिस पर रोक रहेगी। पीठ ने मामले की सुनवाई 21 अप्रैल के लिए स्थगित कर दी। दरगाह प्रबंधन का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता नवीन पाहवा ने दावा किया कि तमाम प्रयासों के बावजूद मामला उच्च न्यायालय में सूचीबद्ध नहीं किया गया, जिसके बाद उच्चतम न्यायालय ने यह असाधारण कदम उठाया। पीठ ने 16 अप्रैल के अपने आदेश में कहा कि हमने वरिष्ठ अधिवक्ता के इस विशिष्ट बयान के मद्देनजर यह असाधारण कदम उठाया है कि मामले को सूचीबद्ध करने के लिए हर दिन प्रयास किए गए थे। हम इस बयान को लेकर अनिश्चित हैं कि उच्च न्यायालय ने बार-बार अनुरोध किए जाने के बावजूद मामले को सूचीबद्ध नहीं किया होगा।

# सिंगापुर के रक्षा मंत्री ने दिया इस्तीफा तीन को होने वाले चुनाव में नहीं लेंगे भाग

सिंगापुर। सिंगापुर के रक्षा मंत्री एनजी इंग हेन ने शुक्रवार को पद से इस्तीफा दे दिया और राजनीति छोड़ने की घोषणा की। इस प्रकार वह पहले ऐसे मंत्री बन गए हैं जिनके बारे में पुष्टि हो गई है कि वह तीन मई को होने वाले आम चुनाव की दौड़ में नहीं हैं। हेन (66) ने कहा कि नये लोगों को आगे लाना सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) का एक प्रमुख उद्देश्य रहा है और यही कारण है कि वह युवा चेहरों के लिए अपने कदम पीछे खींच रहे हैं, जैसा कि उनके पूर्ववर्तियों ने किया था। चैनल न्यूज एशिया ने उनके हवाले से अपनी खबर में कहा, मुझे लगता है कि यह एक ऐसी विशेषता है कि पीएपी खुद को नवीनीकृत करने के लिए इस तरह के कदम उठाती रही है और हम उन उदाहरणों का अनुकरण करते हैं जो हमने तब देखे थे जब हम राजनीति में नये आये थे। पूर्व कैंसर विशेषज्ञ डॉ. हेन ने दो दशक से भी अधिक समय पहले 2001 में राजनीति में प्रवेश किया था। वह 2011 से रक्षा मंत्री हैं। इससे पहले वह शिक्षा और जनशक्ति मंत्रालय संभाल चुके हैं। हेन 2011 से 2015 के बीच सदन के नेता भी रहे। उन्होंने तेजी से जटिल होते सुरक्षा माहौल में सिंगापुर की सैन्य रणनीति का मार्गदर्शन किया और पांच बार संसद सदस्य के रूप में कार्य किया। स्वतंत्रता के बाद से सिंगापुर पर शासन कर रही पीएपी आगामी आम चुनाव में 32 नये उम्मीदवारों को मैदान में उतार रही है।

## इंटरटेनमेंट...

# मेरे लिए वरदान थे ओम पुरी : सीमा कपूर



नयी दिल्ली। फिल्म निर्माता-लेखक सीमा कपूर का अपने दिवंगत पति और प्रतिष्ठित अभिनेता ओम पुरी के बारे में कहना है कि वह उन्हें अपने जीवन के लिए अभिशाप नहीं, बल्कि वरदान मानती हैं।

सीमा कपूर ने अपनी आत्मकथा यूं गुजरी है अब तलक में इसी संदर्भ में लिखा है, कई बार आपको जब कोई धक्का लगता है तभी आपको अपनी ताकत और मजबूती का एहसास होता है। मेरे जीवन में अगर वो पीड़ाएँ नहीं होतीं तो शायद मैं वहाँ नहीं होती, जहाँ आज हूँ। ओम पुरी से अल्पकालिक विवाह, फिर उनका दूसरी शादी करना और 14 वर्षों बाद फिर से उसी सीमा के पास लौट आना-सीमा कपूर ने किताब में यह सब साझा किया है। क्या आत्मकथा लिखने के दौरान कुछ ऐसे कड़वे सच भी सामने आए, जिन्हें लिखते हुए उन्हें स्वयं डर लगा हो, इस सवाल के जवाब में सीमा कपूर ने पीटीआई भाषा से कहा, हां, ऐसा कई बार हुआ। लेकिन मैंने उन सभी कड़वे सच को भी पूरी ईमानदारी के साथ लिखा है। एक सवाल के जवाब में सीमा कपूर ने कहा लौट कर आने के बाद कोई दिन ऐसा नहीं गया, जब ओम पुरी ने माफी न मांगी हो। वो हर रोज सॉरी कहते थे। आत्मकथा पढ़ते हुए ऐसे लगता है कि जैसे यह किसी एक स्त्री की नहीं, बल्कि अनेक स्त्रियों की आत्मकथा है और ऐसी आत्मकथा लिखने में बहुत साहस की जरूरत होती है। अपनी आत्मकथा यूं गुजरी है अब तलक पर एक चर्चा में भाग लेते हुए सीमा कपूर ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि उन्होंने अपने जीवन के सबसे निजी और संवेदनशील अनुभवों को बड़ी संजीदगी, धैर्य और साफ़गोई के साथ किताब में साझा किया है। राजकमल प्रकाशन द्वारा प्रकाशित आत्मकथा पर इंडियन वुमन प्रेस कोर में आयोजित चर्चा के दौरान सीमा कपूर ने अपने बचपन से लेकर अब तक के जीवन से जुड़े कई किस्से सुनाए।

दिवंगत अभिनेता ओम पुरी के साथ अपने वैवाहिक जीवन से जुड़ी निजी स्मृतियों से लेकर एक स्त्री के आत्म-निर्माण तक की यह यात्रा केवल आत्मकथ्य नहीं, बल्कि मानव संबंधों की जटिलता और स्त्री-स्वत्व की सशक्त अभिव्यक्ति है। इस किताब में सीमा कपूर ने पारसी थियेटर में बीते अपने बचपन की यादों से लेकर सिनेमा के क्षेत्र में अपने करियर और सिनेमा से जुड़े अन्य लोगों के साथ अपने संबंधों के बारे में खुलकर लिखा है।

# करण जौहर ने अफवाहों को खारिज किया

नयी दिल्ली। फिल्म निर्माता करण जौहर ने उन अफवाहों को खारिज कर दिया कि जिसमें कहा जा रहा है कि उन्होंने अपने नए लुक के लिए वजन घटाने की दवा ली थी। जौहर ने कहा कि उन्होंने कसरत के जरिये वजन घटाया है। जौहर ने बृहस्पतिवार को इंस्टाग्राम लाइव में वजन घटाने के लिए किसी भी दवा के सेवन की अफवाह को खारिज किया। उन्होंने कहा यह बेहद मेहनत का काम है और यह दवा से नहीं हुआ है जैसा कि अफवाहों में कहा जा रहा है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि मैं पूरी तरह स्वस्थ हूं। मैंने कभी इतना खुश, तरोताजा महसूस नहीं किया। मैंने अपना वजन सही तरीके से घटाया है। मैं नए जोश और उत्साह के साथ काम करने के लिए तैयार हूं। हां मुझे यह पसंद है। फिल्म निर्माता ने बताया कि उन्हें पता चला कि रक्त स्तर को सही करने की जरूरत है तभी से वजन घटाना शुरू कर दिया।

# सनी देओल और रणदीप हुड्डा के खिलाफ दर्ज हुई प्राथमिकी



जालंधर। जाट फिल्म के एक दृश्य को लेकर अभिनेता सनी देओल, रणदीप हुड्डा और तीन अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, शिकायत में आरोप लगाया गया है कि फिल्म के एक दृश्य से ईसाई समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। पुलिस ने बताया कि यह शिकायत विकलव गोल्ड नाम के, ईसाई समुदाय के एक नेता ने दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 10 अप्रैल को रिलीज हुई जाट फिल्म में ऐसे दृश्य हैं जो ईसा मसीह और ईसाई धार्मिक प्रथाओं का अपमान करते हैं। शिकायत में यह भी सवाल उठाया गया कि फिल्म को गुड फ्राइडे (18 अप्रैल) के आसपास क्यों रिलीज किया गया। जालंधर कैंट थाने के प्रभारी (एसएचओ) संजीव कुमार ने कहा कि अभिनेता सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार, निर्देशक गोपीचंद और निर्माता नवीन को मामले में नामजद किया गया है।

# शाहरुख खान से ज्यादा व्यस्त हूं मैं : अनुराग



नयी दिल्ली। फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर उन लोगों को करारा जवाब दिया, जो मानते हैं कि वह अब फिल्म उद्योग से दूर हो गए हैं। कश्यप ने कहा कि वह शाहरुख खान से भी ज्यादा व्यस्त हैं और इस साल उनकी पांच फिल्में रिलीज होने वाली हैं। कश्यप ने हाल में घोषणा की थी कि वह मुंबई छोड़कर दक्षिण भारत के शहर में बसने जा रहे हैं। उन्होंने अपने ताजा सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रोल को करारा जवाब दिया। प्रसिद्ध फिल्मकार कश्यप ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, मैंने सिर्फ शहर बदला है, फिल्म बनाना नहीं छोड़ा। जो लोग सोचते हैं कि मैं निराश हो चुका हूं और अब कहीं नहीं हूं, तो बता दूं कि मैं यहीं हूं और शाहरुख खान से भी ज्यादा व्यस्त हूं (मुझे होना भी चाहिये, क्योंकि मैं उतने पैसे नहीं कमाता)। कश्यप ने कहा मेरे पास 2028 तक समय नहीं है। उम्मीद है कि इस साल मेरे निर्देशन में बनी पांच फिल्में प्रदर्शित होंगी या अभी तीन और अगले साल की शुरुआत में दो फिल्में आएंगी। मैं इतना व्यस्त हूं कि एक दिन में तीन परियोजनाओं को मना कर देता हूं। कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म केनेडी (2023) का कान फिल्म महोत्सव में प्रीमियर हुआ था। फिल्म में मेघा बर्मन, सनी लियोनी और राहुल भट्ट ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म अभी सिनेमाघरों में प्रदर्शित नहीं हुई है। वह बतौर अभिनेता 2024 में महाराजा और राइफल क्लब जैसी फिल्मों में दिखे थे। वहीं फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने समाज सुधारक ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित फिल्म फुले को लेकर हो रहे विरोध की आलोचना करते हुए कहा कि भारत में जातिगत मुद्दों को दर्शाने वाली फिल्मों पर प्रतिबंध क्यों लगाया जाता है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com